# NAS प्रश्न बैंक

## कक्षा - 8

## हिन्दी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्,उदयपुर

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**संरक्षक**

**डॉ. आर. वैंकटेश्वरन**
प्रमुख शासन सचिव
स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान सरकार

**श्री प्रदीप कुमार बोरड़**
आयुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

**श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता**
राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्री ओम प्रकाश कसेरा**
निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर
राजस्थान

**श्री नथमल डिडेल**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
राजस्थान

**मुख्य मार्गदर्शक**

**श्री जगमोहन सिंह**
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**मार्गदर्शक**

**श्रीमती देवलता**
प्रोफेसर I
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**श्रीमती सुशीला नागोरी**
प्रोफेसर II
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**प्रभारी**

**श्रीमती नीलिमा शर्मा**
एसोसिएट प्रोफेसर
रा.रा.शै.अ.प्र.प., उदयपुर

**आवरण एवं पृष्ठ सज्जा**

**श्री हेमन्त आमेटा**
एसिस्टेंट प्रोफेसर
रा.रा.शै.अ.प्र.प., उदयपुर

**प्रकाशन वर्ष :** 2019



# आमुख

विद्यार्थी की गुणवत्तायुक्त शिक्षा को सुनिश्चित करने के सन्दर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार इस बात पर बल दिया जा रहा है कि बालकों के अधिगम का नियमित अंतराल पर आकलन किया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इस सन्दर्भ में शिक्षा व्यवस्था की रचना में अधिगम प्रतिफल एक प्रभावी साधन है, जिसे ध्यान में रखकर सीखने के स्तर से सम्बन्धित निर्धारित मानदण्डों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है, जिसकी क्रियान्विति विद्यालय स्तर पर भी की जा रही है ताकि शिक्षा को अधिक सुदृढ़ एवं गुणक्तायुक्त बनाया जा सके। साथ ही विषयाध्यापक भी विद्यार्थियों के लिए विषय आधारित सीखने के कौशलों को सुनिश्चित करें एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु प्रभावी प्रयास करें, इस हेतु भी पर्याप्त मार्गदर्शन एवं निर्देशन दिया जा रहा है।

निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने को सुनिशिचित करने एवं बालकों के शैक्षिक स्तर को जाँचने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सीखने के प्रतिफल' के माध्यम से परिभाषित किया गया है, जिसका आधार NCERT की गाइड लाइन है। राष्ट्रीय स्तर पर सीखने के प्रतिफलों पर आधारित सर्वे राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के द्वारा किया जाता है। अतः कक्षा 3, 5 व 8 के विषयों की अधिगम क्षमता को अभिवर्द्धित करने हेतु सीखने के प्रतिफल आधारित प्रश्न बैंक का निर्माण विषय–विशेषज्ञों के द्वारा किया गया है।

इस प्रश्न बैंक को आपको सौंपते हुए हर्ष है कि गतिविधि आधारित शिक्षण के विकसित होते समय यह कारगर उपलब्धियाँ हासिल करेगा।

यह प्रश्न बैंक कक्षा 3, 5 व 8 के विद्यार्थियों के लिए आगामी NAS की तैयारी हेतु उपयोगी साबित होगा, ऐसा विश्वास है। प्रश्न बैंक संबंधी शिक्षकों के मूल्यवान सुझाव भी आमंत्रित हैं। यह बैंक पूरे राज्य के शिक्षा जगत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसी आशा की जाती है।

**जगमोहन सिंह RAS**
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

# अनुक्रमणिका (कक्षा 8)


| क्र.सं. | विषय | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | प्रश्न 1 से 188 | 1—22 |
| | | उत्तरमाला | 23 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 24—28 |
| 2. | गणित | प्रश्न 1 से 190 | 29—50 |
| | | उत्तरमाला | 51 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 52—54 |
| 3. | विज्ञान | प्रश्न 1 से 200 | 55—75 |
| | | उत्तरमाला | 76 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 77—80 |
| 4. | सामाजिक विज्ञान | भूगोल प्रश्न 1 से 75 | 81—87 |
| | | उत्तरमाला | 88 |
| | | राजनीतिक जीवन में प्रश्न 1 से 75 | 89—94 |
| | | उत्तरमाला | 95 |
| | | इतिहास प्रश्न 1 से 70 | 96—100 |
| | | उत्तरमाला | 101 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 102—104 |
| 5 | परिशिष्ट | सीखने के प्रतिफल कक्षा—8<br>हिन्दी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान | 105—114 |

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–8

# विषय – हिन्दी

# हिन्दी

## निम्न लिखित पद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक –तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाएँगे।

हम बहता जल पीने वाले
मर जाएँगे भूखे–प्यासे
कहीं भली है कटुक निबौरी
कनक–कटोरी की मैदा से।

स्वर्ण–श्रृंखला के बंधन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले,
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

ऐसे थे अरमान कि उड़ते
नीले नभ की सीमा पाने,
लाल किरण–सी चोंच खोले
चुगते तारक–अनार के दाने।

1. उक्त पद्यांश में किसकी व्यथा का वर्णन है ?
   (अ) पक्षी (ब) तरु (स) नीला नभ (द) अनार
2. पक्षियों के अरमान होते हैं–
   (अ) पिंजरबद्ध होना (ब) स्वर्ण श्रृंखला में रहना
   (स) नीले नभ में उड़ना (द) सपने देखना
3. कड़वी–निबौरी किससे अधिक अच्छी है ?
   (अ) पेड़ से (ब) कनक–कटौरी की मैदा से
   (स) तरु की फुनगी से (द) नीले नभ से
4. कनक से आशय है–
   (अ) सोना (ब) चाँदी (स) पीतल (द) लोहा
5. पक्षियों के स्वभाव से क्या मेल नहीं खाता है ?
   (अ) उन्मुक्त गगन में उड़ना (ब) बहता जल पीना
   (स) पिंजरबद्ध रहना (द) पेड़ों की डालियों पर झूलना
6. 'भूखे–प्यासे' शब्द में समास है–
   (अ) द्वंद्व समास (ब) अव्ययी भाव समास (स) बहुव्रीहि समास (द) तत्पुरूष समास

7. ''नीले नभ की सीमा पाने'' पंक्ति में कौनसा कारक है ?

(अ) संबंध कारक (ब) करण कारक (स) सम्प्रदान कारक (द) अपादान कारक

8. निम्नलिखित में संज्ञा शब्द नहीं है–

(अ) स्वर्ण–श्रृंखला (ब) कनक–कटोरी (स) तरु (द) लाल किरण

9. पक्षी का अपनी गति उड़ान सब भूलने का क्या कारण है ?

(अ) बंधन में रहना (ब) स्वच्छंद विचरण (स) सबके साथ रहना (द) शिकारी को देखकर

10. पक्षी उड़ते हुए किसकी सीमा पाना चाहता है ?

(अ) नभ की (ब) जल की (स) खेत की (द) भूमि की

11. उक्त पद्यांश का मूल भाव क्या है ?

(अ) पंछी की स्वतंत्रता (ब) पक्षी का पिंजरे में रहना

(स) नीला आसमान (द) कनक–कटोरी

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

अभी तक मैंने उन्हें दूर से देखा था। बड़ी गंभीर, शांत अपने आप में खोई हुई लगती थी। संभ्रांत महिला की भाँति वे प्रतीत होती थी। उनके प्रति मेरे दिल में आदर व श्रद्धा के भाव थे। माँ, दादी, मौसी और मामी की गोद की तरह उनकी धारा में डुबकियाँ लगाया करता।

परन्तु इस बार जब मैं हिमालय के कंधे पर चढ़ा तो वे कुछ और रूप में सामने थी। मैं हैरान था कि यही दुबली–पतली गंगा, यही यमुना, यही सतलुज समतल मैदानों में उतरकर विशाल कैसे हो जाती है।

सिंधु और ब्रह्मपुत्र ये दो ऐसे नाम हैं जिनके सुनते ही रावी, सतलुज, व्यास, चिनाब, झेलम काबुल, कपिशा, गंगा, यमुना, सरयू आदि हिमालय की छोटी–बड़ी सभी बेटियाँ आँखों के सामने नाचने लगती हैं। वास्तव में सिंधु और ब्रह्मपुत्र स्वयं कुछ नहीं है। दयालु हिमालय के पिघले हुए दिल की एक–एक बूँद न जाने कब से इकट्ठा होकर इन दो महानदों के रूप में समुद्र की ओर प्रवाहित होती रही है। कितना सौभाग्यशाली है वह समुद्र जिसे पर्वतराज हिमालय की इन दो बेटियों का हाथ पकड़ने का श्रेय मिला।

12. नदियों के स्वभाव से क्या मेल नहीं खाता–

(अ) शांत रहना (ब) गंभीर रहना (स) अपने आप में खोये रहना (द) उत्प्लवी होना

13. उक्त गद्यांश की विषय वस्तु किस पर आधारित है?

(अ) नदियों पर (ब) समुद्र पर (स) हिमालय पर (द) समतल मैदान

14. उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक हो सकता है–

(अ) हिमालय की बेटियाँ (ब) समुद्री किनारे (स) बर्फ का पिघलना (द) संभ्रांत महिला

15. लेखक की हैरानी का कारण था–

(अ) दुबली–पतली नदियों का विशाल हो जाना (ब) समतल मैदान

(स) लेखक का हिमालय के कंधे पर चढ़ना (द) नंगी पहाड़ियाँ

16. पर्वतराज हिमालय की दो बेटियाँ किसे कहा गया है ?

(अ) कपिशा और गंगा (ब) सिंधु और ब्रह्मपुत्र (स) चिनाब और झेलम (द) यमुना और सरयू

17. संभ्रांत महिला का दर्जा किसे दिया गया?

(अ) महिलाओं को (ब) बालिकाओं को (स) नदियों को (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. 'हिमालय' शब्द का संधि–विच्छेद होगा–

(अ) हिम+आलय (ब) हिमा+आलय (स) हिम+अलय (द) हिम्+आलय

19. 'पिघला हुआ दिल' किसका बताया है ?

(अ) गंगा का (ब) हिमालय का (स) ब्रह्मपुत्र का (द) सिंधु का

20. उक्त गद्यांश में किस नदी का वर्णन नहीं किया गया है ?

(अ) सरस्वती (ब) यमुना (स) गंगा (द) रावी

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मावजी की मुख्य गादी साबला में है। मावजी के बाद उनकी पुत्रवधु जनकुँवरी गादी पर बैठी। वह लगभग 80 साल तक गादीपति रही। उन्होंने ही हरि मंदिर बनवाया था। कहा जाता है कि यह वह स्थान है जहाँ मावजी महाराज बैठकर अपनी साधना करते, बाँसुरी बजाते और गायें चराते थे। बेणेश्वर टापू पर वागड़ क्षेत्र के लोगों ने ब्रह्माजी का मंदिर भी बनवाया है। इस प्रकार यहाँ त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) के मंदिर हैं। साबला गादी के महंत जी ने हरिमंदिर पर झंडा फहराकर मेले की शुरूआत की।

बेणेश्वर टापू पर चहल–पहल बढ़ गई थी। आदमी ही नहीं औरतें भी! बालक ही नहीं बालिकाएँ भी! जवान ही नहीं बूढ़े भी! गरीब ही नहीं अमीर भी! सब तरह के लोग थे। अब तो यहाँ विदेशी पर्यटक भी खूब आने लगे हैं।

मेला स्थल पर दुकाने और मनोरंजन के भरपूर साधन थे। दुकानों में खेती और गृहस्थी के लिए आवश्यकता की सभी वस्तुएँ थीं। वहाँ बच्चों के लिये गुब्बारे और खिलौने, धनुष–तीर, झूले–चकरी, सर्कस–मदारी तथा जादू के खेल भी थे। सब उनका आनंद ले रहे थे। मेले में पुलिस विभाग के कर्मचारी तथा बालचर अपनी सेवाएँ दे रहे थे।

21. मावजी की मुख्य गादी स्थित है–

(अ) बेणेश्वर (ब) साबला (स) बाँसवाडा (द) डूँगरपुर

22. हरिमंदिर किसने बनवाया ?

(अ) महंत जी ने (ब)मावजी ने (स) जनकुँवरी जी ने (द) इनमें से कोई नहीं

23. बेणेश्वर में चहल–पहल बढ़ने का क्या कारण था ?

(अ) वहाँ सर्कस हो रहा था (ब) वहाँ मेला चल रहा था

(स) मनोरंजन हो रहा था (द) उपर्युक्त सभी

24. बच्चे मेले का आनंद कैसे ले रहे थे ?

(अ) गुब्बारे व खिलौने लेकर (ब) मदारी व जादू के खेल देखकर

(स) झूले, चकरी व सर्कस से (द) उपर्युक्त सभी से

25. त्रिदेव किसे कहा गया है ?

(अ) ब्रह्मा (ब) विष्णु (स) महेश (द) उपर्युक्त सभी

26. निम्नलिखित में किसका मेल सही नहीं है ?

(अ) वागड़ क्षेत्र के लोगों द्वारा — (I) ब्रह्माजी मन्दिर का निर्माण

(ब) साबला क्षेत्र में — (II) मावजी की मुख्य गादी

(स) बेणेश्वर मेले की शुरूआत — (III) जनकुँवरी द्वारा

(द) मेले की शुरूआत — (IV) हरिमंदिर पर झंडा फहराकर

27. कौनसा शब्द बहुवचन है ?

(अ) गायें (ब) टापू (स) कर्मचारी (द) धनुष

28. बालक का स्त्रीलिंग शब्द है–

(अ) बालिका (ब) बालकों (स) बालिकाओं (द) बच्चों

29. हरि–मंदिर शब्द में समास है–

(अ) अव्ययी भाव (ब) तत्पुरूष (स) कर्मधारय (द) बहुब्रीहि

30. 'जवान–बूढ़े, गरीब–अमीर, देशी–विदेशी आदि शब्द हैं–

(अ) समानार्थी (ब) विलोम (स) पर्यायवाची (द) युग्म

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

बदलू मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुन्दर लाख की चूड़ियाँ बनाता था। उसकी बनाई हुई चूड़ियों की खपत भी बहुत थी। उस गाँव में तो सभी स्त्रियाँ उसकी बनाई हुई चूड़ियाँ ही पहनती थीं। आस–पास के गाँवों के लोग भी उससे चूड़ियाँ ले जाते थे, परन्तु वह कभी भी चूड़ियों को पैसों से बेचता न था। उसका अभी तक वस्तु–विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे। बदलू स्वभाव से बहुत सीधा था। मैंने कभी भी उसे किसी से झगड़ते नहीं देखा। हाँ, शादी–विवाह के अवसर पर वह अवश्य जिद्द पकड़ लेता था। जीवन भर चाहे कोई उससे मुफ्त चूड़ियाँ ले जाए परन्तु विवाह के अवसर पर वह सारी कसर निकाल लेता था। आखिर सुहाग के जोड़े का महत्व ही और होता है। मुझे याद है, मेरे मामा के यहाँ किसी लड़की के विवाह पर जरा–सी किसी बात पर बिगड़ गया था और फिर उसको मनाने में लोग लग गए थे। विवाह में इसी जोड़े का मूल्य इतना बढ़ जाता था कि उसके लिए उसकी घरवाली को सारे वस्त्र मिलते, ढेरों अनाज मिलता, उसको अपने लिए पगड़ी मिलती और रूपये जो मिलते सो अलग। यदि संसार में बदलू को किसी बात से चिढ़ थी तो वह थी काँच की चूड़ियों से।

31. बदलू चूड़ियाँ बनाता था–

(अ) काँच की (ब) लाख की (स) प्लास्टिक की (द) मेटल की

32. वस्तु–विनिमय से आशय है–

(अ) वस्तु के बदले रूपये (ब) रूपये के बदले अनाज

(स) अनाज के बदले रूपये (द) एक वस्तु के बदले दूसरी वस्तु

33. वह चूड़ियों के बदले क्या लेता था?

(अ) रूपये (ब) वस्तुएँ एवं अनाज (स) सोना (द) चाँदी

34. चूड़ी बनाने वाले को कहते हैं–

(अ) रंगरेज (ब) मनिहार (स) सुनार (द) लुहार

35. सुहाग के जोड़े से आप क्या समझते हैं ?
(अ) वधू के द्वारा पहने जाने वाले वस्त्र (ब) जन्म के समय पहने जाने वाले वस्त्र
(स) लड़ते समय पहने जाने वाले वस्त्र (द) इनमें से कोई नहीं

36. बदलू स्वभाव से कैसा व्यक्ति था ?
(अ) झगड़ालू (ब) जिद्दी (स) सीधा (द) कठोर

37. निम्न में से कौनसा क्रिया शब्द नहीं है ?
(अ) शादी–विवाह (ब) मिलना (स) बनाना (द) बेचना

38. बदलू को विवाह के जोड़े के बदले कौनसी वस्तु नहीं मिलती थी ?
(अ) घरवाली के लिए वस्त्र (ब) बहुत सारा अनाज
(स) पगड़ी व रूपये (द) सोने की घड़ी

.39. ''पैतृक'' शब्द से आशय है–
(अ) नया बनाया हुआ (ब) भाई से प्राप्त (स) तकनीकी से प्राप्त (द) पिता से प्राप्त पुश्तैनी

40. ''संसार'' शब्द का पर्यायवाची है–
(अ) जग (ब) धरती (स) चूड़ी (द) अनाज

## रक्तदान शिविर

**दिनांक 24.11.2018 से 27.11.2018 तक**

**रक्तदान है प्राणी पूजा**
**इसके जैसा दान ना दूजा**

**18 वर्ष से अधिक उम्र के**
**स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करें**

रक्त दान करने से नहीं
होती शरीर में कमजोरी।

एक समय में लगभग 300 मिलीलीटर रक्त लिया जाता है।

मानव शरीर में लगभग 5 लीटर खून होता है।

आपका रक्त ब्लड बैंक में सुरक्षित रहता है।



**रक्तदान** **महादान** **जीवनदान**

**आयोजक**
**राजकीय उच्च माध्यमिक**
**विद्यालय वीर पुरा उदयपुर**

**प्रायोजक**
**मानव सेवा समिति**
**उदयपुर**

## उपर्युक्त पोस्टर को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

41. उपर्युक्त पोस्टर में क्या संदेश दिया जा रहा है ?
(अ) रक्तदान (ब) अंगदान (स) नेत्रदान (द) देहदान

42. क्या रक्तदान से कमजोरी होती है ?
(अ) हाँ (ब) नहीं (स) आंशिक (द) अत्यधिक

43. रक्तदान शिविर के प्रायोजक हैं –
(अ) मानव सेवा समिति (ब) रा.उ.मा.वि. वीर पुरा
(स) कल्याण सेवा समिति (द) गो–रक्षा सेवा समिति

44. रक्तदान शिविर का आयोजक है–
(अ) राउमावि वीर पुरा (ब) राउमावि, खेतपुरा
(स) रामावि वीर पुरा (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. रक्तदान शिविर कितने दिवसीय रखा गया ?
(अ) एक दिवसीय (ब) दो दिवसीय (स) तीन दिवसीय (द) चार दिवसीय

46. उपर्युक्त बैनर में डॉक्टर्स की संख्या है–
(अ) दो (ब) तीन (स) चार (द) एक

47. उपर्युक्त बैनर में कितने व्यक्ति रक्तदान कर रहे हैं–
(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

48. रक्तदान शिविर में लिया हुआ रक्त कहाँ सुरक्षित रखा जाता है–
(अ) चिकित्सालय (ब) ब्लडबैंक (स) घर (द) विद्यालय

49. रक्तदान करने की न्यूनतम आयु होती है–
(अ) 18 वर्ष (ब) 19 वर्ष (स) 10 वर्ष (द) 21 वर्ष

50. किस दान को महादान कहा गया है–
(अ) रक्तदान (ब) नेत्रदान (स) अंगदान (द) देहदान

51. रक्तदान को जीवनदान कहा गया क्योंकि–
(अ) यह व्यक्ति की आँख को बचाता है। (ब) यह व्यक्ति को स्वस्थ बनाता है।
(स) यह व्यक्ति को हँसमुख बनाता है। (द) यह व्यक्ति के जीवन को बचाता है।

52. स्वस्थ मानव शरीर में रक्त होता है लगभग–
(अ) पाँच लीटर (ब) छः लीटर (स) सात लीटर (द) चार लीटर

53. रक्त का वर्ण/रंग होता है–
(अ) लाल (ब) पीला (स) नीला (द) हरा

54. आयोजक शब्द में उपसर्ग है–
(अ) प्रा (ब) आ (स) क (द) अ

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

भारत माँ की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों में चन्द्रशेखर आजाद का नाम अग्रगण्य है। बचपन से ही वे बहुत साहसी थे। वे जिस काम को करना चाहते थे उसे करके ही दम लेते थे। एक बार वे लाल रोशनी देने वाली दियासलाई से खेल रहे थे। उन्होंने साथियों से कहा कि एक सलाई से जब इतनी रोशनी होती है तो सब सलाइयों को एक साथ जलाए जाने से न मालूम कितनी रोशनी होगी। सब साथी

इस प्रस्ताव पर खुश हुए पर किसी की हिम्मत नहीं पड़ी कि इतनी सारी सलाइयों को एक साथ जलाए क्योंकि रोशनी के साथ सलाई में तेज आँच भी होती है। एक सलाई की आँच झेलना तो कोई बात नहीं थी पर सब सलाइयों की आँच झेलने का खतरा कौन मोल लेता? इस पर चन्द्रशेखर सामने आए और उन्होंने कहा कि मैं एक साथ सब सलाइयों को जलाऊँगा। उन्होंने ऐसा ही किया। तमाशा तो खूब हुआ। उनका हाथ भी जल गया, पर उन्होंने उफ तक नहीं की। जब लड़कों ने उनके हाथ को देखा तो मालूम हुआ कि उनका हाथ बहुत जल गया है। सब लड़के उपचार के लिए दौड़ पड़े, पर चन्द्रशेखर के चेहरे पर पीड़ा का कोई भाव न था और वे खड़े–खड़े मुस्करा रहे थे।

55. चन्द्रशेखर बचपन से ही कैसे थे ?

(अ) डरपोक (ब) साहसी (स) कमजोर (द) कामचोर

56. क्रान्तिकारियों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्रगण्य थे–

(अ) महात्मा गांधी (ब) चन्द्रशेखर आजाद (स) अज्ञेय (द) भगतसिंह

57. 'आजादी' का विलोम शब्द है–

(अ) गुलामी (ब) साहसी (स) विजयी (द) उत्साही

58. सब लड़के किसके लिए दौड़ पड़े ?

(अ) उपचार के लिए (ब) मारने के लिए (स) जलाने के लिए (द) बताने के लिए

59. 'प्राण' शब्द का बहुवचन है–

(अ) प्राणी (ब) प्राणियों (स) प्राणों (द) प्राणि

60. 'लाल रोशनी' शब्द में विशेषण है–

(अ) रोशनी (ब) लाल (स) लाल रोशनी (द) रोशन

61. 'साहसी' शब्द में प्रत्यय है–

(अ) ई (ब) इक (स) इय (द) ईय

62. दियासलाई किसे कहते हैं ?

(अ) अगरबत्ती को (ब) मोमबत्ती को (स) माचिस को (द) रोशनी को

63. 'प्राणों की आहुति देना' मुहावरे का अर्थ है–

(अ) देश के लिए बलिदान होना (ब) देश के लिए काम करना

(स) देश पर शासन करना (द) देश का नव निर्माण करना

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

नागालैण्ड भारत का एक छोटा सा राज्य है जिसकी स्थापना 18 फरवरी 1961 ई. को हुई थी। यह असम के पूर्व और मणिपुर के उत्तर में स्थित है। इसकी राजधानी कोहिमा है। सारा प्रदेश पर्वतीय है। यहाँ वर्षा भी काफी होती है जिसके फलस्वरूप पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेती में अच्छी उपज होती है। प्रकृति की ही तरह मोहक है यहाँ के निवासी भी। इनका शरीर स्वस्थ, सुडौल और ताम्रवर्ण होता है। 'नागा' शब्द की व्युत्पत्ति के बारे में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है। संभव है यह शब्द 'नग' से निकला हो जिसका अर्थ पर्वत है। इस प्रकार 'नागा' शब्द का अर्थ'पर्वतीय लोग' होगा। नागा कुशल शिकारी होते हैं। वे प्रायः तीरों से शिकार करते हैं। विशालकाय पशुओं को पकड़ने के लिए एक बड़ा सा गड्ढा है। उस गड्ढे के अन्दर तीर, भाला, बर्छी एवं अन्य हथियार ऊपर

की ओर नोक करके जमा देते हैं। गड़ढे को ऊपर से पत्तियों से ढँक देते हैं। जब धोखे से पशु इस गड्ढे में गिर जाता है तो उसके शरीर में भाले, बर्छे आदि प्रवेश कर जाते हैं। तत्पश्चात उसे मोटी रस्सी से बाँध कर बाहर निकालते हैं। ऐसे अवसर पर ग्राम के प्रत्येक व्यक्ति को सहभोज के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रसन्नता के अवसर पर जंगली भैंसे की जिसे ये 'मिथुन' कहते हैं, बलि चढ़ाने की प्रथा भी प्रचलित है।

64. नागालैण्ड की स्थापना कब हुई ?

(अ) 18 फरवरी 1962 ई. (ब) 18 फरवरी 1963 ई.

(स) 18 फरवरी 1961 ई. (द) 18 फरवरी 1951 ई.

65. नागालैण्ड की राजधानी कौनसी है ?

(अ) दाहिमा (ब) कोहिमा (स) नेपाल (द) तुएन सांग

66. सीढ़ीनुमा खेती कहाँ की जाती है ?

(अ) मैदानों में (ब) पहाड़ों पर (स) जंगलों में (द) खेतों में

67. 'नग' शब्द का क्या अर्थ है ?

(अ) लोग (ब) पर्वत (स) घर (द) खेत

68. नागा प्रायः किससे शिकार करते हैं ?

(अ) पत्थर से (ब) भाले से (स) तीरों से (द) बर्छी से

69. गड्ढ़े को ऊपर से किससे ढ़ँका जाता है ?

(अ) पेड़ों से (ब) पत्तियों से (स) बालों से (द) टहनियों से

70. ''प्रचलित'' शब्द में उपसर्ग है–

(अ) प्रच (ब) प्र (स) प्रा (द) प

71. ''जंगल'' शब्द में 'ई' प्रत्यय जोड़ कर नया शब्द बनेगा–

(अ) जंगलों (ब) जंगली (स) जंगला (द) जंगील

72. 'पशु' शब्द का बहुवचन होगा–

(अ) पशुओं (ब) पशु (स) पाशविक (द) पक्षी

73. 'नागा' शब्द का अर्थ होगा–

(अ) पर्वतीय लोग (ब) मैदानी लोग (स) शहरी लोग (द) ग्रामीण लोग

74. नागा लोग होते हैं–

(अ) जंगली (ब) कुशल योद्धा (स) कुशल शिकारी (द) लड़ाकू

75. 'मिथुन' कहते हैं–

(अ) जंगली गाय को (ब) जंगली भैंसे को (स) जंगली बिल्ली को (द) बैल को

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

गाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। गाय को पालने से दूध, दही, छाछ, घी जैसे पोषक पदार्थ प्राप्त होते हैं। गाय से ही बैल मिलते हैं जो कि हल चलाने, सामान ढोने और खेती के काम में सहायक होते हैं। गोधन का गोबर, ईंधन बचाने व ऊर्जा उत्पादन में काम आता है इससे पर्यावरण प्रदूषण कम होता है। गोबर की

खाद भी होती है। गो–धन को पालने से ग्वालों की दिनचर्या अनुशासित है इससे जीवन पूरी तरह स्वस्थ रहता है। गो–मूत्र से अनेक रोगों का उपचार होता है। एक अनुसंधान के अनुसार हमारे देश की कृषि के लिए नब्बे प्रतिशत ऊर्जा गो–वंश से ही मिलती है। इस तरह गाय को ग्राम विकास का आधार मानना पूर्णतया उचित है।

76. हमारी ग्रामीण अर्थ व्यवस्था का आधार कौन है ?

(अ) बैल (ब) गाय (स) भैंस (द) कुत्ता

77. रोग शब्द का बहुवचन है–

(अ) रोगी (ब) रोगों (स) रागो (द) रोगियों

78. 'खेती' शब्द में प्रत्यय है–

(अ) ईक (ब) ईय (स) ई (द) इय

79. 'पर्यावरण' शब्द का सन्धि विच्छेद होगा–

(अ) पर+आवरण (ब) परी+आवरण (स) परि+आवरण (द) परे+आवरण

80. अनेक रोगों के उपचार में क्या काम में लिया जाता है ?

(अ) गोबर (ब) गो–मूत्र (स) दूध (द) दही

81. कृषि के लिए नब्बे प्रतिशत ऊर्जा किससे प्राप्त होती है ?

(अ) गो वंश से (ब) ग्वालों से (स) कृषि से (द) घरो से

82. ''ग्रामीण'' शब्द का विलोम है–

(अ) ग्राम (ब) शहरों (स) शहरी (द) ग्रामों

83. गोधन को पालने से किसकी दिनचर्या अनुशासित रहती है ?

(अ) बच्चों की (ब) ग्वालों की (स) पशुओं की (द) युवाओं की

84. हल चलाने व सामान ढोने के काम आते हैं–

(अ) गाय (ब) बैल (स) भैंस (द) कुत्ते

85. दूध, दही, छाछ, घी जैसे पोषक पदार्थ किसे पालने से मिलते हैं ?

(अ) बैल (ब) कुत्ता (स) गाय (द) भेड़

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मानव जाति ने अपने उद्भवकाल से ही प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी से अपने भरण पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उत्पादन ही उसके जीवन और जीविका के एक मात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव जीवन को संरक्षण प्रदान किया। रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने भी पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बना कर वनवास का लम्बा समय व्यतीत किया था।

वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। उसने लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया। इससे मकान व झोंपड़ियाँ बनाई। इमारती लकड़ी से भवन–निर्माण, कृषि यंत्र, परिवहन जैसे–रथ, ट्रक, रेलों के डिब्बे तथा फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं। कोयला भी लकड़ी का प्रतिरूप है। वृक्षों की लकड़ी तथा उसके उत्पाद जैसे नारियल का जूट, लकड़ी का बुरादा, चीड़ की लकड़ी आदि विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग फल, काँच के बर्तन आदि नाजुक पदार्थों की पैकिंग के लिए किया जाता है।

इस प्रकार वृक्षों से विभिन्न प्रत्यक्ष लाभों के अतिरिक्त परोक्ष फायदे भी है। जीवनदायिनी ऑक्सीजन पेड़ों से प्राप्त होती है। वृक्षों के आधिक्य से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है।

86. रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने वनवास का लम्बा समय कहाँ व्यतीत किया था ?

(अ) पंचवटी नामक स्थान पर (ब) वटी नामक स्थान पर

(स) कैलाश नामक स्थान पर (द) मानसरोवर नामक स्थान पर

87. लकड़ी का ही प्रतिरूप है–

(अ) पत्थर (ब) सोना (स) कोयला (द) हीरा

88. पंचवटी शब्द में समास है–

(अ) द्विगु (ब) द्वन्द्व (स) कर्मधारय (द) अव्ययीभाव

89. 'वृक्ष' शब्द का बहुवचन होगा–

(अ) वृक्षें (ब) वृक्षों (स) वृक्षी (द) वृक्षस्य

90. जीवनदायिनी गैस कौनसी है जो पेड़ों से प्राप्त होती है ?

(अ) हाइड्रोजन (ब) कार्बनडाईऑक्साइड (स) ऑक्सीजन (द) नाइट्रोजन

91. वृक्षों के आधिक्य से किस आपदा के नियंत्रण में सहायता मिलती है ?

(अ) ज्वालामुखी (ब) बाढ़ (स) भूकम्प (द) अकाल

92. 'लाभ' शब्द का विलोम होगा–

(अ) पुण्य (ब) पाप (स) हानि (द) काल

**(93–104) नीचे दिए गए कवितांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

*क्या करोगे अब?*
*समय का*
*जब प्यार नहीं रहा।*
*सर्वसहा पृथ्वी का*
*आधार वहीं रहा।*
*न वाणी साथ है*
*न पानी साथ है*
*न कहीं प्रकाश है स्वच्छ*
*जब सब कुछ मैला है*
*आसमान*
*गंदगी बरसाने वाले*
*एक अछोर फैला है*
*कहीं चले जाओ*
*विनती नहीं है*
*वायु प्राणप्रद*
*आदमकद आदमी*
*सब जग से*
*गायब हैं।*

93. कवि ने धरती के बारे में क्या कहा है?

(अ) रत्नगर्भा (ब) आधारशिला (स) सर्वसहा (द) माँ

94. 'आदमकद आदमी' से क्या तात्पर्य है?

(अ) ऊँचे कद का आदमी (ब) सम्पूर्ण मनुष्य

(स) मानवीयता से भरपूर आदमी (द) सामान्य आदमी

95. आसमान की तुलना किससे की गई है–

(अ) समुद्र से (ब) नीली झील से

(स) पतंग से (द) गंदगी बरसाने वाले थैले से

96. प्राणदान का तात्पर्य है–

(अ) प्राणों को पूर्ण करने वाला (ब) प्राण प्रदान करने वाला

(स) प्राणों को प्रणाम करने वाला (द) प्राणों को छीन लेने वाला

97. कवि समय से कब और क्यों कतराना चाहता है ?

(अ) किसी के पास बात करने का समय नहीं (ब) किसी को दो क्षण बैठने का समय नहीं

(स) किसी को प्यार करने का समय नहीं (द) किसी को जप माने का समय नहीं

98. नीचे दिए गए शब्द समूह में कौनसे समान अर्थ वाले हैं?

(अ) जलद, वारिद, पयोद, अम्बुद (ब) जलज, वारिद, पयोद, अम्बुद

(स) जलद, वारिज, पयोद, अम्बुद (द) जलद, वारिद, पयोद, अम्बुज

99. नीचे दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प में द्वन्द्व समास है?

(अ) दशानन (ब) लंबोदर (स) सीता–राम (द) सप्ताह

100. ''काला घोड़ा तेज दौड़ रहा है।'' वाक्य में क्रिया विशेषण छांटिए–

(अ) काला (ब) घोड़ा (स) तेज (द) दौड़

101. ''आम, अनार, फल, केला'' शब्द समूह में से भिन्न शब्द छांटिए–

(अ) आम (ब) अनार (स) फल (द) केला

102. ''कमलकांत एक बार परीक्षा देने जयपुर गया।'' वाक्य में संज्ञा शब्द कौनसा है?

(अ) बार (ब) कमलकांत (स) देने (द) गया

103. 'न कहीं प्रकाश है स्वच्छ' पंक्ति में विशेषण है–

(अ) प्रकाश (ब) स्वच्छ (स) कहीं (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

104. विनती का अर्थ है–

(अ) आदेश (ब) निर्देश (स) सलाह (द) प्रार्थना

## निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कमल आई.ए.एस. की परीक्षा देने इलाहाबाद गया। लौटते समय किसी स्टेशन पर चाय लेने उतरा कि गाड़ी चल पड़ी। चलती ट्रेन में हाथ के कुल्हड़ सहित चढ़ने के प्रयास में गिरा और पहिये के नीचे हाथ पड़ गया। प्राण तो बच गए पर दायाँ हाथ चला गया। उसी विच्छिन्न भुजा के साथ–साथ धीरे–धीरे वह मानसिक संतुलन भी खो बैठा। दुख भुलाने के लिए नशे की गोलियाँ खाने लगा। केवल एक हाथ खोकर ही उसने हथियार डाल

दिए। इधर चन्द्रा, जिसका निचला धड़ है निष्प्राण, मांसपिंड मात्र। सदा उत्फुल्ल है, चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं, बुद्धिदीप्त, आँखों में एक अदम्य उत्साह, प्रतिपल–प्रतिक्षण भरपूर जीने की उत्कट जिजीविषा और फिर कैसी–कैसी महत्त्वाकांक्षाएँ।

यहाँ कभी सामान्य–सी हड्डी टूटने पर या मोच आ जाने पर ही प्राण ऐसे कंठगत हो जाते हैं जैसे– विपत्ति का आकाश ही सिर पर टूट पड़ा है और इधर यह लड़की है कि निचला धड़ सुन्न है, फिर भी बोटी–बोटी फड़क रही है। ऊँची नौकरी की एक ही नीरस करवट में उसकी प्रतिभा निरंतर डूबती जा रही है। आजकल आई.आई.टी मद्रास में काम कर रही है।

105. कमल परीक्षा देने कहाँ गया था ?

(अ) आगरा (ब) मद्रास (स) इलाहाबाद (द) पटना

106. 'मानसिक' शब्द में प्रत्यय है–

(अ) इक (ब) एक (स) मन (द) ई

107. 'आकाश' शब्द का विलोम है–

(अ) पाताल (ब) आसमान (स) धरती (द) बादल

108. 'जिजीविषा' शब्द का अर्थ है–

(अ) जीना (ब) मरना (स) जीने की इच्छा (द) चलना

109. 'हथियार डाल देना' मुहावरे का अर्थ है–

(अ) लड़ाई में हथियार ले जाना (ब) हथियार लेकर लड़ना

(स) हार मान लेना (द) हथियार फेंक देना

110. कमल के मानसिक संतुलन खोने का क्या कारण था ?

(अ) गिरने से (ब) प्राण चले जाने के डर से

(स) दायाँ हाथ चले जाने से (द) नशे की गोलियाँ खाने से

111. कमल इलाहाबाद किसकी परीक्षा देने गया ?

(अ) आर.ए.एस. (ब) आई.ए.एस. (स) आई.पी.एस. (द) आर.पी.एस.

112. 'प्रतिपल, प्रतिक्षण' शब्दों में समास है–

(अ) कर्मधारय (ब) अव्ययीभाव (स) द्वन्द्व (द) द्विगु

113. 'महत्वाकांक्षाएँ' शब्द का सन्धि विच्छेद होगा–

(अ) महत्व+ आकांक्षाएँ (ब) महत्वा+ आकांक्षाएँ

(स) महत्+ आकांक्षाएँ (द) मह+ त्वाआकांक्षाएँ

114. चन्द्रा आजकल कहाँ कार्य कर रही है ?

(अ) आई.आई.टी. रूड़की (ब) आई.आई.टी. मद्रास

(स) आई.आई.टी. हैदराबाद (द) आई.आई.टी. कानपुर

115. 'गले तक आया हुआ' के लिए उचित शब्द होगा–

(अ) निष्प्राण (ब) कंठगत (स) मांसपिंड (द) अदम्य

## निम्नलिखित पद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कुदरत हमको रोज सिखाती, जग हित में कुछ करना सीखें
अपने लिए सभी जीते हैं, औरों के हित मरना सीखें।
सूरज हमें रोशनी देता
तारे शीतलता बरसाते।
चाँद बाँटता अमृत सब को
बादल वर्षा–जल दे जाते।।
जुगनू ज्यों थोड़ा–थोड़ा ही, अंधकार हम हरना सीखें।
बिन अभिमान पेड़ देते हैं,
बीज, फूल, फल, ठंडी छाया।
ये दधीचि बन कर हर युग में,
न्यौछावर कर देते काम।।
मौसम चाहे, कैसा भी हो, तरु की तरह निखरना सीखें।
गहरी नदियाँ, निर्झर, नाले
निर्मल जल दिन–रात बहाते।
ऊँचे–नीचे पर्वत ही तो
इन सोतों के जनक कहाते।।
ऐसे ही त्यागी बनकर हम, बूँद–बूँद कर झरना सीखें।

116. कुदरत हमें क्या सिखाती है ?
(अ) अपने लिए जीना (ब) जग हित में कुछ करना
(स) दूसरों को दुख देना (द) दूसरों को परेशान करना

117. सूरज हमें क्या देता है ?
(अ) अंधेरा (ब) बरसात (स) रोशनी (द) शीतलता

118. 'अभिमान' शब्द में उपसर्ग होगा–
(अ) अभि (ब) अप (स) सम (द) मान

119. पेड़ का एक पर्याय जो इस कविता में आया है–
(अ) नग (ब) वृक्ष (स) तरु (द) नदियाँ

120. पेड़ हमें क्या देते हैं ?
(अ) बीज (ब) फल–फूल (स) ठंडी छाया (द) उपर्युक्त सभी

121. 'काया' शब्द का अर्थ है–
(अ) शरीर (ब) काम (स) काल (द) मानव

122. विलोम अर्थ वाले शब्दों का जोड़ा है–
(अ) थोड़ा–थोड़ा (ब) ऊँचे–नीचे (स) जग–हित (द) बूँद–बूँद

123. 'निर्मल' शब्द का संधि–विच्छेद होगा–

(अ) निः+मल (ब) निर+मल (स) निर्+मल (द) नि+रमल

124. नदियों, झरनों व नालों का जनक किसे कहा गया है ?

(अ) पर्वत को (ब) नदी को (स) जंगल को (द) सूर्य को

125. कविता के अनुसार चाँद हमें क्या बाँटता है ?

(अ) अमृत (ब) धूप (स) अंधेरा (द) जल

126. 'दिन–रात' शब्द में समास है–

(अ) द्विगु (ब) कर्मधार्य (स) द्वन्द्व (द) अव्ययी भाव

**निम्नलिखित पद्यांश ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

इस समाधि में छिपी हुई है, एक राख की ढेरी,
जल कर जिसने स्वतंत्रता की दिव्य आरती फेरी।
यह समाधि यह लघु समाधि है झाँसी की रानी की,
अंतिम लीला स्थली यही है लक्ष्मी मरदानी की।
यहीं कहीं पर बिखर गई वह, भग्न विजयमाला–सी
उसके फूल यहाँ संचित है, है यह स्मृति–शाला–सी।
सहे वार पर वार अंत तक, लड़ी वीर बाला–सी,
आहत–सी गिर चढ़ी चिता पर, चमक उठी ज्वाला–सी।
बढ़ जाता है मान वीर का, रण में बलि होने से,
मूल्यवती होती सोने की, भस्म यथा सोने से।
रानी से भी अधिक हमें अब यह समाधि है प्यारी
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की, आशा की चिनगारी।
इससे भी सुंदर समाधियाँ, हम जग में हैं पाते।
उनकी गाथा पर निशीथ में, क्षुद्र जंतु ही गाते ।।

127. निम्न में से कौनसा शब्द लक्ष्मी बाई की समाधि के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?

(अ) लघु समाधि (ब) झाँसी की रानी (स) स्मृति–शाला (द) अंतिम लीला स्थली

128. 'जलकर जिसने स्वतंत्रता की दिव्य आरती फेरी' पंक्ति का आशय है–

(अ) आजादी के लिये प्राणों का बलिदान किया। (ब) महारानी लक्ष्मी बाई एक वीरांगना थी।

(स) उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी। (द) लक्ष्मीबाई स्वतंत्रता प्रिय थी।

129. उपर्युक्त पद्यांश में किसका वर्णन है ?

(अ) राख की ढेरी का (ब) मूल्यवान सोने का (स) लक्ष्मीबाई की समाधि का (द) स्वतंत्रता का

130. लक्ष्मीबाई कहाँ की रानी थी ?

(अ) भारत की (ब) झाँसी की (स) चित्तौड़ की (द) उदयपुर की

131. उपर्युक्त पद्यांश में कवि को रानी से भी अधिक प्यारी वस्तु क्या लगती है ?

(अ) भस्म (ब) आशा की चिनगारी (स) समाधि (द) राख की ढ़ेरी

132. अब रानी की समाधि, रानी से भी अधिक प्यारी क्यों लगती है ?

(अ) इसे देखकर रानी लक्ष्मीबाई की वीरता की याद आ जाती है।

(ब) इस समाधि पर लोग श्रद्धा–सुमन अर्पित करने आते है।

(स) इस समाधि पर क्षुद्र जन्तु गाथा गाते है।

(द) समाधि बहुत बड़ी एवं विस्तृत है।

133. वीर का मान कब बढ़ जाता है ?

(अ) जब वह रण में बलि हो जाता है। (ब) रण में युद्ध करने से

(स) रण से भागने पर (द) संधि करने पर

134. ''समाधि'' शब्द का बहुवचन होता है–

(अ) समाधियाँ (ब) समाधियों (स) समाधी (द) समाधीयाँ

135. रानी लक्ष्मीबाई किसकी भाँति लड़ी ?

(अ) भग्न विजयमाला–सी (ब) स्मृति–शाला सी

(स) वीर बाला–सी (द) डरपोक–सी

136. 'निराशा' का विलोम शब्द होता है–

(अ) सुंदर (ब) सहज (स) लघु (द) आशा

137. सुंदर समाधियों की गाथा कौन गाते हैं ?

(अ) क्षुद्र जन्तु (ब) वीर (स) कायर (द) उत्साही

138. ''यहीं कहीं पर बिखर गई वह'' पंक्ति से आशय है–

(अ) वीर गति को प्राप्त हुई (ब) स्वतंत्र हुई

(स) लड़ती रही (द) चलती रही

राजस्थान रंगों के प्रदेश के रूप में जग विख्यात रहा है फिर होली पर यहाँ जितने विविध रंग देखने को मिलते हैं, उनकी तो बात ही निराली है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को यह त्योहार मनाया जाता है।

राजस्थान के विविध अंचलों में होली के नज़ारे निम्नानुसार दिखाई देते हैं–

| **क्र.सं.** | **होली के नजारे** | **अंचल** | **वाद्य यंत्र की सहायता** |
|---|---|---|---|
| 1 | <u>**गेर नृत्य :**</u>– मेवाड़ में गेर का बोलबाला है। घेरों की अदला–बदली करते, डंको डांडियों की किड़किड़ाहट करते गेरिये गेर खेलते हैं। सब तरफ प्यार, मनुहार, हँसी, ठठ्टा, व्यंग्य, विनोद, गीत, गानों का वातावरण होता है। चंग पर झोला खाती फाल्गुनी बयार सबको बावला किए देती है। | मेवाड़ | डंको, डांडियों, चंग |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | **चंग के साथ हुलियारः–** उदयपुर के मेनार गाँव में शौर्य पराक्रम और युद्ध विजय की प्रतीक तलवारों की गेर–सारा ऐतिहासिक एवं पारंपरिक माहौल अकेले इस छोटे से गाँव में ब्राह्मणों के पाँच सौ घर और इक्के–दुक्के अन्य। हर घर शूरवीरों की दहाड़ देता है। | मेनार गाँव में | चंग |
| 3. | **भीलों की गेरः–** उदयपुर से बद्दु भगतण के दरवाजे से निकली सांडी–मुसलमानों की ढोला मारू की सवारी। भीलवाड़ा जिले में मांडल का सींग वाले शेरों का स्वांग सींग वाले चार शेरों का गजब तमाशा होता है। सवाई माधोपुर की महवा तहसील के पावटा गाँव का डोलची मेला। सांगोद कोटा की ओर नहाण। | शाहपुरा, भीलवाड़ा, कोटा, उदयपुर, सवाई माधोपुर | ढ़ोल और डाको |
| 4 | **गींदडी नाचः–** होली का एक रंग, रंगो से भरे कढ़ावे और कोड़ामार होली। पूर्वी राजस्थान में जाट गुजरों की लट्ठमार होली, तुरही–ताशों की मधुर ध्वनि में युवक जब युवतियों को रंगते चलते हैं तो युवतियाँ उन्हें लट्ठ मार लट्ठ–पट्ट कर देती हैं। | पूर्वी राजस्थान (जालौर) | चंग, डफ, झाझर |
| 5 | **कोड़ा मार होली पत्थर मार होली**ः– पूर्णिमा की रात को आदिवासियों का नेजा। जितनी औरतें उतने ही वृक्ष पर बंधे गोटे–नारियल। ढोल झाझर के साथ स्त्री पुरूषों के भेल नृत्य और फिर पुरूष उनका घेरा जोड़ वृक्ष का गोटा प्राप्त करने को मचलता है। नारियाँ बेंत चलाती है। मर्द बेंत खाते हुए भी पीछे नहीं हटते। मेवाड़ के खेरोड़ा एवं कैलाशपुरी के रामा गाँव का नेजा भी बड़ा नामी है। | मेवाड़ के खेरोदा और कैलाशपुरी के रामा गाँव | ढोल, झाझर |

139. होली का त्योहार मनाया जाता है–

(अ) सावन की पूर्णिमा को (ब) जेठ की पूर्णिमा को
(स) फाल्गुन की पूर्णिमा को (द) कार्तिक की पूर्णिमा को

140. गेर नृत्य किस अंचल में खेला जाता है ?

(अ) मेवाड़ (ब) मारवाड़ (स) शेखावटी (द) जालोर

141. उदयपुर की मेनार गाँव में गेर किससे खेली जाती है ?

(अ) तलवारों से (ब) लकड़ियों से (स) डांडियों से (द) पत्थरों से

142. 'सींगवाले शेरों का स्वांग' किस जिले में खेला जाता है ?

(अ) उदयपुर (ब) कोटा (स) भीलवाड़ा (द) चित्तौड़

143. युवक जब युवतियों को रंगते हैं तो युवतियाँ उन्हें किससे मारती हैं ?

(अ) पत्थर से (ब) लट्ठ से (स) झाड़ू से (द) बरतनों से

144. डोलची मेला कहाँ लगता है ?

(अ) पावटा गाँव (ब) भीलवाड़ा (स) मेणार गाँव (द) उदयपुर

145. उपर्युक्त गद्यांश में होली के कितने नजारों को वर्णित किया है ?

(अ) 4 (ब) 2 (स) 3 (द) 5

146. रंगो को त्योहार कहलाता है–

(अ) होली (ब) दीपावली (स) राखी (द) दशहरा

147. मेवाड़ क्षेत्र में होली पर कौन–कौन से नजारे देखने को नहीं मिलते हैं ?

(अ) गेर व कोड़ामार होली (ब) गेर व हुलियार

(स) भीलों की गेर व पत्थर मार होली (द) गींदड़ी नाच व बादशाही सवारी

148. भीलों की गेर मुख्यतः कहाँ खेली जाती है ?

(अ) उदयपुर (ब) मारवाड़ (स) जालोर (द) खेरोदा

149. उपर्युक्त गद्यांश में किन–किन वाद्य यंत्रों का उपयोग हुआ है ?

(अ) ढोल (ब) चंग (स) झाझर (द) उपर्युक्त सभी

150. किस नजारे में महिलाएँ पुरूषों पर बेंत चलाती हैं ?

(अ) गींदड़ी नाच (ब) कोड़ामार होली

(स) गेर नृत्य (द) चंग के साथ हुलियार में

151. वृक्ष पर क्या बाँधे जाते हैं ?

(अ) गोटे–नारियल (ब) पत्थर (स) गेंद (द) रूमाल

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मानव के लिए जनसंख्या वृद्धि का खतरा सबसे ज्यादा अनिष्टकारी है, क्योंकि वह शनैः शनैः विकसित होकर अपने शिकार को आत्म–संतुष्टि की नींद में सुला देता है। हर वर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखने में बहुत कम लगती है, लेकिन इसका मतलब होता है कि पैंतीस वर्षों में आबादी दुगुनी हो जाएगी और यदि सिलिसला इसी तरह जारी रहता है तो एक सदी में आबादी आठ गुना तथा साढ़े तीन सदियों में एक हजार गुना बढ़ जाएगी। जाहिर है स्रोत–संसाधन कितनी ही मात्रा में क्यों न जुटा लिए जाएं, वे इस तरह की स्थिति में नहीं निपट सकेंगे। प्रो.हायल का कहना है कि यदि मानव स्वैच्छिक ढंग से जनसंख्या नियंत्रण नहीं करेगा तो यह काम दैवी प्रकोपों या मानवीय विनाशों के हाथों होगा। कुपोषण, बीमारियाँ, आर्थिक असमानताओं से उपजे संघर्ष मानव जाति के आकार को अपने–आप कतर कर सही कर देंगे। आज की कुछ बेहतर स्थिति में हमें जनसंख्या वृद्धि से उपजे ये खतरे गंभीर नजर न आते हों, मगर उनकी यह प्रकृति उन्हें और भी ज्यादा अशुभ बनाती है, क्योंकि जब तक वे अपने विकराल रूप में सामने आकर खड़े नहीं हो जाते, हम इतमीनान से बैठे रहते हैं।

152. मानव के लिए कौन–सा खतरा सबसे ज्यादा अनिष्टकारी है ?

(अ) जनसंख्या में कमी (ब) जनसंख्या वृद्धि

(स) पर्यावरण संरक्षण (द) कुपोषण, बीमारियों में कमी

153. कितनी समय अवधि में जनसंख्या एक हजार गुना बढ़ जायेगी ?

(अ) एक सदी में (ब) 35 वर्षों में (स) हर वर्ष (द) साढ़े तीन सदियों में

154. मानव जाति के आकार को कौन कतर कर अपने–आप ही सही कर देंगे ?

(अ) विज्ञान और टेक्नोलॉजी

(ब) स्रोत संसाधनों की उपलब्धता

(स) कुपोषण, बीमारियाँ व आर्थिक असमानता से उपजे संघर्ष

(द) रोजगार में वृद्धि

155. ''यदि मानव स्वैच्छिक ढंग से जनसंख्या नियंत्रण नहीं करेगा तो यह काम दैवी प्रकोपों या मानवीय विनाशों के हाथों होगा,'' ये कथन है ?

(अ) प्रो.एन.वी. राधाकृष्ण (ब) प्रो.आर. भार्गव (स) प्रो. हायल (द) इनमें से कोई नहीं

156. ''कुपोषण'' शब्द में कौनसा उपसर्ग है ?

(अ) कू (ब) ण (स) अ (द) कु

157. हर वर्ष जनसंख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि देखने में कम लगती है ?

(अ) 5 प्रतिशत (ब) 3 प्रतिशत (स) 2 प्रतिशत (द) 1 प्रतिशत

158. 'इतमीनान' शब्द का अर्थ है –

(अ) कठिन स्थिति में (ब) बेहतर तरीके से (स) आराम से (द) उपर्युक्त सभी

159. ''स्वैच्छिक'' शब्द में कौन–सा प्रत्यय है–

(अ) स्व (ब) क (स) ईक (द) इक

## निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मैं मजदूर मुझे देवों की बस्ती से क्या ?
अगणित बार धरा पर मैंने स्वर्ग बनाए।
अम्बर पर जितने तारे, उतने वर्षों से,
मेरे पुरखों ने धरती का रूप संवारा।
धरती को सुंदरतम करने की ममता में,
बिता चुका है कई पीढ़ियाँ वंश हमारा।
और अभी आगे आने वाली सदियों में,
मेरे वंशज धरती का उद्धार करेंगे।
इस प्यासी धरती के हिम मैं ही लाया था,
हिमगिरि चीर, सुखद गंगा की निर्मल धारा।
मैंने रेगिस्तानों की रेती धो–धोकर
बंध्या धरती पर भी स्वर्णिम पुष्प खिलाए।

160. कविता में किसके श्रम व आत्म गौरव का चित्रण हुआ है ?

(अ) किसान के (ब) मजदूर के (स) अध्यापक के (द) व्यापारी के

161. धरती की प्यास बुझाने के लिए किसकी धारा प्रवाहित की गई ?

(अ) यमुना की (ब) कृष्णा नदी की (स) गंगा की (द) ब्रह्मपुत्र की

162. ''अम्बर'' के पर्यायवाची शब्द हैं –

(अ) सलिल, नीर (ब) जलज, अंबुज (स) आकाश, व्योम (द) वारिद, पंकद

163. मजदूर ने बाँझ धरती पर स्वर्णिम पुष्प कैसे खिलाए ?

(अ) तारों को गिनकर (ब) मिट्टी को मलीन कर

(स) बादलों को बरसाकर (द) रेगिस्तान की रेती धो–धोकर

164. धरती को स्वर्ग बनाने में मजदूर की किसने सहायता की ?

(अ) मजदूर के कर्जदारों ने (ब) मजदूर के आसामियों ने

(स) मजदूर के पुरखो–वंशजों ने (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

165. ''स्वर्ग'' का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) अम्बर (ब) देवलोक (स) नरक (द) भू–लोक

166. ''हिमगिरि चीर'' का क्या अर्थ है ?

(अ) हिमालय की बर्फ (ब) बर्फ का पिघलना (स) हिमालय की चोटी (द) हिमालय को चीरकर

167. मजदूर के पुरखों ने धरती का रूप कितने वर्षों से संवारा है ?

(अ) एक युग से (ब) प्राचीन काल से

(स) जितने अम्बर में तारे (द) एक शताब्दी से

## (168–182) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

राजा विश्वजीत अपनी प्रजा को अत्यधिक प्रेम करते थे। एक बार उनके किसी नागरिक का कैवर्त सम्राट तोमराज ने अपमान कर दिया। विश्वजीत ने सेना लेकर कैवर्त पर आक्रमण कर दिया और राज्य के बाहर घेर डाल दिया। कैवर्त के प्रसिद्ध पंडित संत देवलाख वहाँ से गुजर रहे थे तो उनके सैनिकों ने उन्हें गुप्तचर समझकर बंदी बना लिया। राजा विश्वजीत ने उन्हें प्राणदंड की सजा सुनाई। अगले दिन यह समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा तो कैवर्त नरेश तोमराज अपने मंत्रिमंडल को लेकर उनके सम्मुख पहुँचे और राजा विश्वजीत से बोले– ''महाराज ! संभव है कि हम लोगों के मध्य युद्ध वर्षों चले, पर हम आज आपके सम्मुख समर्पण करते हैं। मात्र एक शर्त है कि आप संत देवलाख को मुक्त कर दें।'' राजा विश्वजीत ने ऐसा करने का कारण पूछा तो तोमराज बोले– 'राजन ! संत राष्ट्र की आत्मा होते हैं। उनके साथ रहने पर हम पुनः राष्ट्र खड़ा कर लेंगे पर उनके बिना राष्ट्र का होना भी मूल्यविहीन होगा।'' उनकी बातों ने राजा विश्वजीत के हृदय को छू लिया और संत को मुक्त कर तोमराज को हृदय से लगा लिया।

168. राजा विश्वजीत ने किन्हें प्राणदंड सुनाया–

(अ) कैवर्त सम्राट को (ब) किसी नागरिक को (स) सैनिक को (द) संत देवलाख को

169. राजा विश्वजीत ने तोमराज को हृदय से क्यों लगाया?

(अ) संत के बिना राष्ट्र मूल्यविहीन होगा। (ब) विश्वजीत के सम्मुख समर्पण करने से।

(स) तोमराज विश्वजीत का मित्र था। (द) तोमराज का संत के प्रति आस्था न होना।

170. ''यह समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा'' कौनसा समाचार कैवर्त नरेश तक पहुँचा–

(अ) विश्वजीत का प्रजा के प्रति प्रेम (ब) नागरिक का अपमान

(स) संत देवलाख को प्राणदंड की सजा (द) कैवर्त पर आक्रमण

171. 'अत्यधिक' शब्द का संधि विच्छेद होगा–

(अ) अति+अधिक (ब) अत्य+अधिक (स) अति+धिक (द) अति+अधिक

172. 'मूर्ख' शब्द का विपरीतार्थ चुनिए–

(अ) महाराज (ब) प्रसिद्ध (स) राजा (द) पंडित

173. ''देवलाख वहाँ से गुजर रहे थे'' यह वाक्य किस काल का है–
(अ) वर्तमान काल (ब) भूतकाल
(स) भविष्यकाल (द) हेतु हेतुमद् वर्तमान काल

174. 'राजन्' शब्द में 'न' वर्ण पर ( ् ) लगे चिह्न को क्या कहते हैं?
(अ) विसर्ग (ब) अनुस्वार (स) चंद्रबिंदु (द) हलंत

175. ''महाराज! संभव है कि हम लोगों के मध्य युद्ध वर्षों चले।' वाक्य में प्रयुक्त ! चिह्न को कहा जाता है–
(अ) विस्मयादिबोधक (ब) अल्पविराम (स) पूर्ण विराम (द) अर्द्धविराम

176. पद्यांश में संतों को कहा गया है–
(अ) साधु (ब) राष्ट्र की आत्मा (स) राष्ट्र का गौरव (द) ऋषि

177. पद्यांश में 'राष्ट्र' शब्द से आशय है–
(अ) देश (ब) राज्य (स) प्रांत (द) राजधानी

178. कैवर्त सम्राट कौन थे–
(अ) राजा विश्वजीत (ब) राजा तोमराज (स) संत देवलाख (द) कोई नहीं

179. कैवर्त के प्रसिद्ध पंडित संत देवलाख वहाँ से गुजर रहे थे। रेखांकित शब्द है–
(अ) विशेषण (ब) संज्ञा (स) सर्वनाम (द) कारक

180. ''राजन! संत राष्ट्र की आत्मा होते हैं।'' वाक्य में प्रयुक्त '' .....'' चिह्न है–
(अ) विस्मयादिबोधक चिह्न (ब) अर्द्ध विराम चिह्न
(स) अवतरण चिह्न (द) निर्देशक चिह्न

181. उपर्युक्त गद्यांश में समर्पण शब्द का अर्थ है–
(अ) लड़ाई करना (ब) बहस करना (स) हार मानना (द) न्यौछावर करना

182. 'हृदय से लगाना' मुहावरे का अर्थ है–
(अ) गले लगाना (ब) प्यार से देखना (स) आँखों में बसाना (द) तिरस्कार करना

## (183–190) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

साँप बोला– ''आकाश! आकाश को लेकर मैं क्या चाटूँगा। आकाश में आखिर रखा क्या है? क्या मैं तुम्हारे आकाश में रेंग सकता हूँ। ना भाई, तुम्हारा आकाश तुम्हें ही मुबारक, मेरे लिए तो यह गुफा भली। इतनी आरामदेह और सुरक्षित जगह और कहाँ होगी?

साँप मन ही मन बाज की मूर्खता पर हँस रहा था। वह सोचने लगा कि आखिर उड़ने और रेंगने के बीच कौन–सा भारी अंतर है। अंत में तो सबके भाग्य में मरना ही लिखा है, शरीर मिट्टी का है, मिट्टी में ही मिल जाएगा।

183. ''साँप बोला – आकाश !'' वाक्य में रेखांकित चिह्न है–
(अ) निर्देशक चिह्न (ब) विस्मयादिबोधक (स) उद्धरण चिह्न (द) कोई नहीं

184. ''अम्बर'' का पर्यायवाची शब्द है–
(अ) पटु (ब) प्रसून (स) आकाश (द) उपर्युक्त सभी

185. साँप के लिए सुरक्षित और आरामदेह जगह कौनसी है?

(अ) गुफा (ब) मन्दिर (स) आकाश (द) पाताल

186. 'साँप मन ही मन ............. मूर्खता पर हँस रहा था।' रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(अ) बाज की (ब) आकाश की (स) गुफा की (द) शरीर की

187. साँप के कथनानुसार शरीर .............. है।

(अ) मिट्टी का (ब) सोने का (स) चाँदी का (द) उपर्युक्त सभी का

188. जैसे– 'उड़ना और रेंगना' में द्वन्द्व समाज है, उसी प्रकार ''फलफूल'' में समास है।

(अ) द्विगु (ब) अव्ययी भाव (स) द्वन्द्व (द) बहुब्रीहि

189. ''<u>तुम्हारा</u> आकाश तुम्हें मुबारक'' वाक्य में रेखांकित शब्द है।

(अ) अव्यय (ब) उपसर्ग (स) सर्वनाम (द) संज्ञा

190. ''शरीर मिट्टी का है, <u>मिट्टी</u> में ही मिल जाएगा'' वाक्य में रेखांकित शब्द है।

(अ) विशेषण (ब) अव्यय (स) समास (द) सन्धि

| उत्तरमाला (हिन्दी) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (अ) | 2 (स) | 3 (ब) | 4 (अ) | 5 (स) |
| 6 (अ) | 7 (अ) | 8 (द) | 9 (अ) | 10 (अ) |
| 11 (अ) | 12 (द) | 13 (अ) | 14 (अ) | 15 (अ) |
| 16 (ब) | 17 (स) | 18 (अ) | 19 (ब) | 20 (अ) |
| 21 (ब) | 22 (स) | 23 (ब) | 24 (द) | 25 (द) |
| 26 (स) | 27 (अ) | 28 (अ) | 29 (ब) | 30 (ब) |
| 31 (ब) | 32 (द) | 33 (ब) | 34 (ब) | 35 (अ) |
| 36 (स) | 37 (अ) | 38 (द) | 39 (द) | 40 (अ) |
| 41 (अ) | 42 (ब) | 43 (अ) | 44 (अ) | 45 (द) |
| 46 (ब) | 47 (ब) | 48 (ब) | 49 (अ) | 50 (अ) |
| 51 (द) | 52 (अ) | 53 (अ) | 54 (ब) | 55 (ब) |
| 56 (ब) | 57 (अ) | 58 (अ) | 59 (स) | 60 (ब) |
| 61 (अ) | 62 (स) | 63 (अ) | 64 (स) | 65 (ब) |
| 66 (ब) | 67 (ब) | 68 (स) | 69 (ब) | 70 (ब) |
| 71 (ब) | 72 (अ) | 73 (अ) | 74 (स) | 75 (ब) |
| 76 (ब) | 77 (ब) | 78 (स) | 79 (स) | 80 (ब) |
| 81 (अ) | 82 (स) | 83 (ब) | 84 (ब) | 85 (स) |
| 86 (अ) | 87 (स) | 88 (अ) | 89 (ब) | 90 (स) |
| 91 (ब) | 92 (स) | 93 (स) | 94 (स) | 95 (द) |
| 96 (ब) | 97 (स) | 98 (अ) | 99 (स) | 100 (स) |
| 101 (स) | 102 (ब) | 103 (ब) | 104 (द) | 105 (स) |
| 106 (अ) | 107 (अ) | 108 (स) | 109 (स) | 110 (स) |
| 111 (ब) | 112 (ब) | 113 (अ) | 114 (ब) | 115 (ब) |
| 116 (ब) | 117 (स) | 118 (अ) | 119 (स) | 120 (द) |
| 121 (अ) | 122 (ब) | 123 (अ) | 124 (अ) | 125 (अ) |
| 126 (स) | 127 (ब) | 128 (अ) | 129 (स) | 130 (ब) |
| 131 (स) | 132 (अ) | 133 (अ) | 134 (अ) | 135 (स) |
| 136 (अ) | 137 (अ) | 138 (अ) | 139 (स) | 140 (अ) |
| 141 (अ) | 142 (स) | 143 (ब) | 144 (अ) | 145 (द) |
| 146 (अ) | 147 (द) | 148 (अ) | 149 (द) | 150 (ब) |
| 151 (अ) | 152 (ब) | 153 (द) | 154 (स) | 155 (स) |
| 156 (द) | 157 (स) | 158 (स) | 159 (द) | 160 (ब) |
| 161 (स) | 162 (स) | 163 (द) | 164 (स) | 165 (स) |
| 166 (द) | 167 (स) | 168 (द) | 169 (अ) | 170 (स) |
| 171 (अ) | 172 (द) | 173 (ब) | 174 (द) | 175 (अ) |
| 176 (ब) | 177 (अ) | 178 (ब) | 179 (अ) | 180 (स) |
| 181 (स) | 182 (अ) | 183 (अ) | 184 (स) | 185 (अ) |
| 186 (अ) | 187 (अ) | 188 (स) | 189 (स) | 190 (ब) |

# NAS 2017 कक्षा–8 (हिन्दी)

## गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

दीमक लकड़ी पचाने में बड़ी माहिर होती हैं। ये एक किस्म से सामाजिक कॉकरोच हैं। कॉकरोच इसलिए, क्योंकि ये उनकी प्रजाति से काफ़ी निकट हैं और सामाजिक इसलिए, क्योंकि ये अपने कामों को स्पष्ट रूप से बाँटकर करती हैं। कुछ मज़दूर दीमक होती हैं, कुछ रक्षक और राजा–रानी दीमक होती हैं। इनमें लिंग के आधार पर कोई अंतर नहीं होता। यानी मादा व नर दीमक साथ–साथ काम करते हैं। इनकी हर कॉलोनी मे एक रानी दीमक होती है जो 15–30 साल तक ज़िंदा रहती है। यह हर रोज़ 100 तक अंडे देती है। एक घर में कई कॉलोनियाँ हो सकती हैं। कुछ कॉलोनियों में मज़दूर दीमक बगीचा बनाती हैं जहाँ वे फफूँदी उगाती हैं। वे चौबीसों घंटे काम करती हैं।

चूँकि बरसात के मौसम में खाने की कमी होती है, इसलिए ये गर्मियों से ही अपने भोजन का प्रबंध करना शुरू कर देती हैं। वैसे तो दीमक कॉलोनियाँ बनाकर समूह में रहती हैं लेकिन गर्मियों में ये अपनी कॉलोनियाँ छोड़कर हवा में उड़ने लगती हैं। इससे ऐसा लगता है जैसे धुआँ–सा फैला हुआ हो।उड़ने वाली दीमक इधर–उधर भटकने की बजाय अपनी नई कॉलोनियाँ बनाती हैं। हालाँकि सभी दीमक नई कॉलोनियाँ नहीं बना पातीं, इसलिए वे भूखे मेंढकों, छिपकलियों, पक्षियों व चमगादड़ों का शिकार बन जाती हैं।

दीमक पतली–सी दरार से भी घर में घुसकर घर के हिस्से पर धावा बोल सकती हैं और बहुत नुकसान कर सकती हैं। दीमक से होने वाले नुकसान से बचने के लिए कोई बीमा नहीं होता है।

प्र.1 दीमक खाती हैं–

(क) पत्थर (ख) लकड़ी (ग) लोहा (घ) चमड़ा

प्र.2 गद्यांश के आधार पर कौन–सा कथन सही नहीं है?

(क) दीमकों में काम का स्पष्ट विभाजन होता है।

(ख) दीमक कॉलोनी बनाकर रहती हैं।

(ग) दीमकों में काम को लेकर नर–मादा में भेद होता है।

(घ) कुछ दीमक रक्षक होती हैं।

प्र.3 कौन–सी दीमक मेंढक, छिपकलियों आदि का शिकार बन जाती हैं?

(क) जो कॉलोनी में रहती हैं। (ख) जो कॉलोनी नहीं बना पाती हैं।

(ग) जो उड़ नहीं सकती हैं। (घ) जो दीमक मज़दूर होती हैं।

प्र.4 'इनमें लिंग के आधार पर भेद नहीं होता है' का अर्थ है–

(क) दीमक में नर या मादा नहीं होते हैं। (ख) सभी दीमक एक जैसी होती हैं।

(ग) केवल नर दीमक होती है। (घ) सभी मादा व नर दीमक साथ काम करते हैं।

प्र.5 इस गद्यांश का उद्देश्य यह बताना है कि–

(क) दीमक कैसे रहती और काम करती हैं। (ख) दीमक से क्या नुकसान होता है।

(ग) दीमक नई कॉलोनी कैसे बनाती हैं। (घ) कौन–से प्राणी दीमक को खा जाते हैं।

**प्र.6–10 नीचे दिए गए विज्ञापन को देखें और प्रश्नों के उत्तर दें–**




प्र.6 इस विज्ञापन का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(क) पानी की बचत करने के लिए प्रेरित करना
(ख) सफाई के लिए प्रेरित करना
(ग) गांधी जी के बारे में बताना
(घ) लोगों से जुर्माना एकत्रित करना

प्र.7 'खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप देखना चाहते हैं'' इस वाक्य का क्या अर्थ है?

(क) दुनिया में बदलाव देखने के लिए मेहनत कीजिए।
(ख) दुनिया में बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है।
(ग) दुनिया में बदलाव करने से पहले दुनिया देखिए।
(घ) खुद को देखने से दुनिया बदल जाती है।

प्र.8 क्या करने से जुर्माना हो सकता है?

(क) कुड़ेदान का प्रयोग करने से
(ख) थूकदान का प्रयोग करने से
(ग) रेल परिसर में कूड़ा फेकने से
(घ) पानी का नल बंद करने से

प्र.9 एक लड़की ने अपने पिता से कहा– आप केले के छिलके सीट के नीचे मत डालिए। विज्ञापन की कौन–सी बात इस वाक्य पर लागू होती है?

(क) कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें।
(ख) थूकदान का प्रयोग करें।
(ग) शौचालय का उपयोग करें।
(घ) पानी की बचत करें।

प्र.10 'स्वच्छ भारत मिशन' का उद्देश्य क्या है?

(क) केवल रेलगाड़ी को साफ–सुथरा रखना।
(ख) गाँधीजी के विचारों का प्रचार करना।
(ग) भारत–भर में शौचालय बनाना।
(घ) भारत को स्वच्छ बनाना।

## गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

नीम छोटी, चमकदार हरी पत्तियों वाला एक बड़ा सदाबहार वृक्ष होता है। इसका तना सीधा होता है। इसकी छाल कठोर, खुरदरी और पपड़ीदार होती है। इसमें वसंत ऋतु में छोटे–छोटे सफेद फूल खिलते हैं। यह वृक्ष कभी भी पत्ती रहित नहीं होता क्योंकि इसकी सभी पत्तियाँ एक साथ नहीं गिरती हैं। यह पूरे भारत में पाया जाता है। संस्कृत में नीम का नाम 'अरिष्ठ' है, जिसका अर्थ है 'रोगों से मुक्ति' देने वाला। इसे 'चमत्कारी वृक्ष' के नाम से भी जाना जाता है। नीम के वृक्ष का प्रत्येक हिस्सा दवाइयाँ बनाने के काम आता है। इसके बीजों से तेल निकाला जाता है जो 'मार्गोसा' तेल कहलाता है। यह तेल कोढ़ और चर्म रोगों के उपचार में काफी प्रभावशाली होता है। इसकी पत्तियों का प्रयोग चेचक के उपचार के लिए किया जाता है। नीम की चाय का प्रयोग अकसर सिरदर्द और बुखार में आराम पाने के लिए किया जाता है। इसके फूलों का उपयोग आँत–संबंधी रोगों के उपचार के लिए किया जाता है। नीम की छाल और गोंद से भी कई अचूक दवाइयाँ बनाई जाती हैं। भारत में लोग नीम की टहनी का उपयोग अपने दाँत साफ करने के लिए करते हैं। दराजों और लकड़ी की अलमारियों को तिलचट्टे और कीट–पतंगों से बचाने के लिए उनमें नीम की सूखी पत्तियाँ रखी जाती हैं। गन्ने और सब्ज़ियों की फसल के लिए खाद के रूप में नीम का बहुतायत में प्रयोग किया जाता है। कुछ लोग नीम के वृक्ष को पवित्रा मानते हैं और उसकी पत्तियों को अपने घर के मुख्य द्वार पर बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए तोरण के रूप में बाँधते हैं। नवजात शिशु को अच्छे स्वास्थ्य और रोगों से बचाव के लिए नीम की पत्तियों पर लिटाया जाता है। निस्संदेह, यह सारे संसार में 'अद्भुत वृक्ष' के रूप में जाना जाता है।

प्र.11 नीम की छाल कैसी होती है?

(क) चिकनी और हरी  (ख) खुरदरी और पपड़ीदार
(ग) मुलायम और पपड़ीदार  (घ) कठोर और हरी

प्र.12 नीम के फूल किस रोग के उपचार के लिए उपयोगी होते हैं?

(क) चर्म रोग  (ख) चेचक  (ग) आँत–रोग  (घ) बुखार

प्र.13 नीम की सूखी पत्तियाँ अलमारियों में क्यों रखी जाती हैं?

(क) छिपकलियों और चीटियों से बचाव के लिए।  (ख) कीड़ों से बचाव के लिए।
(ग) कपड़ों की चमक बनाए रखने के लिए।  (घ) उन्हें साफ रखने के लिए।

प्र.14 कुछ लोग नीम की पत्तियों को तोरण के रूप में घर के मुख्य द्वार पर क्यों बाँधते हैं?

(क) बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए।  (ख) कीट–पतंगों से बचाव के लिए।
(ग) अपने घरों को सजाने के लिए।  (घ) रोगों को दूर करने के लिए।

प्र.15 नीम 'अद्भुत वृक्ष' क्यों कहलाता है?

(क) इसकी टहनियों का प्रयोग दाँत साफ करने के लिए किया जाता है।
(ख) इससे उपयोगी खाद बनती है।
(ग) यह नवजात शिशुओं की रक्षा करता है।
(घ) वृक्ष का प्रत्येक हिस्सा उपयोगी होता है।

## गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

सारे संसार के यातायात के साधनों में साइकिल सबसे सस्ता और आम साधन है। सबसे पुरानी साइकिलें लकड़ी से बनी थीं और उनके पैडल नहीं होते थे। फिर लोहे से बनी साइकिलें आईं जिनमें कोई चेन या टायर नहीं थे। लगभग अस्सी वर्ष पहले एक व्यक्ति ने साइकिल से इंगलैंड और फ्ँास के बीच का समुद्र पार किया।

इस साइकिल में पैडल और तैरने का एक विशेष उपकरण लगा था जिसे फ़्लोटर कहते हैं।आजकल बाज़ार में भिन्न–भिन्न प्रकार की साइकिलें उपलब्ध हैं। खेल–साइकिलों (स्पोर्ट्स साइकिल) में गियर लगे होते हैं लेकिन ये बहुत महँगी होती हैं। साइकिलें मनोरंजन के लिए भी होती हैं जो अधिकतर सरकस और प्रदर्शनों में इस्तेमाल की जाती है। शरीर को दुरुस्त रखने और पहाड़ी रास्तों पर चलने के लिए भी साइकिलें होती हैं। साइकिल चलाने में मज़ा भी आता है और इससे प्रदूषण भी कम होता है। ये किसी ईंधन से नहीं चलती और इन्हें चलाने के लिए किसी लाइसेंस की भी आवश्यकता नहीं होती।सरकार को कार के स्थान पर साइकिल के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। साइकिल चलाने वालों के लिए अलग रास्ते बनाए जाने चाहिए तथा साइकिल खड़ा करने के लिए निःशुल्क पार्किंग का स्थान दिया जाना चाहिए। बैंको को कम ब्याज दरों पर कर्ज़ उपलब्ध करवाना चाहिए।

प्र.16 इनमें से सबसे पुरानी साइकिलें कौन–सी थीं?

(क) लोहे से बनी साइकिलें (ख) लकड़ी से बनी साइकिलें

(ग) पहाड़ी पर चलने वाली साइकिलें (घ) व्यायाम वाली साइकिलें

प्र.17 रेस (दौड़) के लिए किस प्रकार की साइकिल उपयुक्त होगी?

(क) फ़्लोटर वाली साइकिल (ख) सरकस में प्रयोग होने वाली साइकिल

(ग) खेल–साइकिल (स्पोर्ट्स साइकिल) (घ) सामान्य साइकिल

प्र.18 साइकिलें कार से बेहतर हैं क्योंकि–

(क) ये अधिक महँगी होती हैं। (ख) इन्हें लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

(ग) इन्हें चलाना कठिन होता है। (घ) ये हवा को प्रदूषित नहीं करती।

प्र.19 साइकिल के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को क्या कदम उठाना चाहिए?

(क) कर्ज़ पर ब्याज की दर में वृद्धि करना (ख) साइकिल चलाने के लिए अलग पटरी बनाना

(ग) साइकिल पार्किंग के शुल्क में वृद्धि करना (घ) लाइसेंस को अनिवार्य बनाना

प्र.20 इनमें से कौन–सा साइकिल चलाने का लाभ <u>नहीं</u> है?

(क) यह हमें दुरूस्त रखती है। (ख) इससे प्रदूषण नहीं होता।

(ग) यह यातायात का तीव्र साधन है। (घ) यह यातायात का सबसे सस्ता साधन है।

## नीचे दी गई तालिका को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें–

| श्रेणी | प्राणी का नाम | लंबाई या ऊँचाई | वज़न | भोजन की आदत |
|---|---|---|---|---|
| अब तक का सबसे विशाल प्राणी (विलुप्त) | डायनासोर | 35 मीटर से अधिक | 7,40,000 किलोग्राम | शाकाहारी |
| सबसे बड़ा जीवित प्राणी | नीली व्हेल | 30.4 मीटर | 1,70,000 किलोग्राम | मांसाहारी |
| सबसे बड़ा स्थलीय प्राणी | अफ्रीकी हाथी | 10.7 मीटर | 6,300 किलोग्राम | शाकाहारी |
| सबसे ऊँचा स्थलीय प्राणी | जिराफ | 5.8 मीटर | 2,000 किलोग्राम | शाकाहारी |
| सबसे बड़ा सरीसृप | खारे पानी का मगरमच्छ | 5.3 मीटर | 1,360 किलोग्राम | मांसाहारी |
| सबसे बड़ा जीवित पक्षी | शुतुरमुर्ग | 2.8 मीटर | 150 किलोग्राम | सर्वाहारी |

प्र.21 जिराफ है–

(क) सबसे बड़ा स्थलीय प्राणी (ख) सबसे ऊँचा स्थलीय प्राणी

(ग) सबसे बड़ा विलुप्त प्राणी (घ) सबसे बड़ा जीवित प्राणी

प्र.22 कौन–से प्राणी का वज़न ज़िराफ से कम लेकिन शुतुरमुर्ग से अधिक है?

(क) मगरमच्छ (ख) डायनासोर

(ग) नीली व्हेल (घ) अफ्रीकी हाथी

प्र.23 कौन–सा प्राणी पौधे, जड़ें, छिपकलियाँ, कीड़े–मकोड़े, बीज और फल आदि खाता है?

(क) डायनासोर (ख) नीली व्हेल

(ग) शुतुरमुर्ग (घ) अफ्रीकी हाथी

प्र.24 सबसे बड़ा स्थलीय प्राणी कौन–सा है?

(क) जिराफ (ख) नीली व्हेल

(ग) शतुरमुर्ग (घ) अफ्रीकी हाथी

प्र.25 मगरमच्छ निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(क) पक्षी (ख) सरीसृप

(ग) स्थलचर (घ) विलुप्त प्राणी

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–8

# विषय – गणित

## गणित

1. निम्न में से तीन अंको की सबसे बड़ी संख्या है–

(1) 383 (2) 999 (3) 100 (4) 555

2. निम्न में से सम अभाज्य संख्या कौनसी है–

(1) 2 (2) 6 (3) 4 (4) 3

3. दिये वर्ग का परिमाप क्या होगा? जबकि भुजा $2x$ है।




(1) $2x \times 2x$ (2) $4 \times 2x$ (3) $3x \times 2x$ (4) $x \times x$

4. यदि संख्या | 2 | 4 | 9 | ? | 2 से विभाज्य है, तो | ? | के स्थान पर क्या अंक होगा?

(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 5

5. एक आयताकार पार्क की लम्बाई 40 मीटर तथा चौडाई 20 मीटर है, तो पार्क का परिमाप होगा?




(1) 160 मीटर (2) 200 मीटर (3) 120 मीटर (4) 80 मीटर

6. परिमेय संख्या $\frac{3}{4}+\frac{1}{4}$ का मान है–

(1) $\frac{8}{4}$ (2) $\frac{3}{4}$ (3) $\frac{4}{4}$ (4) $\frac{2}{4}$

7. संख्या रेखा पर –1 और 1 के ठीक मध्य की परिमेय संख्या होगी–

(1) 0 (2) 2 (3) 1 (4) –1

8. चित्र  में छायांकित भाग का मान है।

(1) $\frac{3}{4}$ (2) $\frac{2}{4}$ (3) $\frac{1}{4}$ (4) $\frac{4}{4}$

9. भिन्न $\frac{3}{7}, \frac{1}{7}, \frac{4}{7}, \frac{8}{7}$ का आरोही क्रम है ?

(1) $\frac{8}{7}, \frac{4}{7}, \frac{3}{7}, \frac{1}{7}$ (2) $\frac{1}{7}, \frac{3}{7}, \frac{4}{7}, \frac{8}{7}$ (3) $\frac{4}{7}, \frac{3}{7}, \frac{8}{7}, \frac{1}{7}$ (4) $\frac{8}{7}, \frac{1}{7}, \frac{4}{7}, \frac{3}{7}$

10. विस्तारित रूप $300+50+8+\frac{4}{10}+\frac{8}{100}$ का दशमलव रूप है?

(1) 385.84 (2) 358.48 (3) 358.84 (4) 3588.4

11. 10 स्काउट बैजों का मूल्य 50 रू. है, तो 32 स्काउट बैजों का मूल्य होगा?

(1) 150 रू. (2) 160 रू. (3) 320 रू. (4) 500 रू.

12. निम्न घनाभाकार आकृति का सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या होगा? यदि लम्बाई 10 इकाई, चौड़ाई 8 इकाई व ऊँचाई 4 इकाई हो।




(1) 304 वर्ग सेमी (2) 125 वर्ग सेमी (3) 144 वर्ग सेमी (4) 320 वर्ग सेमी

13. दिए गए चतुर्भुज $MORE$ में कोण x का मान है–




(1) $85^0$ (2) $95^0$ (3) $80^0$ (4) $100^0$

14. एक समचतुर्भुज $RISK$ में x तथा y का अन्तर होगा ?




(1) 4 (2) 0 (3) 16 (4) 8

15. समान्तर चतुर्भुज ABCD के आसन्न कोणों का अनुपात 1:5 है तो $x$ तथा $y$ का योग होगा–




(1) $180^0$ (2) $60^0$ (3) $90^0$ (4) $150^0$

16. यदि किसी चतुर्भुज का प्रत्येक कोण $90^0$ हो एवं सभी भुजाएँ बराबर हो तो वह कहलाता है–

(1) आयत (2) वर्ग (3) समांतर चतुर्भुज (4) समचतुर्भुज

17. समचतुर्भुज SELF में $\angle$FOL का मान है।




(1) $60^0$ (2) $90^0$ (3) $120^0$ (4) $150^0$

18. समलम्ब चतुर्भुज PQRS में PQ || SR है तो कोण $x$ और कोण $y$ के मान होंगे–




(1) $\angle x = 60^0$, $\angle y = 90^0$ (2) $\angle x = 50^0$, $\angle y = 100^0$

(3) $\angle x = 90^0$, $\angle y = 90^0$ (4) $\angle x = 90^0$, $\angle y = 60^0$

19. समान्तर चतुर्भुज LONG में x तथा y का अनुपात होगा–




(1) 7 : 5 (2) 8 : 5 (3) 5 : 7 (4) 6 : 8

20. यदि किसी वर्ग के चार चक्कर लगाने पर 16 किमी की दौड़ पूरी होती है तो वर्ग का क्षेत्रफल होगा–

(1) 4 किमी (2) 4 वर्ग किमी (3) 1 किमी (4) 1 वर्ग किमी

21. p में q के दुगुने को जोड़ने पर प्राप्त व्यंजक होगा?

(1) pq (2) 2p (3) p+2q (4) 2qp

22. राम व श्याम के पास 45 रू. अनुपात 1 : 2 में है, राम के पास रूपये है।

(1) 20 (2) 15 (3) 10 (4) 5

23. निम्न में x का मान है–

$$\frac{15}{21} = \frac{5}{x}$$

(1) 15 (2) 7 (3) 21 (4) 5

24. कौनसी राशियाँ समानुपात में है–

(1) 8, 16, 48, 36 (2) 12, 18, 20, 30

(3) 14, 20, 26, 32 (4) 26, 65, 32, 60

25. ABCD एक समान्तर चतुर्भुज है, इसमें कोण C का मान बताओ–




(1) $180^0$ (2) $50^0$ (3) $105^0$ (4) $75^0$

26. दिए गए ग्राफ में जनसंख्या का छोटे से बड़े में सही क्रम होगा–




(1) पंजाब, असम, बिहार, राजस्थान, हिमाचल (2) राजस्थान, हिमाचल, असम, पंजाब, बिहार

(3) असम, पंजाब, हिमाचल, बिहार, राजस्थान (4) बिहार, हिमाचल, राजस्थान, पंजाब, असम

27. कौनसा वृत्त दिए गए वृत्तों में छायांकित भाग 75% को प्रदर्शित करता है ?




(1) $C$ (2) $B$ (3) $A$ (4) $D$

28. राम ने बाजार से $\frac{3}{2}Kg$ आम खरीदे और $\frac{1}{2}Kg$ केले खरीदे तो कुल कितने किग्रा. फल खरीदे ?

(1) $1\,Kg$ (2) $2\,Kg$ (3) $3\,Kg$ (4) $4\,Kg$

29. अंग्रेजी विषय में प्राप्तांक 3, 4, 6, 7 है तो अंकों का औसत प्राप्तांक है–

(1) 3 (2) 5 (3) 4 (4) 7

30. एक आयताकार मैदान का 2 चक्कर पूरा लगाने में कितने मीटर दूरी तय हुई?




(1) 14 (2) 7 (3) 28 (4) 12

31. एक वर्गाकार खेत की चारों भुजाओं का योग 20 मीटर है, तो खेत का क्षेत्रफल होगा–

(1) 25 मीटर $^2$ (2) 100 मीटर $^2$ (3) 15 मीटर $^2$ (4) 20 मीटर $^2$

32. एक साईकल रिक्शा 10 घण्टे में 50 KM की दूरी तय करता है, तो रिक्शा की चाल होगी–

(1) 500 KM/घण्टा (2) 50 KM/घण्टा (3) 5 KM /घण्टा (4) 2 KM /घण्टा

33. निम्न में से सबसे छोटी भिन्न है–

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{1}{3}$ (3) $\frac{1}{4}$ (4) $\frac{2}{3}$

34. $\frac{3}{2}x + \frac{1}{2}x$ का मान होगा–

(1) $2\,x$ (2) $x^2$ (3) $\frac{4}{4}x$ (4) $\frac{3}{4}x$

35. कार से 60 km की दूरी तय करने में 3 लीटर पेट्रोल खर्च हो, तो एक लीटर पट्रोल में कितनी दूरी तय करेगी–

(1) 20 किमी. (2) 30 किमी. (3) 40 किमी. (4) 50 किमी.

36. 


आयत A का क्षेत्रफल 3 मीटर$^2$ है।

आयत B का क्षेत्रफल 3 मीटर$^2$ है

तो बताइये आयत A व B को इस प्रकार मिला लेवें तो कुल क्षेत्रफल कितना होगा?




(1) 6 मीटर$^2$ (2) 5 मीटर$^2$ (3) 2 मीटर$^2$ (4) 9 मीटर$^2$

37. किसी सख्यां के दुगुने से 7 कम 19 होता है तो कथन को समीकरण में किस प्रकार लिख सकते है–

(1) $2x + 19 = 17$ (2) $2x - 7 = 19$

(3) $x - 7 = 19$ (4) $x + 2 - 7 = 19$

38. एक सिक्के को एक बार उछालने पर चित आने की प्रायिकता होगी–

(1) $\frac{1}{4}$ (2) $\frac{1}{2}$ (3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{1}{5}$

39. दिए गए चित्र में $ABCD$ एक समान्तर चतुर्भुज है




भुजा CD की लम्बाई होगी–

(1) 10 सेमी. (2) 27 सेमी (3) 17 सेमी (4) 19 सेमी

40. बीजीय व्यंजक $(2x+5)(2x-5)$ का मान होगा–

(1) $(2x)^2 + 2(2x)(5) + (5)^2$ (2) $(2x)^2 - (5)^2$

(3) $(2x)^2 + (5)^2$ (4) $(2x)^2 - 2(2x)(5) - (5)^2$

41. अंग्रेजी विषय की एक परीक्षा में 5 छात्रों के अंक 36, 28, 7, 39, 45 है इसकी माध्यिका क्या होगी?

(1) 39 (2) 36 (3) 7 (4) 45

42. $(95)^2$ का मान बताइए–

(1) 9005 (2) 9025 (3) 1005 (4) 9925

43. दिए गए चित्र में $x$ का मान है –




(1) $70^0$ (2) $40^0$ (3) $60^0$ (4) $50^0$

44. नीचे दिए गए चित्र में कोण 5 का संगत कोण है –




(1) कोण 1 (2) कोण 8 (3) कोण 2 (4) कोण 7

45. निम्न में से कौनसी संख्या 9 से विभाज्य होगी?

(1) 1827 (2) 1227 (3) 3395 (4) 145

46. निम्न में से कौनसी संख्या 11 से विभाज्य नहीं है?

(1) 12345 (2) 1573 (3) 4345 (4) 72325

47. संख्या 24. 36. 60 का महत्तम समापवर्त्य है–

(1) 6 (2) 12 (3) 18 (4) 24

48. राजू की गाय 15 लीटर तथा भैस 20 लीटर दूध देती है, किस अधिकतम माप के बर्तन से गाय व भैस के दूध को पूरा–पूरा माप सके?

(1) 15 लीटर (2) 5 लीटर (3) 35 लीटर (4) 20 लीटर

49. $-\frac{5}{7}$ का निरपेक्ष माप क्या होगा?

(1) $\frac{5}{7}$ (2) $-\frac{5}{7}$ (3) $\frac{7}{5}$ (4) $-\frac{7}{5}$

50. तुल्य भिन्न $\frac{6}{8}$ और $\frac{15}{20}$ कौनसी भिन्न की, तुल्य भिन्न है?

(1) $\frac{4}{3}$ (2) $\frac{5}{3}$ (3) $\frac{3}{4}$ (4) $\frac{3}{5}$

51. संख्या $\frac{8}{6}-\frac{2}{5}$ का हल होगा?

(1) $\frac{15}{14}$ (2) $\frac{14}{15}$ (3) $\frac{30}{28}$ (4) $\frac{12}{30}$

52. दशमलव संख्या 280.69+25.8+8.80 का मान होगा?

(1) 351.29 (2) 315.29 (3) 305.92 (4) 350.29

53. संख्या 96 में अंक 9 का एकाधिकेन से बनने वाली नवीन संख्या होगी?

(1) 106 (2) 196 (3) 96 (4) 97

54. संख्या 7 x 16 का निखिलम विधि से गुणा करने पर संख्या 7 एवं संख्या 16 के विचलन क्रमशः होंगे जबकि आधार 10 हो।

(1) 3, 6 (2) –3, 6 (3) 6, –3 (4) –3, –6

55. दिए गए कोणों के आधार पर त्रिभुजों के प्रकार होंगे–

(A) $105^0, 46^0, 29^0$ (B) $60^0, 60^0, 60^0$ (C) $57^0, 33^0, 90^0$

(1) समकोण त्रिभुज, न्यूनकोण त्रिभुज, अधिककोण त्रिभुज

(2) अधिककोण त्रिभुज, समकोण त्रिभुज, न्यूनकोण त्रिभुज

(3) अधिककोण त्रिभुज, न्यूनकोण त्रिभुज, समकोण त्रिभुज

(4) इनमें से कोई नहीं

56. एक त्रिभुज की ऊँचाई उसके आधार के दुगुने से 5 अधिक है उसकी ऊँचाई क्या होगी यदि आधार $b$ हैं?

(1) $2b-5$ (2) $2b+5$ (3) $b+5$ (4) $b+2$

57. रिया और कंचन के बीच 45 रूपये को 2 : 1 में बाँटा जाता है तो रिया और कंचन के हिस्से का अन्तर क्या होगा?

(1) 30 रू. (2) 15 रू. (3) 45 रू. (4) 60रू.

58. एक वर्ग का परिमाप 18 सेमी है तो उस वर्ग का क्षेत्रफल होगा?

(1) 25.20 सेमी$^2$ (2) 20.25 सेमी$^2$ (3) 24.25 सेमी$^2$ (4) 33.45 सेमी$^2$

59. 30 विद्यार्थियों की एक कक्षा मे कुल विद्यार्थिया में से $\frac{1}{5}$ भाग विद्यार्थी अंग्रेजी पढ़ना पसन्द करते हैं, तो अंग्रेजी पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या होगी?

(1) 7 (2) 6 (3) 12 (4) 18

60. निम्न संख्याओं में से कौनसी संख्याएँ पाइथागोरियन त्रिक नहीं है–

(1) 3, 4, 5 (2) 6, 8, 10 (3) 5, 12, 13 (4) 7, 24, 26

61. वैदिक विधि से 178 x 99 का हल होगा?

(1) 17722 (2) 17622 (3) 17799 (4) 17629

62. किसी त्रिविमीय आकृति में फलकों की संख्या क्या होगी यदि उसके 12 किनारे व 8 शीर्ष है।

(1) 12 (2) 8 (3) 6 (4) 10

63. समचतुर्भुज का गुणधर्म नहीं है–

(1) प्रत्येक भुजा समान होती है। (2) विकर्ण समान होते है।

(3) विकर्ण परस्पर समविभाजित करते है। (4) विकर्ण परस्पर लम्बवत् होते है।

64. दिये गये चित्र में कोण $COD$ का मान बताओ।




(1) $50^0$ (2) $180^0$ (3) $100^0$ (4) $80^0$

65. एक आयत की लम्बाई, चौडाई से 3 मीटर ज्यादा है, यदि चौडाई $x$ हो, तो क्षेत्रफल का विकल्प होगा–

(1) $3x^2$ मी.$^2$ (2) $(3-x)^2$ मी.$^2$ (3) $(3+x)\,x$ मी.$^2$ (4) $x^2$ मी.$^2$

66. $\frac{9x}{4} \times \frac{8x}{2}$ का गुणनफल होगा?

(1) $\frac{72x}{4}$ (2) $\frac{17x}{6}$ (3) $\frac{72x^2}{8}$ (4) $\frac{x}{2}$

67. परिमेय संख्या $\frac{4}{13}, \frac{12}{13}, \frac{8}{13}, \frac{10}{13}$ का अवरोही क्रम होगा?

(1) $\frac{4}{13}, \frac{12}{13}, \frac{8}{13}, \frac{10}{13}$ (2) $\frac{12}{13}, \frac{10}{13}, \frac{8}{13}, \frac{4}{13}$

(3) $\frac{8}{13}, \frac{12}{13}, \frac{4}{13}, \frac{10}{13}$ (4) $\frac{10}{13}, \frac{4}{13}, \frac{12}{13}, \frac{8}{13}$

68. परिमेय संख्या $-\frac{3}{5}$ का योज्य प्रतिलोम है–

(1) 0 (2) 1 (3) $\frac{3}{5}$ (4) $-\frac{5}{3}$

69. व्यंजक $7x^2y$ का सजातीय पद है–

(1) $7xy$ (2) $-10x^2y$ (3) 7 (4) $7x^2$

70. n – भुजा वाले बहुभुज के अन्तः कोणों के योग का सूत्र है–

(1) $(n-4) \times 180$ (2) $(n-2) \times 90$ (3) $(n-3) \times 180$ (4) $(n-2) \times 180$

71. ऐसी तीन संख्याएँ लिखिए जो 4 व 6 दोनों की गुणज हो–

(1) 4, 6, 8 (2) 12, 24, 36 (3) 6, 12, 18 (4) 4, 8, 12

72. सबसे छोटी प्राकृत संख्या है–

(1) –1 (2) 0 (3) 1 (4) –2

73. निम्न संख्याओं को सही आरोही क्रम में रखें–

–7, 5, –3, 3

(1) –7, 5, –3, 3 (2) 3, –3, 5, –7 (3) 3, 5, –3, –7 (4) –7, –3, 3, 5

74. आलिया के पास बिना ढ़क्कन वाला एक घनाकार टिन का डिब्बा है, जिसकी भुजा 45 सेमी है वह इसके बाहरी पृष्ठ पर रंगीन कागज चिपकाना चाहती है आवश्यक कागज का क्षेत्रफल होगा–

(1) 2025 वर्ग सेमी (2) 180 वर्ग सेमी (3) 10125 वर्ग सेमी (4) 5000 वर्ग सेमी

75. दिए गए चित्र में 1 cm भुजा के दो घनाकार पासे दिए गए है जिनके एक पृष्ठ को आपस में चिपका कर चित्रानुसार एक नया ठोस बनाया गया है। इस नए ठोस का स.पृ.क्षे. होगा–



(1) 6 वर्ग सेमी (2) 10 वर्ग सेमी (3) 12 वर्ग सेमी (4) 36 वर्ग सेमी

76. यदि किसी घन की भुजा को दुगुना कर दिया जाए तो इसके आयतन में कितने गुना वृद्धि हो जाएगी ?

(1) दुगुना (2) चोगुना (3) आठ गुना (4) बराबर

77. एक आयताकार कागज की लम्बाई 44 सेमी एवं चौड़ाई 3 सेमी हो, तो इसे लम्बाई की तरफ से मोड़ने पर बने बेलन का आयतन होगा–

(1) 132 घन सेमी (2) 462 घन सेमी (3) 132 वर्ग सेमी (4) 462 वर्ग सेमी

78. एक घनाभ की विमाएँ 60 x 54 x 30 सेमी नाप का है। इस घनाभ के अन्दर 6 सेमी भुजा वाले कितने घन रखे जा सकते है?

(1) 540 (2) 450 (3) 500 (4) 400

79. त्रिज्या 70 सेमी और ऊँचाई 1 मीटर वाले बेलनाकार दूध के टैंकर से 1 लीटर वाले कितने पॉलीपैक (थैली) भरे जा सकते है ? (1 $मीटर^3$ = 1000 लीटर)

(1) 1450 (2) 1540 (3) 1630 (4) 1360

80. संख्या 15 का मानक रूप है–

(1) $15 \times 10^{-1}$ (2) $1.5 \times 10^{1}$ (3) $1.5 \times 10^{2}$ (4) $1.5 \times 10^{0}$

81. संख्या 7896 का मानक रूप है–

(1) $78.96 \times 10^{1}$ (2) $789.6 \times 10^{1}$ (3) $7.896 \times 10^{3}$ (4) $7896 \times 10^{0}$

82. संख्या $12 \times 9$ का निखिलम विधि से गुणा करने पर विचलन होगे जबकि आधार 10 है।

(1) 2, 3 (2) 2, −1 (3) −1, 2 (4) 3, 2

83. संख्या $18 \times 5$ का मान किसके समान है

(1) $18\times\frac{100}{2}$ (2) $18\times\frac{10}{2}$ (3) $18\times\frac{1000}{2}$ (4) $18 \times \frac{2}{10}$

84. भिन्न $\frac{1}{3},\frac{1}{5},\frac{1}{4},\frac{1}{2}$ में सबसे बडी भिन्न है–

(1) $\frac{1}{5}$ (2) $\frac{1}{4}$ (3) $\frac{1}{2}$ (4) $\frac{1}{3}$

85. वैदिक गणित के उर्ध्व तिर्यक गुणन विधि से भिन्न $\frac{4}{3}-\frac{2}{5}$ का सही विकल्प है–

(1) $\frac{3\times5-4\times2}{3\times5}$ (2) $\frac{4\times5-2\times3}{3\times5}$ (3) $\frac{2\times3-4\times5}{3\times5}$ (4) $\frac{4\times2-3\times5}{3\times5}$

86. भिन्न $\frac{2}{3}+\frac{3}{5}$ का मान होगा?

(1) $\frac{15}{19}$ (2) $\frac{19}{15}$ (3) $\frac{1}{15}$ (4) $\frac{10}{15}$

87. $6\frac{1}{4} \times 6\frac{3}{4}$ के चरम अंको का योग होता है?

(1) 12 (2) 1 (3) 36 (4) 4

88. वैदिक विधि से भिन्न $2\frac{5}{6} \times 2\frac{1}{6}$ का हल होगा?

(1) $4\frac{5}{36}$ (2) $6\frac{5}{36}$ (3) $4\frac{5}{12}$ (4) $6\frac{5}{12}$

89. संख्या 10 और 13 के बीच की संख्याओं का वर्ग है–

(1) 121, 144 (2) 100, 169 (3) 100, 144 (4) 144,169

90. इकाई के अंक के आधार पर बताइये कि कौन सी संख्याएँ पूर्ण वर्ग संख्या नही है?

(1) 2304 (2) 402 (3) 100 (4) 1521

91. दिए गए ग्राफ पर छायांकित भाग का क्षेत्रफल होगा?



पैमाना

1 खाना = 1 इकाई

(1) 2 वर्ग इकाई (2) 4 वर्ग इकाई (3) 9 वर्ग इकाई (4) 16 वर्ग इकाई

92. इकाई के अंक का कौनसा समूह पूर्ण वर्ग संख्या होने को दर्शाएगा –

(1) 1, 2, 3, 4 (2) 0, 1, 2, 3 (3) 0, 1, 4, 8 (4) 0, 1, 4, 6, 9

93. बिना संक्रिया किए निम्न का योग होगा?

$$1 + 3 + 5 + 7 + 9$$

(1) $4^2$ (2) $6^2$ (3) $5^2$ (4) $7^2$

94. $n$ विषम संख्याओं का योग किसके बराबर होता है?

(1) $2n+1$ (2) $n^2$ (3) $2n-1$ (4) $n^2-1$

95. एक वर्गाकार मैदान का क्षेत्रफल 2025 वर्ग मीटर है, तो मैदान का परिमाप होगा?

(1) 350 मीटर (2) 180 मीटर (3) 90 मीटर (4) 650 मीटर

96. दो अंको वाली संख्या के वर्ग में कितने अंक होते हैं?

(1) 2 अथवा 3 (2) 3 अथवा 4 (3) 1 अथवा 2 (4) 2 अथवा 4

97. एक अंक वाली संख्या के वर्गमूल में कितने अंक होगे?

(1) 2 (2) 1 (3) 3 (4) 4

98. 6 किलोमीटर का 500 मीटर के साथ अनुपात क्या होगा?

(1) 6 : 5 (2) 1 : 12 (3) 12 : 1 (4) 5 : 6

99. यदि 12 : $x$ :: 14 : 21 हो तो $x$ का मान क्या होगा ?

(1) 12 (2) 18 (3) 21 (4) 81

100. दशमलव भिन्न 0.225 को प्रतिशत रूप में क्या होगा?

(1) 2.25% (2) 22.5% (3) 225% (4) .225%

101. $12\frac{1}{2}\%$ को दशमलव संख्या में लिख सकते हैं?

(1) 12.5 (2) 0.125 (3) 1.25 (4) 125

102. मोहन ने एक कुर्सी 450 रूपये में खरीद कर 500 रूपये में बेच दी। लाभ प्रतिशत होगा?

(1) 11% (2) $11\frac{1}{9}\%$ (3) $12\frac{1}{2}\%$ (4) 20%

103. एक नगर की जनसंख्या 2500 से बढ़कर 2650 हो जाती है, तो जनसंख्या में प्रतिशत वृद्धि होगी?

(1) 6% (2) 8% (3) 7% (4) 9%

104. एक आयत व वर्ग का परिमाप समान है, आयत की लम्बाई और चौडाई क्रमशः 25 सेमी और 15 सेमी है किस आकृति का क्षेत्रफल अधिक होगा?

(1) आयत का (2) वर्ग का (3) दोनों का समान (4) इनमें से कोई नहीं

105. विद्यालय के आयताकार खेल के मैदान का क्षेत्रफल 600 वर्ग मीटर हैं। यदि मैदान की लम्बाई व चौडाई का अनुपात 3 : 2 है तो मैदान का परिमाप होगा?

(1) 50 मीटर (2) 100 मीटर (3) 150 मीटर (4) 200 मीटर

106. दिए गए चित्र में त्रिभुज का क्षेत्रफल 100 वर्ग सेमी है तो त्रिभुज की ऊँचाई क्या होगी?




(1) 30 सेमी (2) 40 सेमी (3) 50 सेमी (4) 20 सेमी

107. भिन्न $15\frac{4}{7} \times 15\frac{3}{7}$ का मान होगा?

(1) $225\frac{12}{49}$ (2) $240\frac{12}{49}$ (3) $225\frac{49}{12}$ (4) $240\frac{49}{12}$

108. संख्या 35x25 का मान निम्न में से किसके बराबर होगा?

(1) $\frac{35\times100}{2}$ (2) $\frac{35\times100}{4}$ (3) $\frac{35\times10}{2}$ (4) $\frac{35\times1000}{4}$

109. समकोण का पूरक कोण क्या होता है?

(1) $30^0$ (2) $60^0$ (3) $0^0$ (4) $180^0$

110. निम्न मे से कौनसा जोड़ा सम्पूरक कोण का नहीं है।

(1) $140^0, 40^0$ (2) $170^0, 10^0$ (3) $33^0, 57^0$ (4) $115^0, 65^0$

111. $2^{3^4}$ तथा $(2^3)^4$ में कौन बडा है?

(1) $(2^3)^4$ (2) $2^{3^4}$ (3) दोनो समान हैं (4) इनमें से कोई नहीं

112. $16^{\frac{3}{4}}$ का मान होगा?

(1) $4\sqrt{2}$ (2) 8 (3) $2\sqrt{2}$ (4) 16

113. $27^{2x-1} = (243)^3$ तथा $x$ का मान होगा?

(1) 3 (2) 7 (3) 6 (4) 9

114. $150\frac{3}{4}\%$ को दशमलव संख्या में लिख सकते है?

(1) 150.75 (2) 1.5075 (3) 10.075 (4) 15075

115. एक व्यक्ति ने 3200 रूपये में एक सोफासेट खरीदा उसने 100 रूपये धुलाई में खर्च किए तथा 700 रूपये का एक कवर बनावाया। पसन्द न आने के कारण उसने पूरे सेट को 3500 रूपये में बेच दिया। व्यक्ति द्वारा प्राप्त प्रतिशत लाभ या हानि होगी?

(1) 12% लाभ (2) $12\frac{1}{2}\%$ हानि (3) 15% लाभ (4) 20% हानि

116. यदि 15 मेजों का क्रय मूल्य 20 मेजों के विक्रय मूल्य के बराबर हो तो कितने प्रतिशत हानि होगी?

(1) 20% (2) 30% (3) 25% (4) 40%

117. 5000 रूपया पर 8% वार्षिक दर से 4 वर्षों का साधारण ब्याज होगा?

(1) 1500 रूपये (2) 1600 रूपये (3) 600 रूपये (4) 5500 रूपये

118. राम एक भैंस खरीदने के लिए बैंक से 10% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 50,000 रूपया उधार लिया 2 वर्ष बाद उसे कितनी रकम चुकानी पड़ेगी?

(1) 55000 रूपये (2) 60000 रूपये (3) 62500 रूपये (4) 75000 रूपये

119. किस साधारण ब्याज की दर से कोई मूलधन 20 वर्षो मे तिगुना हो जाएगा?

(1) $12\frac{1}{2}\%$ (2) 10% (3) 8% (4) 12%

120. 2000 रू. का 10% वार्षिक चक्रवद्धि ब्याज की दर से तीन वर्ष का मिश्रधन क्या होगा?

(1) 2620 रू. (2) 2762 रू. (3) 6620 रू. (4) 7620 रू.

121. एक आयताकार मैदान का क्षेत्रफल 150 मीटर है और इसका परिमाप 50 मीटर है तो मैदान की चौड़ाई कितनी होगी?

(1) 5 मीटर (2) 10 मीटर (3) 30 मीटर (4) 20 मीटर

122. यदि किसी वृत की परिधि एवं क्षेत्रफल के मान बराबर हो तो उसका व्यास क्या होगा?

(1) वृत्त का क्षेत्रफल (2) $\frac{\pi}{2}$ (3) $2\pi$ (4) 4 इकाई

123. उस घन का आयतन क्या होगा जिसके विकर्ण की माप $4\sqrt{3}$ सेमी है?

(1) 16 घन सेमी (2) 27 घन सेमी (3) 64 घन सेमी (4) 8 घन सेमी

124. यदि दो घनों के आयतनों में 27 : 1 का अनुपात है तो इनकी भुजाओं में अनुपात क्या होगा?

(1) 3 : 1 (2) 27 : 1 (3) 1 : 3 (4) 1 : 27

125. यदि दो घनों के आयतनों का अनुपात 64 : 27 है तो उनके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात होगा?

(1) 4 : 3 (2) 16 : 9 (3) 3 : 4 (4) 9 : 16

126. किसी घनाभ की भुजाओं का अनुपात 1 : 2 : 3 है इसका सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 88 वर्ग सेमी है तो घनाभ का आयतन होगा?

(1) 120 घन सेमी (2) 64 घन सेमी (3) 48 घन सेमी (4) 24 घन सेमी

127. एक साबुन की टिकिया की माप 8 सेमी x 5 सेमी x 4 सेमी है। एक बॉक्स जिसकी माप 56 सेमी x 35 सेमी x 28 सेमी है, में अधिकतम ऐसी कितनी टिकिया रखी जा सकती है?

(1) 49 (2) 196 (3) 343 (4) 243

128. एक चार्ट में एक परिवार की मासिक आय के खर्च का विवरण दिया गया है। इसका अध्ययन कर निम्न प्रश्न का उत्तर दीजिएः—




यदि कपड़े पर व्यय 200 रू. हो तो अन्य मद पर व्यय कितना होगा?

(1) 250 रू. (2) 200 रू. (3) 400 रू. (4) 350 रू.

**(129—131) पुस्तक बनाने तथा उनकी ब्रिकी के दौरान विभिन्न मदां पर आने वाले प्रतिशत व्यय का यह पाई चार्ट दर्शाता हैः—**




**पाई चार्ट को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिएः—**

129. ''कागज की लागत'' के त्रिज्याखण्ड के केन्द्रीय कोण का मान है?

(1) $22\frac{1}{2}^0$ (2) $16^0$ (3) $54^0$ (4) $36^0$

130. यदि छपाई का व्यय 17500 रूपये है तो रॉयल्टी देनी पडेगी?

(1) 8750 (2) 7500 (3) 3151 (4) 6300

131. यदि विविध व्यय 6000 रूपये हो तो ''रॉयल्टी'' से ''जिल्दसाजी तथा कटाई के लिए व्यय'' कितना अधिक है?

(1) 6000रू. (2) 5500रू. (3) 4500रू. (4) 7000रू.

132. जब एक साथ 5 सिक्के उछाले जाते हैं तो कुल परिणामों की संख्या होगी?

(1) 2x5 (2) 5x2 (3) $2^5$ (4) $5^2$

133. जब एक साथ दो सिक्के उछाले जाते है तो समष्टि प्रतिदर्श (Sample space) होंगे?

(1) $S = \{(H,H),(H,T),(T,H),(T,T)\}$

(2) $S = \{(H,H,H),(H,T,H),(T,H,H),(T,T,H),(T,H,T),(H,T,T),(T,T,T)\}$

(3) $S = \{(H),(T)\}$

(4) $S = \{(H,H),(T,T)\}$

**(134–136) आलेख को ध्यान पूर्वक देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए?**




134. 2 सैकण्ड में तय की गई दूरी क्या है?

(1) 2 मीटर (2) 10 मीटर (3) 30 मीटर (4) 40 मीटर

135. 35 मीटर की दूरी तय करने में कितना समय लगेगा?

(1) 6 सैकण्ड (2) 7 सैकण्ड (3) 8 सैकण्ड (4) 5 सैकण्ड

136. वाहन की चाल प्रति सैकण्ड क्या होगी?

(1) 10 मीटर/सैकण्ड (2) 15 मीटर/सैकण्ड (3) 5 मीटर/सैकण्ड (4) 1 मीटर/सैकण्ड

**(137–140) ध्यान पूर्वक देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए?**




137. चतुर्भुज *ABCD* में शीर्ष *A* का निर्देशांक होगा?

(1) (10,2) (2) (2,10) (3) (3,10) (4) (10,6)

138. चतुर्भुज $ABCD$ में शीर्ष बिन्दु $D$ की कोटि होगी?

(1) 4 (2) 13 (3) 2 (4) 10

139. त्रिभुज $PQR$ में आधार $QR$ की लम्बाई होगी?

(1) 4 सेमी (2) 5 सेमी (3) 2 सेमी (4) 6 सेमी

140. त्रिभुज $PQR$ में शीर्ष बिन्दु $Q$ पर बनने वाला कोण होगा?

(1) $30^0$ (2) $60^0$ (3) $90^0$ (4) $45^0$

141. 960 रू. अंकित मूल्य वाली वस्तु 672 रूपये में बेची जाती है। बट्टा प्रतिशत कितना होगा?

(1) 10% (2) 20% (3) 30% (4) 40%

142. एक मॉडल का मूल्य 600 रूपये है। इसके मूल्य में 15% की वृद्धि की गई, तो अब मॉडल का अब कितना मूल्य चुकाना पड़ेगा?

(1) 630 रूपये (2) 690 रूपये (3) 620 रूपये (4) 640 रूपये

143. एक फर्नीचर विक्रेता ने 7200 रूपये की दर से दो ड्रेसिंग टेबल बेचे। उसमे से एक ड्रेसिंग टेबल पर 20% हानि हुई तथा दुसरी ड्रेसिंग टेबल पर 20% का लाभ हुआ तो इस सौदे मे कितने प्रतिशत लाभ या हानि हुई?

(1) 4% लाभ (2) 4% हानि (3) 8% हानि (4) 8% लाभ

144. एक टेलीविजन का मूल्य 30,000 रूपये है वस्तु का मूल्य प्रति वर्ष 20% की दर से अवमूल्यन होता है तो 2 वर्ष बाद टेलीविजन का मूल्य होगा?

(1) 19600रू. (2) 19200रू. (3) 19800रू. (4) 19400रू.

145. स्वच्छ भारत अभियान के तहत 15 स्वयं सेवक अपने गाँव को 4 दिन में स्वच्छ कर सकते है। यदि गाँव को 3 दिन मे स्वच्छ करना होता तो कितने स्वयं सेवको की आवश्यकता होगी?

(1) 22 (2) 20 (3) 30 (4) 25

146. एक खेत में गुड़ाई का काम 4 मजदूर 8 दिन मे पूरा करते है। यदि यह कार्य 2 दिन मे पूरा कराना हो तो मजदूर चाहिए?

(1) 12 मजदूर (2) 16 मजदूर (3) 14 मजदूर (4) 10 मजदूर

**(147–149) चित्र में $AECD$ एक समलम्ब चतुर्भुज है निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए:–**




147. समलम्ब चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल बराबर होगा?

(1) समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल + त्रिभुज $BED$ का क्षेत्रफल

(2) समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल + त्रिभुज $BCD$ का क्षेत्रफल

(3) समान्तर चतुर्भुज $ABCD$ का क्षेत्रफल + त्रिभुज $DEC$ का क्षेत्रफल

(4) त्रिभुज $BED$ का क्षेत्रफल + त्रिभुज $DEC$ का क्षेत्रफल

148. समलम्ब चतुर्भुज *AECD* का क्षेत्रफल कितना होगा?

(1) 26 वर्ग सेमी (2) 52 वर्ग सेमी (3) 12 वर्ग सेमी (4) 40 वर्ग सेमी

149. यदि एक समलम्ब चतुर्भुज का क्षेत्रफल 280 वर्ग सेमी है यदि इसका एक विकर्ण 14 सेमी हो, तो दूसरे विकर्ण की लम्बाई होगी?

(1) 30 सेमी (2) 40 सेमी (3) 50 सेमी (4) 20 सेमी

150. पासे में 3 से बड़ी सम संख्या की प्रायिकता होगी–

(1) $\frac{1}{3}$ (2) $\frac{1}{2}$ (3) $\frac{2}{3}$ (4) $\frac{3}{4}$

151. पूर्णाक संख्या (–12) + (–3) करने वाली संख्या है (संख्या रेखा का प्रयोग करें)–

(1) –9 (2) 9 (3) –15 (4) 15

152. पूर्णाक संख्या (–5) + (+3) के मान को प्रदर्शित करने वाली संख्या होगी ? (संख्या रेखा द्वारा भी जाँच सकते हैं)

(1) 2 (2) –2 (3) 8 (4) –8

153. यदि 5 पेन का मूल्य 225 है तो 35 पैनों का मूल्य क्या होगा ?

(1) 1755 रु. (2) 1575 रु. (3) 1557 रु. (4) 1757 रु.

154. संख्या 625 का वर्गमूल होगा ?

(1) 35 (2) 45 (3) 25 (4) 55

155. संख्या 1331 का धनमूल होगा ?

(1) 9 (2) 13 (3) 11 (4) 17

156. संख्या 12 का घनफल में इकाई का अंक होगा ?

(1) 4 (2) 8 (3) 2 (4) 6

157. $\sqrt{\frac{144}{169}} = \frac{x}{39}$ हो तो $x$ का मान क्या होगा ?

(1) $\frac{12 \times 13}{39}$ (2) $\frac{12 \times 39}{13}$ (3) $\frac{13 \times 39}{12}$ (4) 12 x 13 x 39

158. यदि $(x - \frac{1}{x})^2 = 2$ हो तो $(x^2 + \frac{1}{x^2})$ का मान होगा ?

(1) 2 (2) 4 (3) 6 (4) 0

159. पूर्णांक (–12) x (–3) का मान होगा ?

(1) –36 (2) +36 (3) +15 (4) –15

160. पूर्णांक (–6) + (–7) का मान होगा ? (चाहे तो संख्या रेखा का उपयोग करें।)

(1) –1 (2) + 1 (3) 13 (4) –13

161. ऑयलर का सूत्र है ?

(1) $F + V - E = 2$ (2) $F + E - V = 2$ (3) $F + E = V + 2$ (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

ऑयलर के सूत्र पर आधारित प्रश्नों के उत्तर बताइये ?

| क्र.सं. | *F* | *V* | *E* |
|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 4 | ? |
| 2 | 3 | ? | 7 |
| 3 | **?** | 11 | 18 |

162. यदि $F = 8$ और $V = 4$ हो तो $E$ का मान होगा ?

(1) 10 (2) 8 (3) 6 (4) 12

163. $V$ का मान होगा यदि $E = 7$ तथा $F = 3$ हो।

(1) 6 (2) 8 (3) 10 (4) 3

164. यदि $E = 18$ हो एवं $V = 11$ हो तो $F$ का मान होगा?

(1) 9 (2) 6 (3) 11 (4) 18

165. एकाधिकेन पूर्वेण निम्न में से किस विकल्प पर लागू होगा ?

(1) 14x16 (2) 14x12 (3) 14x18 (4) 14x10

166. एक न्यूनेन पूर्वेण विधि से गुणा किस विकल्प पर लागू होगा?

(1) 32x38 (2) 32x99 (3) 32x89 (4) 20x32

167. निम्न में से 0 का परम मित्र होगा ?

(1) 9 (2) 1 (3) 9 का एकाधिकेन (4) 0

168. 124 का एकाधिकेन पूर्वेण विधि से निम्न में से किस संख्या से गुणा किया जा सकता है ?

(1) 128 (2) 126 (3) 129 (4) 120

169. सूत्र निखिलम विधि से गुणा लागू होगा ?

(1) 25x99 (2) 25x28 (3) 25x9 (4) 25x199

170. संख्या $11^2$ का मान होगा?

(1) 40 (2) 121 (3) 81 (4) 80

171. संख्या $2^3 + 2^2$ का मान होगा ?

(1) 12 (2) 8 (3) 4 (4) 20

172. 1331 के धनमूल तथा 121 के वर्गमूल का अन्तर होगा ?

(1) 0 (2) 12 (3) 121 (4) इनमें से कोई नहीं

173. संख्या 216 के धनमूल का दुगुना होगा ?

(1) 6 (2) 12 (3) 16 (4) 22

174. संख्या 729 का धनमूल का मान होगा ?

(1) 8 (2) 9 (3) 10 (4) 3

175. एक पेन का मूल्य 10 रू है और एक पेन्सिल का मूल्य 2 रू. है। पेन के मूल्य का पेन्सिल के मूल्य से अनुपात क्या होगा ?

(1) 1:5 (2) 5:1 (3) 4:3 (4) 3:4

176. अनुपात 3:2 का तुल्य अनुपात होगा ?

(1) 6:4 (2) 9:4 (3) 12:6 (4) 15:9

177. यदि 1 माला का मूल्य 7 रूपये है तो 8 मालाओं का मूल्य कितना होगा ?

(1) 65 (2) 56 (3) 46 (4) 42

178. यदि 10 स्कॉउट बैजों का मूल्य 50 रूपयें हो तो 32 स्काउट बेजो का मूल्य होगा ?

(1) 110 रूपये (2) 160 रूपये (3) 500 रूपये (4) 1600 रूपये

**स्केल के प्रयोग से दी गई रेखाखण्ड का माप होगा?**




179. रेखाखण्ड *AB* की लम्बाई होगी –

(1) 2.5 सेमी (2) 3.5 सेमी (3) 1 सेमी (4) 5 सेमी

180. रेखाखण्ड CD लम्बाई होगी –

(1) 1.5 सेमी (2) 5 सेमी (3) 4.5 सेमी (4) 3.5 सेमी

181. रेखाखण्ड AB और रेखाखण्ड CD की कुल लम्बाई होगी ?

(1) 3 सेमी (2) 4 सेमी (3) 3.5 सेमी (4) 0.5 सेमी

182. रेखाखण्ड AB और रेखाखण्ड CD की लम्बाई में अन्तर होगा ?

(1) 2 सेमी (2) 3 सेमी (3) 1 सेमी (4) 4 सेमी




183. पूर्व से दक्षिण–पूर्व तक बनने वाले कोण का मान होगा ?

(1) 90 डिग्री (2) 45 डिग्री (3) 30 डिग्री (4) 60 डिग्री

184. पूर्व से दक्षिण पश्चिम तक बनने वाले कोण का मान होगा ?

(1) 90 डिग्री (2) 45 डिग्री (3) 135 डिग्री (4) 120 डिग्री

185. पूर्व से पश्चिम तक पहुँचने में कितने समकोण का कोण बनता है?

(1) 1 समकोण (2) 2 समकोण (3) 3 समकोण (4) 4 समकोण

186. दक्षिण के बाद पश्चिम की ओर तीन समकोण धूमने पर किस दिशा पर पहुँचते है?

(1) उत्तर (2) पश्चिम (3) पूर्व (4) उत्तर–पूर्व

187. $90^0$ का कोण किन दिशाओं के मध्य नहीं बन रहा है ?

(1) उत्तर तथा पूर्व (2) पूर्व तथा दक्षिण

(3) दक्षिण तथा पश्चिम (4) पूर्व तथा पश्चिम

188. किन दो दिशाओं के मध्य सरल कोण (180 डिग्री) बन रहा है ?

(1) पूर्व तथा पश्चिम (2) दक्षिण तथा पूर्व

(3) दक्षिण पूर्व तथा पूर्व (4) पूर्व तथा उत्तर

189. किन दो दिशाओं के मध्य $45^0$ का कोण बन रहा है ?

(1) उत्तर तथा पूर्व (2) उत्तर पूर्व तथा पूर्व

(3) पूर्व तथा दक्षिण (4) दक्षिण–पश्चिम तथा दक्षिण पूर्व

190. एक वृत्त में $90^0$ का कोण कितनी बार बनता हैं ?

(1) 3 बार (2) 8 बार (3) 6 बार (4) 4 बार

# उत्तरमाला (गणित)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (1) | 3. (2) | 4. (2) | 5. (3) |
| 6. (3) | 7. (1) | 8. (3) | 9. (2) | 10. (2) |
| 11. (2) | 12. (1) | 13. (3) | 14. (2) | 15. (1) |
| 16. (2) | 17. (2) | 18. (1) | 19. (3) | 20. (4) |
| 21. (3) | 22. (2) | 23. (2) | 24. (2) | 25. (4) |
| 26. (3) | 27. (1) | 28. (2) | 29. (2) | 30. (3) |
| 31. (1) | 32. (3) | 33. (3) | 34. (1) | 35. (1) |
| 36. (2) | 37. (2) | 38. (2) | 39. (2) | 40. (2) |
| 41. (2) | 42. (2) | 43. (2) | 44. (1) | 45. (1) |
| 46. (1) | 47. (2) | 48. (2) | 49. (1) | 50. (3) |
| 51. (2) | 52. (2) | 53. (1) | 54. (2) | 55. (3) |
| 56. (2) | 57. (2) | 58. (2) | 59. (2) | 60. (4) |
| 61. (2) | 62. (3) | 63. (2) | 64. (4) | 65. (3) |
| 66. (3) | 67. (2) | 68. (3) | 69. (2) | 70. (4) |
| 71. (2) | 72. (3) | 73. (4) | 74. (3) | 75. (2) |
| 76. (3) | 77. (2) | 78. (2) | 79. (2) | 80. (2) |
| 81. (3) | 82. (2) | 83. (2) | 84. (3) | 85. (2) |
| 86. (2) | 87. (2) | 88. (2) | 89. (1) | 90. (2) |
| 91. (2) | 92. (4) | 93. (3) | 94. (2) | 95. (2) |
| 96. (2) | 97. (2) | 98. (3) | 99. (2) | 100. (2) |
| 101. (2) | 102. (2) | 103. (1) | 104. (2) | 105. (2) |
| 106. (2) | 107. (2) | 108. (2) | | |
| 109. (3) | 110. (3) | 111. (3) | 112. (2) | 113. (1) |
| 114. (2) | 115. (2) | 116. (3) | 117. (2) | 118. (2) |
| 119. (2) | 120. (1) | 121. (2) | 122. (4) | 123. (3) |
| 124. (1) | 125. (2) | 126. (3) | 127. (3) | 128. (4) |
| 129. (4) | 130. (2) | 131. (3) | 132. (3) | 133. (1) |
| 134. (2) | 135. (2) | 136. (3) | 137. (2) | 138. (2) |
| 139. (2) | 140. (3) | 141. (3) | 142. (2) | 143. (2) |
| 144. (2) | 145. (2) | 146. (2) | 147. (2) | 148. (2) |
| 149. (2) | 150. (1) | 151. (3) | 152. (2) | 153. (2) |
| 154. (3) | 155. (3) | 156. (2) | 157. (2) | 158. (2) |
| 159. (2) | 160. (4) | 161. (1) | 162. (1) | 163. (1) |
| 164. (1) | 165. (1) | 166. (2) | 167. (3) | 168. (2) |
| 169. (2) | 170. (2) | 171. (1) | 172. (1) | 173. (2) |
| 174. (3) | 175. (2) | 176. (1) | 177. (2) | 178. (2) |
| 179. (1) | 180. (1) | 181. (1) | 182. (1) | 183. (2) |
| 184. (2) | 185. (2) | 186. (3) | 187. (4) | 188. (1) |
| 189. (2) | 190. (4) | | | |

# NAS 2017 कक्षा 8 (गणित)

1. 7056 का वर्गमूल है:

**1.** 76 **2.** 86 **3.** 84 **4.** 94

2. दिए गए $\Delta ABC$ में, $x$ का मान है:




**1.** 55° **2.** 60° **3.** 65° **4.** 110°

3. यदि $x = 3$ है, तब $x^2 - 9$ का मान है:

**1.** –6 **2.** 0 **3.** 1 **4.** 18

4. नीचे दिए दंडालेख से वे महीने ज्ञात कीजिए जिनमें बिजली की खपत समान है:




**1.** जनवरी, मार्च **2.** जनवरी, मई **3.** अप्रैल, मई **4.** मार्च, मई

5. दिए गए चित्र में $x + y + z$ का माप क्या है?




**1.** 360° **2.** 270° **3.** 250° **4.** 180°

6. निम्न में किसमें, वितरण (distrubutive) गुण का प्रयोग हुआ है?

**1.** $\left[-\frac{1}{3}+\frac{2}{3}\right]+5=-\frac{1}{3}+\left[\frac{2}{3}+5\right]$ **2.** $\left(-\frac{1}{3}\right)\left(\frac{2}{3}\right)+5=\left(\frac{2}{3}\right)\left(-\frac{1}{3}\right)+5$

**3.** $\left(-\frac{1}{3}\right)\times\left(\frac{2}{3}\times5\right)=\left(-\frac{1}{3}\times5\right)\times\left(\frac{2}{3}\right)$ **4.** $-\frac{1}{3}\left(\frac{2}{3}+5\right)=\left(-\frac{1}{3}\right)\left(\frac{2}{3}\right)+\left(-\frac{1}{3}\right)(5)$

7. यदि $5A + B3 = 75$ है, जहाँ A तथा B अंक हैं, तो $A + B$ बराबर होगाः

**1.** 3 **2.** 5 **3.** 4 **4.** 6

8. वह सबसे छोटी संख्या, जिसे 1200 में से घटाने पर एक पूर्ण वर्ग संख्या प्राप्त होती है, निम्न हैः

**1.** 4 **2.** 40 **3.** 44 **4.** 244

9. एक कमीज़ का अंकित मूल्य ₹ 720 है। इस पर 5% बट्टा (discount) देकर बेचा गया। कमीज़ का विक्रय मूल्य हैः

**1.** ₹640 **2.** ₹664 **3.** ₹ 684 **4.** ₹715

10. किसी कुर्सी का लागत मूल्य ₹8800 है। इसके परिवहन पर ₹ 200 व्यय किए गए। फिर इसे 12% के लाभ पर बेच दिया जाता है। कुर्सी का विक्रय मूल्य हैः

**1.** ₹ 9,856 **2.**₹ 9,980 **3.** ₹10,080 **4.** ₹ 10,180

11. किसी चतुर्भुज के दो कोण 80° तथा 100° हैं तथा शेष दो कोण 1 : 2 के अनुपात में हैं। शेष दो कोणों में से छोटा कोण हैः

**1.** 50° **2.** 60° **3.** 100° **4.** 120°

12. एक गणित के अधिकतम पूर्णांक 200 वाले टेस्ट पेपर में गोकुल ने 70 % अंक प्राप्त किए। गोकुल द्वारा प्राप्त अंक हैंः

**1.** 140 **2.** 70 **3.** 130 **4.** 150

13. यदि ABC, PQR के सर्वांगसम है, तो भुजा PR की लम्बाई हैः




**1.** 4.5 cm **2.** 6.2 cm **3.** 8.1 cm **4.** 14.1 cm

14. जॉन ने श्यामपट्ट की लम्बाई तथा चौड़ाई क्रमशः 120 cm तथा 65 cm मापी। उस श्यामपट्ट का क्षेत्रफल क्या है?

**1.** 780 $cm^2$ **2.** 3900 $cm^2$ **3.** 7800 $cm^2$ **4.** 370 $cm^2$

15. आंकड़ों 26, 18, 17, 23, 11, 7 का माध्य है

**1.** 15 **2.** 16 **3.** 17 **4.** 18

16. परिमेय संख्याओं के लिए निम्नलिखित में से कौनसा गुणन का क्रम विनिमेय (commutative) गुण प्रदर्शित करता है?

**1.** $\left(\frac{-5}{3}\right)+\frac{3}{5}=\frac{3}{5}+\left(\frac{-5}{3}\right)$ **2.** $\left(\frac{-5}{7}\right)\times\frac{3}{5}=\frac{3}{5}\times\left(\frac{-5}{7}\right)$

**3.** $\left(\left(\frac{-3}{4}\right)\times\frac{1}{2}\right)\times\left(\frac{-5}{7}\right)=\left(\frac{-3}{4}\right)\times\left(\frac{1}{2}\times\left(\frac{-5}{7}\right)\right)$ **4.** $\frac{2}{3}+\left[\left(\frac{-3}{4}\right)+\frac{4}{7}\right]=\left[\frac{2}{3}+\left(\frac{-3}{4}\right)\right]+\frac{4}{7}$

17. 2 तथा 3 के बीच की परिमेय संख्या है :

**1.** $\frac{9}{4}$ **2.** $\frac{3}{4}$ **3.** $\frac{9}{5}$ **4.** $\frac{7}{6}$

18. निम्न में से कौनसी संख्या 9 से विभाजित है?

**1.** 6909 **2.** 986 1**3.** 8903 **4.** 9873

19. यदि 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कोई धनराशि 2 वर्ष में ₹ 5832 हो जाती है तो वह धनराशि है:

**1.** ₹ 5000 **2.** ₹5200 **3.** ₹ 5280 **4.** ₹5380

20. राशियाँ $x$ तथा $y$ परस्पर व्युत्क्रमानुपाती हैं। जब $x = 5$, तो $y = 6$ है। निम्नलिखित में से कौन सा युग्म $x$ तथा $y$ के संगत मानों के लिए संभव है?

**1.** 4 तथा 3 **2.** 2 तथा 15 **3.** 8 तथा 6 **4.** 12 तथा 9

21 दी गयी आकृति में $x$ का मान है:

**1.** 140° **2.** 60°

**3.** 70° **4.** 100°




22 दिये गये त्रिभुज EFG में, y का मान है:




**1.** 25° **2.** 60° **3.** 85° **4.** 95°

23 यदि किसी त्रिभुज में दो कोण 60° और 40° हैं, तब त्रिभुज है:

**1.** समकोण त्रिभुज **2.** न्यून कोण त्रिभुज **3.** अधिक कोण त्रिभुज **4.** समद्विबाहु त्रिभुज

24 एक आयत का परिमाप 72 cm है। यदि इसकी लंबाई 20 cm हो, तो आयत का क्षेत्रफल है–

**1.** 360 $cm^2$ **2.** 16 $cm^2$ **3.** 1440 $cm^2$ **4.** 320 $cm^2$

25 आँकड़ों 18, 17, 19, 16, 21, 18, 10 का बहुलक है:

**1.** 17 **2.** 18 **3.** 19 **4.** 21

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–8

# विषय – विज्ञान

# विज्ञान

1. प्राकृतिक रेशे का सही युग्म है–

(अ) रेयान, रूई (ब) नायलॉन, डेकरॉन (स) रूई, जूट (द) मूंज, रेयॉन

2. टेरीकॉट किन दो रेशों से मिलकर बना है–

(अ) टेरीलीन व कपास (ब) रेयॉन व रेशम

(स) नायलॉन व कपास (द) पॉलिस्टर व नायलॉन

3. प्रेशर कुकर का हत्था किस प्रकार के प्लास्टिक का बना होता है–

(अ) बैकेलाइट (ब) पी.वी.सी. (स) पॉलीथीन (द) नायलॉन

4. पटाखें छोड़ते समय रेणु के कपडों में अचानक आग लग गई। उसके कपड़े पिघल कर शरीर से चिपक गए तो बताइए उसके कपड़े किस प्रकार के रेशे से बने हुए थे–

(अ) कृत्रिम रेशों से (ब) प्राकृतिक रेशों से

(स) दोनों प्रकार के रेशों से (द) दोनों प्रकार के रेशों में से कोई भी नहीं

5. राकेश को उसकी माँ ने गर्मियों में सूती कपड़े पहनने की सलाह दी। आपकी राय में इसका क्या कारण हो सकता है–

(अ) सूती कपड़े जल्दी धुल जाते हैं। (ब) सूती कपड़े जल्दी सूख जाते हैं।

(स) सूती कपड़े हल्के होते हैं। (द) सूती कपड़े गर्मी में पसीना सोख लेते हैं।

6. घड़ीसाज घड़ी सुधारने में कौनसे लेंस का उपयोग करते है–

(अ) उत्तल लेंस (ब) अवतल लेंस

(स) अवतल व उत्तल दोनों लेंस (द) अन्य कोई लेंस

7. रमेश की दादी को न पास की वस्तु स्पष्ट दिखाई देती है न दूर की वस्तु। तो बताइये उसे किस प्रकार का दृष्टि दोष है–

(अ) दूर दृष्टि दोष (ब) निकट दृष्टि दोष (स) जरा दृष्टि दोष (द) मोतिया बिन्द

8. ''पर्यावरण में वायु का संगठन संतुलित बना रहता है'' इस कथन की पुष्टि में उपयुक्त तर्क है–

(अ) ज्वालामुखी के फटने से

(ब) जंगल में आग लगने से

(स) प्रकृति में जंतु व वनस्पति मे परस्पर आदान–प्रदान से

(द) कल–कारखानों, वाहनों व निर्माण कार्यों निरंतर बढ़ोतरी से

9. निम्नलिखित चित्र को देखकर बताइये कि वायुमण्डल में सबसे अधिक मात्रा में कौनसी गैस पाई जाती है–




(अ) ऑक्सीजन (ब) नाइट्रोजन (स) अन्य गैसें (द) उपर्युक्त सभी

10. यह चित्र किस प्राकृतिक परिघटना को दर्शाता है–



(अ) कीप के आकार के बादल का (टॉरनेडो) (ब) सुनामी
(स) चक्रवात (द) इनमें से कोई नहीं

11. हमारी जीवन शैली पर्यावरण मित्र जैसी होनी चाहिए ताकि पर्यावरण को क्षति ना पहुँचे इसके लिए आप क्या प्रयास करेंगे–
(अ) जैव अपघटनीय उत्पादों का अधिकतम उपयोग
(ब) पुनः चक्रण योग्य पदार्थों का उपयोग
(स) प्राकृतिक संसाधनों का सीमित व संयमित उपयोग
(द) उपर्युक्त सभी

12. पर्यावरण संरक्षण के लिए राजस्थान में किए गए प्रयास निम्नलिखित में से है–
(अ) पिपलात्री ग्राम के किरण निधि संस्था के कार्य
(ब) चित्तौड़गढ़ किले में रानी पद्मिनी का जौहर
(स) खेजलड़ी ग्राम में अमृता देवी का बलिदान
(द) अ व स दोनों।

13. जन्तु कोशिका में कौनसा कोशिकांग नहीं पाया जाता है–
(अ) माइटोकॉन्ड्रिया (ब) हरित लवक (स) राइबोसोम (द) रिक्तिका

14. राजस्थान के प्रसिद्ध व्यंजन दाल–बाटी में निम्न में से कौन–कौनसे भोजन अवयव क्रमशः स्थित है –
(अ) प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट (ब) वसा, प्रोटीन (स) खनिज, प्रोटीन (द) जल, कार्बोहाइड्रेट

15. भोजन में उच्च रेशे (रफेज) प्राप्त करने के लिए किसका सेवन करना चाहिए।
(अ) छिलके वाली दाल (ब) आटे की चोकर (स) छिलके सहित फल (द) उपर्युक्त सभी

16. प्रार्थना सभा में कविता को अचानक चक्कर आ गए है, आप उसे क्या खाने को देंगे ?
(अ) चिप्स (ब) कुरकुरे (स) अ व ब दोनों (द) ग्लूकोज के बिस्किट

17. निम्न में से मसाले का सही युग्म है–
(अ) हल्दी, लौंग (ब) सौंफ, मूंगफली (स) कालीमिर्च, तिल (द) मिर्च, मूंगफली

18. श्यामू के हाथ से अचानक कांच का गिलास गिर कर टुकड़े–टुकड़े हो गया। यह कांच का कौनसा गुणधर्म है ?

(अ) आघातवर्धनीय (ब) तन्य (स) भंगुर (द) मुलायम

19. निम्नलिखित में से अंडज जंतुओं के समूहों को पहचानिए ?

(अ) गिलहरी, गाय, तोता (ब) मैना, छिपकली, मेंढक

(स) कबूतर, तोता, घोड़ा (द) सांप, मछली, भैंस

20. कौनसी अधातु विद्युत व ऊष्मा की सुचालक है ?

(अ) लकड़ी (ब) ग्रेफाइट (स) प्लास्टिक (द) रबड़

21. सोनू ने अपना स्वेटर जैसे ही उतारा उसके बाल खडे हो गए। ऐसा किस बल के प्रभाव के कारण होता है–

(अ) चुम्बकीय बल (ब) स्थिर वैद्युत बल (स) घर्षण बल (द) पेशीय बल

22. हमारी आँख में कौनसा लेंस होता है?

(अ) उत्तल लेंस (ब) अवतल लेंस (स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

23. ऐसा लेंस जो बीच में से पतला व किनारों से मोटा होता है –

(अ) उत्तल लेंस (ब) अवतल लेंस (स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

24. अवनीश के पास एक लेंस है जो बीच में से मोटा व किनारों पर पतला है। उस लेंस से वह सूर्य के प्रकाश में अपने मित्र के हाथ पर चलका गिराता है। थोड़ी देर में ही मित्र के हाथ की त्वचा जलने लगती है। तो बताइये अवनीश के पास कौनसा लेंस है।

(अ) अपसारी लेंस (ब) अभिसारी लेंस (स) अ व ब दोनो (द) इनमें से कोई नहीं

25. निषेचन के पश्चात बना युग्मनज होता है –

(अ) अगुणित (ब) बहुगुणित (स) त्रिगुणित (द) द्विगुणित

26. अनिल ने आलू की कलिकाओं को काट कर जमीन में बो दिया। वह आलू की खेती करने के लिए किस विधि का प्रयोग कर रहा है–

(अ) अलैंगिक जनन (ब) कायिक जनन (स) लैंगिक जनन (द) अनिषेक जनन

27. कॉलम A का कॉलम B से सही सुमेल है?

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| a. खंडन | 1 सरसों |
| b. मुकुलन | 2 केला |
| c. अनिषेक जनन | 3 यीस्ट |
| d. लैंगिक जनन | 4 स्पाइरोगायरा |

(अ) 4, 3, 2, 1 (ब) 3, 2, 1, 4 (स) 4, 3, 1, 2 (द) 1, 2, 3, 4

28. मिलेटोनिन हार्मोन स्त्रावित करने वाली अंतःस्त्रावी ग्रंथि का नाम है –

(अ) पीयूष ग्रंथि (ब) अवटु ग्रंथि (स) पिनियल ग्रंथि (द) अग्नाशय

29. मधुमेह रोग के लिए उत्तरदायी ग्रंथि है –

(अ) पीयूष ग्रंथि (ब) अग्नाशय (स) अवटु ग्रंथि (द) यकृत

30. लघुपथन होने से परिपथ में अत्यधिक विद्युत धारा प्रवाहित होने से घर के विद्युत उपकरणों में आग लग सकती है। इस दुर्घटना से बचने के लिए क्या करते है?

(अ) फ्यूज तार को परिपथ में समान्तर क्रम में लगाएंगे

(ब) फ्यूज तार को परिपथ में श्रेणी क्रम में लगाएंगे

(स) आग को बुझाने का प्रयास करेंगें

(द) इनमें से कोई नहीं

31. बारिश के दिनों में जलाशयों का जल प्रदूषित हो जाता है। ऐसे जल के उपयोग से आपके मित्र को उल्टी–दस्त की शिकायत हो गई। उसे आप क्या सलाह देंगे?

(अ) पानी उबालकर पिऐं (ब) ओ.आर.एस. घोल का उपयोग करें

(स) डॉक्टर से उपचार लें (द) उपर्युक्त सभी

32. बारिश के दिनों में जलाशयों का जल प्रदूषित हो जाता है। ऐसे जल के उपयोग से बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। जल के शुद्धीकरण के लिए आप किस विधि का उपयोग करेंगे ?

(अ) फिटकरी डालकर जल को शुद्ध करेंगे (ब) जल को उबालकर शुद्ध करेंगे

(स) जल का क्लोरीनीकरण करके (द) उपर्युक्त सभी

33. निम्न में से कौनसा सेल का सांकेतिक चित्र है?

(अ)  (ब)  (स)  (द) 

34. थर्मामीटर में कौनसा चमकीला पदार्थ भरा होता है–

(अ) सोना (ब) चांदी (स) पारा (द) एल्युमिनियम

35. $X$ धातु को हथेली पर रखने से वह तुरंत पिघल जाती है। $X$ धातु का नाम बताइये ?

(अ) सोडियम (ब) लिथियम (स) पोटेशियम (द) गेलियम

36. एक परखनली में जस्ते के कुछ टुकड़े डालकर उसमें '$x$' पदार्थ मिलाने पर '$y$' गैस बनती है। निम्न लिखित में से $x$ व $y$ है।

(अ) अम्ल, $SO_2$ गैस (ब) क्षार, $CO_2$ गैस (स) अम्ल, $H_2$ गैस (द) क्षार, $O_2$ गैस

37. दियासलाई में किस अधातु का उपयोग किया जाता है ?

(अ) लाल फास्फोरस (ब) सोडियम (स) मरकरी (द) कार्बन

38. सोनू ने मैग्नीशियम के तार को जलाया, इससे बनी राख में थोड़ा पानी मिलाकर विलयन बनाया। फिर उसने लाल लिटमस पत्र द्वारा परीक्षण करने पर पाया कि वह नीला हो जाता है तो बताइए कि उस विलयन की प्रकृति क्या है?

(अ) अम्लीय (ब) क्षारीय (स) उदासीन (द) कोई नहीं

39. घरों में तांबे के लोटे की चमक कुछ दिनों में कम हो जाती है, इसका उपयुक्त कारण है –

(अ) लोटे का पुराना होना (ब) लोटे पर मिट्टी जम जाना

(स) अ व ब दोनों (द) वायु व नमी के संपर्क के कारण

40. सोडियम धातु से निर्मित यौगिक नहीं है –

(अ) नमक (ब) धावन सोडा (स) खाने का सोडा (द) चूना पत्थर

41. ऐसे पदार्थ जिनकी आकृति व आयतन निश्चित होता है कहलाते है –

(अ) ठोस (ब) द्रव (स) गैस (द) प्लाज्मा

42. निम्न में से मिश्र धातु है –

(अ) सोना (ब) चांदी (स) पीतल (द) तांबा

43. मुकेश को सर्दी के मौसम में मक्का के ढोकले बहुत पसंद है। मक्का निम्न में से किस प्रकार की फसल है?

(अ) खरीफ (ब) रबी (स) जायद (द) कोई नहीं

44. राधा गेहूँ की फसल बोने के कुछ दिनों बाद अनावश्यक पौधों को उखाड़–उखाड़ कर फेंकती है। वह ऐसा क्यों करती है –

(अ) गेहूँ के पौधों को पर्याप्त पोषक तत्व प्राप्त हो। (ब) उन पौधों को अन्यत्र उगाने के लिए।

(स) उसमें कीड़े लग गए है। (द) इनमें से कोई नहीं

45. निम्न में से रबी की फसल का सही युग्म है –

(अ) मटर, सरसों (ब) मूंग, उड़द (स) तरबूज, खरबूजा (द) कोई नहीं

46. पालक की सब्जी में पौधे के किस भाग का उपयोग होता है –

(अ) बीज (ब) फल (स) पत्ती (द) फूल

47. निम्न में से कौनसा स्वपोषी पादप है–

(अ) अमर बेल (ब) म्यूकर (स) बरगद (द) ड्रॉसेरा

48. प्रकाश संश्लेषण क्रिया के लिए आवश्यक तत्व है–

(अ) क्लोरोफिल (ब) प्रकाश (स) $CO_2$ (द) उपर्युक्त सभी

49. गोबर पर लगने वाले छत्रक किस प्रकार के पादप है–

(अ) मृतजीवी (ब) स्वपोषी (स) कीटभक्षी (द) सहजीवी

50. कीटभक्षी पादपों का सही युग्म पहचानिए –

(अ) ड्रोसेरा, घटपर्णी (ब) अमरबेल, नीम (स) ड्रोसेरा, मोनोट्रोपा (द) बरगद, गुलाब

51. शहतूत किस प्रकार का फल है?

(अ) सरल फल (ब) पुंजफल

(स) संगृहीत फल (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. टेमीफ्लू नामक दवाई किस रोग के उपचार के लिए दी जाती है–

(अ) हिपेटाइटिस (ब) कैंसर (स) कुष्ठ रोग (द) स्वाइनफ्लू

53. सर्दी, खांसी, जुकाम में आपको मुख पर खांसते समय रूमाल रखने को क्यों कहा जाता है?

(अ) यह संक्रामक रोग है।  (ब) यह असंक्रामक रोग है।

(स) यह एक सभ्य व्यक्ति का लक्षण है।  (द) अ व ब दोनों

54. टूथपेस्ट बनाने में किस सूक्ष्म जीव का उपयोग होता है –

(अ) जेन्थोमोनास केम्पेस्ट्रिस  (ब) राइजोबियम

(स) क्लोस्ट्रीडियम बाटुलिनम  (द) लेक्टोबेसीलस

55. तालाबों के किनारे हरे रंग की फिसलनदार काई पाई जाती है, यह किस प्रकार का सूक्ष्म जीव है –

(अ) कवक  (ब) शैवाल  (स) जीवाणु  (द) प्रोटोजोआ

56. दस्त लगने पर डॉक्टर ओ.आर.एस. घोल के उपयोग की सलाह देते है। ओ.आर.एस का पूरा नाम क्या है–

(अ) ORAL REHYDRATION SOLUTION

(ब) ORAL REHYDRATION SOLID

(स) ORAL REHYDRATION STANDS

(द) ORALRIGHT SOLUTION

57. भारत का प्रथम कृत्रिम उपग्रह कौनसा है–

(अ) आर्य भट्ट  (ब) भास्कर–1  (स) सोयूज  (द) रोहिणी

58. दही जमने की क्रिया में उपयोगी सूक्ष्म जीव कौनसा है–

(अ) स्ट्रेप्टोकोकस  (ब) राइजोबियम  (स) लेक्टोबेसीलस  (द) जेंथोमोनास

59. शानु को नींबू की शिंकजी पीने से उसे कौनसे विटामिन की प्राप्ति हुई –

(अ) विटामिन A  (ब) विटामिन B  (स) विटामिन C  (द) विटामिन D

60. प्रसून के पैरों की हड्डियां मुड़ गई है व घुटने पास–पास आ गए है। बताइए उसके शरीर में किस विटामिन की कमी हो गई है –

(अ) विटामिन A  (ब) विटामिन B  (स) विटामिन C  (द) विटामिन D

61. खून की कमी को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा भोज्य पदार्थों का समूह सही है –

(अ) पालक, गाजर, मूली  (ब) पालक, चुकंदर, अनार

(स) आलू, मेथी, अनार  (द) आलू, पालक, मेथी

62. निम्न खाद्य श्रृंखला में द्वितीय उपभोक्ता का चयन कीजिए–




उत्पादक  –प्राथमिक उपभोक्ता  –द्वितीयक उपभोक्ता  –तृतीयक उपभोक्ता

(अ) मोर  (ब) गाय  (स) साँप  (द) चिड़ियाँ

63. जलती हुई मोमबत्ती को कांच के जार से ढकने पर मोमबत्ती बुझ जाती है इसका कारण है–

(अ) जार मे ऑक्सीजन का खत्म होना (ब) जार मे कार्बन डाई ऑक्साइड का खत्म होना

(स) जार मे नाइट्रोजन का खत्म होना (द) इनमें से कोई नहीं

64. सर्दी की रातों में बंद कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इसका निम्न में से क्या कारण है?

(अ) अंगीठी से आग लग जाना (ब) कार्बन मॉनो ऑक्साइड बनना

(स) कमरे का ज्यादा गर्म हो जाना (द) कमरे का ज्यादा ठंडा होना

65. घरों में खाद्य पदार्थो के परिरक्षण के लिए सामान्यतः उपयोग करते है–

(अ) नमक (ब) मिर्च (स) कपूर (द) हल्दी

66. समान आयतन वाले डिब्बों में भरे निम्न पदार्थों में से किसका द्रव्यमान अधिक होगा?

(अ) रूई (ब) रेत (स) लकड़ी का बुरादा (द) पानी

67. पूजा जब तालाब में पत्थर व लकड़ी को एक साथ फेंकती है तो पत्थर पानी मे डूब जाता है लेकिन लकड़ी पानी पर तैरती है। इस का क्या कारण है?

(अ) पत्थर का घनत्व पानी से कम है।

(ब) लकड़ी का घनत्व पानी से अधिक है।

(स) पत्थर का घनत्व पानी से अधिक व लकड़ी का घनत्व पानी से कम होता है।

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. दही से मक्खन निकालने के लिए किस पृथक्करण विधि का उपयोग करते है–

(अ) अपकेन्द्रण (ब) निष्पावन (स) वाष्पीकरण (द) निस्यंदन

69. कचरे के ढेर मे से लोहे के टुकड़े पृथक करने के लिए पृथक्करण की किस विधि का प्रयोग करेंगे?

(अ) निष्पावन (ब) अपकेन्द्रण

(स) निस्यंदन (द) चुम्बकीय पृथक्करण विधि

70. घरों में एयर कंडिशनरों व रेफ्रिजरेटरों में भरी जाने वाली गैस जो ओजोन परत को क्षति पहुँचाती है। निम्न में से है?

(अ) CNG (ब) LPG (स) CFC (द) इनमें से कोई नहीं

71. प्रसिद्ध स्मारक ताजमहल के क्षेत्र में मोटर वाहनों में सीसा रहित पेट्रोल का ही उपयोग किया जाता है। इसका क्या कारण है?

(अ) वायुप्रदूषण को कम करने के लिए (ब) ताजमहल को संक्षारित होने से बचाने के लिए

(स) श्वास संबंधी रोगों से बचाने के लिए (द) उपर्युक्त सभी

72. पर्यावरणीय प्रदूषण के कारण पृथ्वी के तापमान में निरंतर वृद्धि किस नाम से जानी जाती है?

(अ) अम्ल वर्षा (ब) विश्व ऊष्णन (स) वायु प्रदूषण (द) जल प्रदूषण

73. अम्ल वर्षा एक प्रकार का वायु प्रदूषण है जो कि दो तत्वों के ऑक्साइड के वातावरण की नमी के सम्पर्क में आने से होता है –

(अ) C, N (ब) S, N (स) C, S (द) S, $CH_4$

74. निम्नलिखित में से कौनसी हरित गृह गैस नहीं है?

(अ) कार्बन डाइ ऑक्साइड (ब) सल्फर डाइ ऑक्साइड

(स) मेथेन (द) नाइट्रोजन

75. कोयल की ध्वनि, कौए की ध्वनि से अधिक मधुर लगती है क्यों?

(अ) कोयल की ध्वनि का तारत्व, कौए की ध्वनि के तारत्व से अधिक होने के कारण

(ब) कोयल की ध्वनि का तारत्व, कौए की ध्वनि के तारत्व से कम होने के कारण

(स) कौए की ध्वनि का तारत्व, कोयल की ध्वनि के तारत्व से अधिक होने के कारण

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

76. दिये गये किरण चित्र में परावर्तन की घटना को दर्शाया गया है। इस किरण चित्र में अभिलंब निम्न में से है–




(अ) OA (ब) OB (स) OC (द) इनमें से कोई नहीं

77. प्रश्न 76 में दिया गया किरण चित्र परावर्तन की घटना का है। इस चित्र में यदि आपतन कोण का मान $60^0$ है तो परावर्तन कोण का मान बताइये –

(अ) $40^0$ (ब) $50^0$ (स) $60^0$ (द) $30^0$

78. प्रकाश की किरण विरल माध्यम से सघन माध्यम में प्रवेश करती है, इसका सही प्रकाशीय पथ है–

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

79. टेलीफोन कार्य करता है–

(अ) विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव पर (ब) विद्युत धारा के उष्मीय प्रभाव पर

(स) विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव पर (द) इनमें से कोई नहीं

80. विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव की खोज किसने की ?

(अ) ऑरस्टेड (ब) ग्राहम बेल (स) मारकोनी (द) न्यूटन

81. विद्युत धारा के ऊष्मीय प्रभाव का उदाहरण है –

(अ) विद्युत हीटर (ब) विद्युत प्रेस (स) विद्युत घंटी (द) अ व ब दोनों

82. निम्न में से किस प्रबलता की ध्वनि कर्ण प्रिय होती है–

(अ) 50 डेसीबल तक (ब) 80 डेसीबल तक (स) 10 डेसीबल तक (द) सभी

83. ध्वनि की प्रबलता निर्भर करती है –

(अ) आयाम पर (ब) आवृत्ति पर (स) तारत्व पर (द) इनमें से कोई नहीं

84. कानू के कान मे एक मच्छर 10 सैकण्ड में 20 बार कम्पन करता है। तो उसकी आवृत्ति बताइए?

(अ) 2 कम्पन/सैकण्ड (ब) 20 कम्पन/सैकण्ड

(स) 5 कम्पन/सैकण्ड (द) 10 कम्पन/सैकण्ड

85. ढोलक के पर्दे की तुलना कान के किस भाग से करना उचित है –

(अ) पिन्ना (ब) श्रवण गुहिका (स) कर्ण पट्ह (द) इनमें से कोई नहीं

86. निम्नांकित में से किसकी वृद्धि करने से ध्वनि का तारत्व बढ़ता है ?

(अ) आवृति (ब) आयाम (स) कंपन (द) आवर्त काल

87. निम्नलिखित में से किस विलयन में विद्युत धारा का प्रवाह नहीं होता?

(अ) नल का पानी (ब) समुद्र का पानी (स) नदी का पानी (द) आसुत जल

88. प्रार्थना की घंटी की आवाज सुनकर सभी विद्यार्थी प्रार्थना स्थल पर एकत्रित हो जाते है घंटी की ध्वनि सभी विद्यार्थियों तक किस माध्यम से पहुँचती है?

(अ) वायु (ब) निर्वात (स) अ व ब दोनों (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

89. घरों में उपयोग में आने वाले स्टील के बर्तनों पर सामान्यतः जंग नहीं लगता। इसका क्या कारण है?

(अ) धातु के बने होते हैं। (ब) अधातु के बने होते हैं।

(स) मिश्र धातु के बने होते हैं। (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

90. जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबोया जाता है तो विलयन का रंग बदल जाता है–

(अ) नीले रंग से हरे रंग में (ब) हरे रंग से नीले रंग में

(स) नीले रंग से काले रंग में (द) कोई परिवर्तन नहीं होता है।

91. पक्षियों में पाए जाने वाले अनुकूलन है –

(अ) शरीर हल्का व नौकाकार होना (ब) हड्डियां खोखली होना

(स) त्वचा के नीचे वसा की मोटी परत होना (द) अ व ब दोनों

92. पसीने के रूप में कौनसे पदार्थ का उत्सर्जन होता है–

(अ) यूरिया (ब) जल व लवण (स) यूरिक अम्ल (द) $CO_2$

93. हाथ की अस्थियों का सही क्रम है–

(अ) ह्यूमरस, रेडियो अलना, कार्पल्स, मेटाकार्पल्स (ब) ह्यूमरस, टिबिया फिबुला, कार्पल्स, मेटाकार्पल्स

(स) फीमर, रेडियो अलना, टार्सल्स, मेटाकार्पल्स (द) ह्यूमरस, रेडियो अलना, मटाकार्पल्स, कार्पल्स

94. निम्नलिखित में से कौनसी धातु अधिक अभिक्रियाशील है?

(अ) सोडियम (ब) पारा (स) चांदी (द) सोना

95. निम्नलिखित में से रासायनिक परिवर्तन है –

(अ) जंग लगना (ब) बर्फ जमना

(स) शक्कर का पानी में घुलना (द) कागज को काटना

96. प्रेमा को अपने पड़ोसी के घर की पुताई करनी है। आरास (चूना पत्थर) को पानी डालकर घोल तैयार करता है तो वह देखता हे कि पानी डालने पर घोल में से बुलबुले के साथ गैस बाहर निकलती है और पात्र गर्म हो जाता है तो यह अभिक्रिया किस प्रकार की है –

(अ) ऊष्माशोषी (ब) ऊष्माक्षेपी (स) उत्क्रमणीय (द) संयोजन

97. मनुष्य में पाये जाने वाले चार प्रकार के रूधिर वर्ग की खोज किसने की?

(अ) ग्रेगर मेंडल ने (ब) लेमार्क ने

(स) कार्ल लैंडस्टीनर ने (द) डार्विन ने

98. रूधिर वर्ग $O$ में कौनसा एन्टीजन पाया जाता है?

(अ) एन्टीजन $A$ (ब) एन्टीजन $B$

(स) एन्टीजन $A$ व $B$ दोनों (द) कोई एन्टीजन नहीं।

99. निम्नलिखित में से सार्वत्रिक दाता रूधिर समूह है–

(अ) $A$ (ब) $B$ (स) $O$ (द) $AB$

100. रक्त का कौनसा भाग ऑक्सीजन को शरीर की प्रत्येक कोशिका तक पहुँचाता है?

(अ) $RBC$ (ब) $WBC$ (स) प्लाज्मा (द) प्लेटलेट्स

101. जीवाणु जनित रोग है –

(अ) पोलियो, रेबीज, मलेरिया (ब) टाइफाइड, क्षय रोग, पोलियो

(स) क्षय रोग, टायफाइड, हैजा (द) पोलियो, हिमोफीलिया, क्षय रोग

102. पोलियो के टीके में किस प्रकार के सूक्ष्म जीवों को शरीर में प्रवेश कराया जाता है?

(अ) दुर्बल (ब) प्रबल (स) दुर्बल एवं प्रबल (द) दोनों नहीं

103. मुंह में पिलाया जाने वाला टीका है –

(अ) चेचक (ब) पोलियो (स) बी.सी.जी. (द) टायफाइड

104. शरीर संगठन स्तर का सही क्रम है –

(अ) कोशिका–अंग–ऊतक–तंत्र–शरीर (ब) कोशिका–ऊतक–अंग–तंत्र–शरीर

(स) ऊतक– कोशिका–अंग–तंत्र–शरीर (द) ऊतक–अंग–कोशिका–तंत्र–शरीर

105. दिया गया चित्र मानव उत्सर्जन तंत्र का है, इस तंत्र में a, b, c, d अंगों का सही क्रम है–

(अ) वृक्क, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, मूत्रमार्ग

(ब) वृक्क, मूत्राशय, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग

(स) मूत्राशय, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग, वृक्क

(द) वृक्क, मूत्रवाहिनी, मूत्रमार्ग, मूत्राशय



106. कपड़े धोते समय साबुन से बने बुलबुलों में कमला को सात रंग दिखाई दिये इसका उपयुक्त कारण बताइए?

(अ) प्रकाश का अपवर्तन (ब) आन्तरिक परावर्तन

(स) वर्ण विक्षेपण (द) उपर्युक्त सभी

107. अग्निशामक यंत्र में आग बुझाने हेतु बनने वाली गैस है –

(अ) CO (ब) $CO_2$ (स) $SO_2$ (द) $O_2$

108. श्वसन तंत्र के मॉडल निर्माण हेतु आप निम्न में से किन वस्तुओं का चयन करेंगे?

(अ) प्लास्टिक की बोतल, गुब्बारे, Y आकार की नली

(ब) काँच की बोतल, प्लास्टिक की थैली, रबर

(स) प्लास्टिक की बोतल, कपड़े की थैली, Y आकार की नली

(द) काँच की बोतल, रबर, कपड़े की थैली

109. विद्यार्थी द्वारा श्वसन तंत्र के मॉडल को बनाने में फेफडों को दर्शाने के लिए उपयुक्त सामग्री है –

(अ) कांच की बोतल (ब) गुब्बारे (स) प्लास्टिक की बोतल (द) Y आकार की नली

110. हीरा व पेंसिल की नोक एक जैसे होते हैं। इसका क्या आशय है?

(अ) हीरा व पेंसिल की नोक समान तत्व से बने हैं।

(ब) हीरा व पेंसिल की नोक समान रंग के हैं।

(स) हीरा व पेंसिल की नोक का आकार समान है।

(द) दोनों की चमक समान है।

111. वह पदार्थ जो अधातु होते हुए भी सबसे ज्यादा कठोर है।

(अ) ग्रेफाइट (ब) हीरा (स) सल्फर (द) ब्रोमीन

112. LED का पूरा नाम क्या है?

(अ) लाइट एमिशिंएट डायोड (ब) लाइट एमिटिंग डायोड

(स) लाइट एनर्जी डायप्टर (द) लाइट एनर्जी डायप्टर

113. निम्न में से सिंचाई का वह साधन जिसमें पानी का दुरूपयोग कम होता है–

(अ) चड़स (ब) ढेकली (स) विद्युत पम्प (द) ड्रिप तंत्र

114. खरपतवार द्वारा फसल को कौनसी हानि होती है–

(अ) पोषक तत्वों की कमी (ब) प्रकाश की कमी

(स) जल की अपर्याप्त उपलब्धता (द) उपर्युक्त सभी

115. मिट्टी को पोली करने के क्या लाभ है–

(अ) सूक्ष्म जीवों की वृद्धि (ब) बीजों के अंकुरण में सुगमता

(स) जड़ों द्वारा श्वसन क्रिया में आसानी (द) उपर्युक्त सभी

116. केंचुए को किसान का मित्र क्यों कहा जाता है?

(अ) मिट्टी को उपजाऊ बनाने के कारण (ब) मिट्टी में पोषक तत्वों को कम करने के कारण

(स) मिट्टी में जल को कम करने के कारण (द) मिट्टी का रंग बदल देने के कारण

117. आपकी माता जी ने साबुत मूंग बनाने से पहले उन्हें धोया। इनमें से कुछ मूंग के बीज पानी में तैरने लगे। उन्हें अलग करके माताजी ने फेंक दिया। ऐसा उन्होंने क्यों किया?

(अ) बीज सुन्दर नहीं थे। (ब) बीज स्वाद रहित थे।

(स) बीज क्षतिग्रस्त व खोखले थे। (द) बीज का आकार छोटा था।

118. बीज के दानों को भूसे से अलग करने की प्रक्रिया को क्या कहते है?

(अ) जुताई (ब) थ्रेसिंग (स) कटाई (द) सिंचाई

119. फसल के कटने के बाद दानों को भूसे से अलग करने के लिए किस मशीन का प्रयोग करते है–

(अ) काम्बाईन मशीन (ब) कल्टीवेटर (स) हार्वेस्टर (द) ट्रेक्टर

120. खेती करने के मुख्य चरणों का क्रम है।

(I) मिट्टी तैयार करना (II) बुआई करना

(III) उर्वरक देना (IV) सिंचाई करना

(अ) (I), (II), (III), (IV) (ब) (IV), (III), (II), (I)

(स) (II), (III), (IV), (I) (द) (I), (III), (II), (IV)

121. असमतल भूमि पर फसलों की सिंचाई करने के लिए सबसे उपयुक्त विधि है।

(अ) ड्रिप तंत्र (ब) छिड़काव (स) डीजल पम्प (द) रहट

122. कृषि को नुकसान पहुँचाने वाले प्राकृतिक प्रकोप है।

(अ) बाढ़ (ब) सूखा (स) ओला वृष्टि (द) उपर्युक्त सभी

123. आप अपने विद्यालय में रसोई घर के कचरे का निपटान किस प्रकार करेंगे?

(अ) नाली में बहा कर

(ब) समीप के किसी खेत में डालकर

(स) रसोई घर में ही छोड कर

(द) विद्यालय के किसी कोने में एक गड़ढे में खाद बनाने के लिए डालकर।

124. वर्मी कम्पोस्ट बनाने में कौनसा जीव सहायक है–

(अ) केंचुए (ब) जोंक (स) मच्छर (द) कॉकरोच (तिलचट्टा)

125. आप हरे रंग के डस्टबिन में कौनसा कचरा डालेंगे?

(अ) घर के टूटे–फूटे कॉंच व धातु के सामान

(ब) घर का बचा हुआ खाना, सूखे फल–सब्जी

(स) गंदी प्लास्टिक की बोतले व पॉलीथीन

(द) उपर्युक्त सभी

126. सॉंप किसान का मित्र है, इस कथन हेतु उपयुक्त तर्क है –

(अ) वह खेत की रखवाली करता है। (ब) चूहे को खाकर फसल की हानि रोकता है।

(स) सॉंप की पूजा की जाती है। (द) उपर्युक्त सभी

127. बिजली की खपत को कम करने के लिए आप अपने घरों में किसका उपयोग करेंगे?

(अ) विद्युत बल्ब (ब) ट्यूब लाइट (स) अ व ब दोनों (द) एल.ई.डी.

128. प्राचीन काल से ही हमारी भारतीय संस्कृति में प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव रखते हुए इनके संरक्षण को प्रमुखता दी गई है। इस कथन की पुष्टि में सही तर्क है–

(अ) चींटियों को आटे का चूर्ण डालना (ब) गाय व कुत्ते को रोटी खिलाना

(स) पक्षियों को दाना डालना (द) उपर्युक्त सभी

129. स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर क्या प्रयास किए जाते है?

(अ) स्वच्छता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता (ब) गाँव में रेलियाँ निकाल कर जन चेतना

(स) विद्यालय के कचरे का उचित निपटारा (द) उपर्युक्त सभी

130. नियत चाल से गतिशील वस्तु का दूरी–समय ग्राफ होगा–

(अ) 


(ब) 


(स) 


(द) 


131. कौनसा ग्राफ वस्तु की स्थिरता को दर्शाता है–

(अ) 


(ब) 


(स) 


(द) 


132. रमेश अपने मित्र को यह कहकर भ्रमित करता है कि वह जादू से पानी में आग लगा सकता हैं, पर उसका मित्र उसके इस जादू को नहीं मानता क्योंकि उसे पता है कि –

(अ) पानी में गंधक डालने से आग लगती है।

(ब) पानी में सोडियम का टुकड़ा डालने से आग लगती है।

(स) पानी में आग लगना संभव नहीं है।

(द) पानी में जलती हुई माचिस की तीली डालने से आग लग जाती है।

133. पाचन तंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए भोजन करने के पश्चात् निम्न में से कौनसा योगासन करना उचित रहेगा –

(अ) शवासन (ब) वज्रासन (स) शीर्षासन (द) भुजंगासन

134. सबसे अच्छा कोयला होता है–

(अ) जिसमें कार्बन की मात्रा ज्यादा हो। (ब) जिसमें कार्बन की मात्रा कम हो।

(स) जिसमें कार्बन ही न हो। (द) इनमें से कोई नहीं।

135. अच्छे ईंधन के लक्षण हैं –

(अ) अधिक ऊष्मा देना। (ब) अधिक धुआं देना।

(स) कार्बन मॉनो ऑक्साइड बनाना। (द) कम ऊष्मा देना।

136. पेट्रोलियम के प्रभाजी आसवन से प्राप्त पदार्थ है –

(अ) स्नेहक तेल (ब) डामर (स) केरोसीन (द) उपर्युक्त सभी

137. सोनू के प्लास्टिक की बोतल में अधिक गर्म पानी भर देने से प्लास्टिक की बोतल पिचक गई क्योंकि–

(अ) बोतल के बाहर का वायुदाब अधिक था। (ब) बोतल के अन्दर का वायुदाब अधिक था।

(स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

138. 10 से.मी. दूरी पर लटके दो गुब्बारों के बीच फूंक मारने पर दोनों पास आ जाते है। ऐसा निम्न में से किस कारण होता है?

(अ) गुब्बारों के बीच आकर्षण बढ़ने के कारण। (ब) गुब्बारों के बीच वायुदाब बढ़ने के कारण

(स) गुब्बारों के बीच वायुदाब कम होने के कारण। (द) उपर्युक्त सभी

139. तेज हवाएँ चलने पर कच्चे घरों के पतरे उड़ जाते है। इसका उपयुक्त कारण है –

(अ) कमरे के अंदर वायुदाब अधिक होना। (ब) छत का कमजोर होना।

(स) कमरे के अंदर वायुदाब कम होना। (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

140. किस उपग्रह को संचार उपग्रह के नाम से भी जाना जाता है?

(अ) ध्रुवीय उपग्रह (ब) भूस्थिर उपग्रह (स) प्राकृतिक उपग्रह (द) उपर्युक्त सभी

141. किसी रॉकेट को पृथ्वी से 11.2 किमी/से. से कम वेग से ऊपर की ओर प्रक्षेपित किया जाए, जो रॉकेट किस दिशा में जायेगा?

(अ) पृथ्वी की कक्ष में चक्कर लगाएगा। (ब) अंतरिक्ष में चला जाएगा।

(स) पुनः पृथ्वी पर लौट आएगा। (द) कुछ भी कहा नहीं जा सकता है।

142. भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को प्रारम्भ करने का श्रेय निम्न में से किस वैज्ञानिक को जाता है?

(अ) विक्रम अम्बालाल साराभाई (ब) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(स) कल्पना चावला (द) राकेश शर्मा

143. पृथ्वी को अपनी धुरी पर एक चक्कर लगाने में 24 घंटे का समय लगता है। निम्नलिखित में से किस उपग्रह का परिक्रमण काल इसके बराबर होता है?

(अ) ध्रुवीय उपग्रह (ब) भूस्थिर उपग्रह (स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

144. कम्प्यूटर के किस भाग की तुलना मानव मस्तिष्क से करना उचित है?
(अ) इनपुट इकाई (ब) सी.पी.यू (स) की–बोर्ड (द) आउटपुट इकाई

145. हरित क्रांति के प्रणेता कौन थे ?
(अ) एम.एस. स्वामीनाथन (ब) डॉ. जगदीश चन्द्र बोस
(स) डॉ. सी.वी. रमन (द) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

146. रमेश को अपने परिवार का आधार कार्ड बनवाना है। इसके लिए वह इंटरनेट की किस सेवा का उपयोग करेगा?
(अ) ई–मेल (ब) ई–मित्र (स) ई–कॉमर्स (द) उपर्युक्त सभी

147. निम्न में से सोशल मीडिया एप्लीकेशन है –
(अ) वॉट्सएप्प (ब) हाइक (स) अ व ब दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

148. डॉक्टर द्वारा दूर स्थित रोगी की जाँच के लिए प्रयुक्त प्रणाली है–
(अ) टेलीमेडीसिन (ब) एक्स–रे (स) ब्रॉड–बैंड (द) उपर्युक्त सभी

149. शीतल ने ठंडी हवा खाने के लिए पंखा चलाया, उपर्युक्त प्रक्रिया में विद्युत ऊर्जा का रूपांतरण किस ऊर्जा में होता है?
(अ) रासायनिक ऊर्जा (ब) तापीय ऊर्जा (स) यांत्रिक ऊर्जा (द) पवन ऊर्जा

150. रामू सर्दियों में नहाने के लिए धूप में पानी गर्म करता है ऐसा करके वह किसकी बचत करता है?
(अ) ईंधन की (ब) विद्युत की (स) अ व ब दोनों की (द) इनमें से कोई नहीं

151. गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों का सही युग्म है –
(अ) सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा (ब) सौर ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, जल ऊर्जा
(स) विद्युत ऊर्जा, जल ऊर्जा, तापीय ऊर्जा (द) जैव ऊर्जा, तापीय ऊर्जा, पवन उर्जा

152. आपके गांव मे पर्याप्त पशुधन है, किन्तु ईंधन का अभाव है ऐसी स्थिति में पशुधन का उपयोग ईंधन की कमी को दूर करने में किस प्रकार करेंगे?
(अ) कंडों को ईंधन के रूप में उपयोग करके (ब) गोबर से बायोगैस बनाकर
(स) अ व ब दोनों (द) केवल ब

153. टार्च के जलने में ऊर्जा रूपांतरण होता है–
(अ) रासायनिक ऊर्जा का प्रकाश ऊर्जा में (ब) प्रकाश ऊर्जा का ऊष्मा ऊर्जा में
(स) रासायनिक ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में (द) रासायनिक ऊर्जा का ऊष्मा ऊर्जा में

154. बाँध का पानी → बहता पानी → विद्युत जनित्र → विद्युत बल्ब

| बाँध का पानी | बहता पानी | विद्युत जनित्र | विद्युत बल्ब |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

उपर्युक्त रेखाचित्र में ऊर्जा रूपांतरण दर्शाया गया है इसमें कोड संख्या 1, 2, 3, 4 के स्थान पर निम्नलिखित में से ऊर्जा का कौनसा रूप आएगा।
(अ) स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा, प्रकाश ऊर्जा
(ब) गतिज ऊर्जा, स्थितिज ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा, ऊष्मा ऊर्जा
(स) स्थितिज ऊर्जा, गतिज ऊर्जा, ऊष्मा ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा
(द) गतिज ऊर्जा, ऊष्मा ऊर्जा, विद्युत ऊर्जा, स्थितिज ऊर्जा

155. अंकित एक पक्षी पर गुलेल से पत्थर का निशाना लगाने के लिए गुलेल खींचता है इस प्रक्रिया में पत्थर में कौनसी ऊर्जा संचित होती है–

(अ) स्थितिज ऊर्जा (ब) गतिज ऊर्जा (स) ऊष्मा ऊर्जा (द) पवनऊर्जा

156. एक कुम्हार चाक को घुमा कर दीपक बनाता है। उसका चाक में किस प्रकार की गति करता है –

(अ) सरल रेखीय गति (ब) घूर्णन गति (स) आवर्त गति (द) कम्पन गति

157. सरल मशीन का उदाहरण है –

(अ) सिलाई मशीन (ब) साइकिल (स) पेच (द) उपर्युक्त सभी

158. गतिशील वस्तु का उदाहरण है।

(अ) टेबल पर रखी किताब (ब) पार्किंग में खडी कार

(स) विद्यालय में लटकी घंटी (द) उडती हुई पतंग

159. आपके विद्यालय से घर जाते समय, अचानक मौसम खराब होने से तड़ित झंझावत की स्थिति बन जाती है। ऐसे में आप अपना बचाव कैसे करेंगे?

(अ) किसी बड़े पेड़ के नीचे आश्रय लेंगे। (ब) खुले स्थान पर जाकर खड़े हो जाऐंगे।

(स) जमीन पर लेट जाऐंगे। (द) किसी बंद भवन में शरण लेंगे।

160. मक्की की फसल को खोदते समय खेत में रामू के पिताजी को सांप ने काट लिया। ऐसी परिस्थिति में आप रामू को क्या करने की सलाह देंगे–

(अ) गाँव के भोपे से झाड़ा डलवाने की।

(ब) तेजाजी के मन्दिर ले जाने की।

(स) तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल ले जाने की।

(द) इनमें से कोई नहीं।

161. गर्मियों में वनों में अचानक आग लग जाती है, इसका क्या कारण है?

(अ) ग्रामवासियों की लापरवाही। (ब) वृक्षों की पत्तियों का अत्यंत सूखा होना।

(स) घास का उच्च ऊष्मीय ताप। (द) उपर्युक्त सभी।

162. केलाइडोस्कोप में तरह–तरह के पैटर्न बनाने के लिए उपयोग किए जाते –

(अ) एक दूसरे के समान्तर रखे दर्पण। (ब) एक दूसरे से किसी कोण पर रखे दर्पण।

(स) अ व ब दोनो। (द) एक दूसरे से सटाकर रखे दर्पण।

163. निम्न विद्युत परिपथ में ABC का सही क्रम है–




(अ) सेल, कुंजी, बल्ब (ब) कुंजी, बल्ब, सेल (स) बल्ब, सेल, कुंजी (द) सेल, बल्ब, कुंजी

164. निम्न विद्युत परिपथ की स्थिति बताइए।



(अ) खुला परिपथ (ब) बंद परिपथ (स) अ व ब दोनों द) इनमें से कोई नहीं

165. अम्ल + क्षार → ............. + जल। इस अभिक्रिया को पूर्ण करने के लिए उचित क्रियाफल होगा।

(अ) अम्ल (ब) क्षार (स) लवण (द) उपर्युक्त सभी

166. निम्नलिखित में से जीवाश्म ईंधन का सही युग्म है –

(अ) कोयला, गोबर के कंडे (ब) कोयला, पेट्रोलियम

(स) पेट्रोलियम, लकड़ी (द) लकड़ी, कोयला

167. दी गई सारणी में परावर्तन कोण r का मान होगा–

| क्र.सं. | आपतन कोण i | परावर्तन कोण r |
|---|---|---|
| 1. | $25^0$ | |
| 2. | $30^0$ | |

(अ) $30^0$ $25^0$ (ब) $25^0$ $30^0$ (स) $30^0$ $40^0$ (द) $25^0$ $35^0$

168. नीचे दिए गए चित्र में किस प्रकार का परावर्तन दर्शाया गया है–



(अ) नियमित परावर्तन (ब) विसरित परावर्तन

(स) आंशिक परावर्तन (द) पूर्ण परावर्तन

169. $90^0$ के कोण पर दर्पणों को रखने से बनने वाले प्रतिबिम्बों की संख्या होगी–

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 5

170. कितने डिग्री के कोण पर दर्पणों को रखने पर तीन प्रतिबिम्ब प्राप्त होते है–

(अ) $90^0$ (ब) $60^0$ (स) $45^0$ (द) $30^0$

171. जब प्रकाश की किरण सघन माध्यम से विरल माध्यम में प्रवेश करती है तो आपतन कोण का मान अपवर्तन कोण के मान से होगा–

(अ) बड़ा (ब) छोटा (स) समान (द) अनियमित

172. जब प्रकाश की किरण वायु से काँच की सिल्ली में प्रवेश करती है तो अपवर्तित किरण में अभिलंब से विचलन होगा–

(अ) अभिलंब की ओर झुक जाना। (ब) अभिलंब से दूर हट जाना।

(स) बिना विचलित हुए सीधी निकल जाना। (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

173. अपवर्तनांक का मात्रक है–

(अ) डिग्री (ब) न्यूटन (स) कैलोरी (द) मात्रक रहित

174. जल वोल्टामीटर के मॉड्ल निर्माण में अपने परिवेश में उपलब्ध आवश्यक सामग्री का समूह है।

(अ) प्लास्टिक की बोतल, कार्बन की छड़, मोम, सेल, परखनली, माचिस, तार, साधारण पानी

(ब) तार, पानी, बैटरी, लोहे का मग, लकडी का बुरादा

(स) काँच को बोतल, कार्बन की छड़, लोहे का बुरादा

(द) लकड़ी का मग, काँच की गिलास, कार्बन की छड़

175. आप किस मॉडल द्वारा सिद्ध करोगे कि जल में हाइड्रोजन व ऑक्सीजन का अनुपात 2:1 होता है –

(अ) थर्मामीटर (ब) बेरोमीटर (स) जल वोल्टामीटर (द) गेल्वेनोमीटर

176. स्टैथेस्कोप के मॉडल निर्माण में आवश्यक सामग्री है–

(अ) गेंद (ब) कीप (स) बीकर (द) नपना ग्लास

177. रूमाल पर ब्लॉक प्रिन्टिंग करने में कौन–कौन सी दो सब्जियों का प्रयोग करोगे–

(अ) आलू, भिण्डी (ब) ग्वारफली, केर कुमटी

(स) मोगरी, पालक (द) बथुआ, धनिया

178. फिरकनी के मॉड्ल द्वारा आप किसका ज्ञान प्राप्त करते हैं–

(अ) मनोरंजन का (ब) जल के प्रवाह का

(स) पूर्व पश्चिम दिशा का (द) वायु की दिशा का

179. आनुवांशिकी के जनक कौन थे–

(अ) पी. माहेश्वरी (ब) बीरबल साहनी (स) मेंडल (द) हरगोविंद खुराणा

180. सावित्री बाई फुले ने किस रोग निवारण हेतु कार्य किया–

(अ) प्लेग (ब) मलेरिया (स) रेबीज (द) हैजा

181. कल्पना चावला किस रूप में जानी जाती है–

(अ) वीरांगना के रूप में। (ब) प्रथम भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री के रूप में।

(स) संगीतकार के रूप में। (द) पर्वतारोही के रूप में

182. मिसाइल मेन के नाम से जाने जाते हैं–

(अ) सी.वी. रमन (ब) ए.पी.जे.अब्दुल कलाम

(स) विक्रम सारा भाई (द) डॉ. हॉमी जहागीर भाभा

183. राष्ट्रीय विज्ञान दिवस किस वैज्ञानिक की खोज की याद में मनाया जाता है–

(अ) सी.वी.रमन (ब) गैलेलियो (स) न्यूटन (द) मेंडल

184. गुरूत्वाकर्षण बल एवं गति के नियम की खोज किस वैज्ञानिक ने की–

(अ) जगदीश चन्द्र बोस (ब) शिप्रा गुहा मुखर्जी

(स) सर.आईज़ेक न्यूटन (द) मैडम क्यूरी

185. सामाजिक पर्यावरण का मुख्य घटक है–

(अ) मानव समाज (ब) जैविक घटक (स) अजैविक घटक (द) इनमें से कौई नहीं

186. राजस्थान के खेजडी ग्राम में पर्यावरण संरक्षण हेतु किस महिला द्वारा बलिदान दिया गया–

(अ) सीता देवी (ब) राधा देवी (स) भगवती देवी (द) अमृता देवी

187. राजसमंद जिले के पिपलांत्री ग्राम में पुत्री जन्म के उपलक्ष्य पर ग्राम वासियों द्वारा कितने पौधे लगाये जाते हैं–

(अ) 111 (ब) 101 (स) 1001 (द) 11

188. राजस्थान में संकटापन्न प्रजाति गोडावन के संरक्षण के लिए आप कौन से उपाय को उचित मानते है–

(अ) आखेट पर प्रतिबंध (ब) संवर्धन हेतु अनुसंधान

(स) जन जागरूकता (द) उपर्युक्त सभी

189. जैव विविधता के संरक्षण के लिए बनाये गये नियम व कारकों का पालन करने हेतु आप समाज में क्या उपाय करेंगे–

(अ) लोगों को प्रेरित करना। (ब) समूहों का निर्माण करना।

(स) जनजागृति उत्पन्न करना। (द) उपर्युक्त सभी

190. दुर्लभ एवं लुप्त हो रही प्रजातियों का मुख्य कारण है–

(अ) प्राकृतिक एवं मानव जनित गतिविधियाँ (ब) सरकारी योजनाएँ

(स) प्राकृतिक कारण (द) मानव जनित कारण

191. कार्बन के अपररूप का उदाहरण है–

(अ) लोहा (ब) हीरा (स) पन्ना (द) सोना

192. हीरा व ग्रेफाइट की संरचना में एक मुख्य अंतर कौनसा है–

(अ) हीरा अत्यन्त कठोर, ग्रेफाइट कोमल।

(ब) हीरा त्रिविमीय, ग्रेफाइट षटकोणीय।

(स) हीरा कुचालक, ग्रेफाइट सुचालक।

(द) हीरा आभूषण में उपयोग, ग्रेफाइट पेंसिल में उपयोग।

193. कार्बन क्रिस्टलीय व अक्रिस्टलीय अपररूप का सही युग्म है–

(अ) हीरा, फुलरीन (ब) हीरा, काजल (स) चारकोल, ग्रेफाइट (द) कोयला, चारकोल

194. कोयले का वह प्रकार जिसमें कार्बन की मात्रा न्यूनतम है।

(अ) पीट (ब) लिग्नाइट (स) बिटुमनी (द) एन्थ्रासाइट

195. पेट्रोलियम के प्रभावी आसवन में निकलने वाला वाष्पशील पदार्थ है।

(अ) मोम (ब) डामर (स) पेट्रोल (द) स्नेहक तेल

196. दिया गया आदेशात्मक चिह्न यातायात के किस आदेश की पालना करने को निर्देशित करता है–



(अ) सीधा प्रवेश
(ब) यू–टर्न मुड़ना
(स) सीधा प्रवेश निषेध
(द) हॉर्न बजाना निषेध

197. सोनू एक चौराहे पर खड़ा है उसे सड़क के उस पार जाना है ट्रेफिक लाइट की हरी बत्ती चालू है उसे क्या करना चाहिए –

(अ) रूक जाना चाहिए
(ब) सड़क को पार करना चाहिए।
(स) लाल बत्ती जलने का इंतजार करना चाहिए।
(द) पीली बत्ती जलने का इंतजार करना चाहिए।

198. वाहनों में उत्तल दर्पण का उपयोग पार्श्व दर्पण के रूप में किया जाता है। इसका कारण है–

(अ) उत्तल दर्पण का दृष्टि क्षेत्र अधिक होता है।
(ब) उत्तल दर्पण से प्रतिबिंब हमेशा सीधा बनता है।
(स) उत्तर दर्पण से प्रतिबिंब हमेशा छोटा बनता है।
(द) उपर्युक्त सभी

199. सुनिल मोटर साइकिल चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। ट्रेफिक पुलिस ने उसका चालान काट दिया। चालान बनाने का कारण है।

(अ) ट्रेफिक पुलिस वाले से नमस्ते नहीं करना।
(ब) मोबाईल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना।
(स) बहुत तेज आवाज में बात करना।
(द) इनमें से कोई नहीं।

200. गियर वाली गाड़ी के चालन के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की सही आयु है।

(अ) 16 वर्ष
(ब) 17 वर्ष
(स) 18 वर्ष
(द) 21 वर्ष

| उत्तरमाला (विज्ञान) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (स) | 2 (अ) | 3 (अ) | 4 (अ) | 5 (द) |
| 6 (अ) | 7 (स) | 8 (स) | 9 (ब) | 10 (अ) |
| 11 (द) | 12 (द) | 13 (ब) | 14 (अ) | 15 (द) |
| 16 (द) | 17 (अ) | 18 (स) | 19 (ब) | 20 (ब) |
| 21 (ब) | 22 (अ) | 23 (ब) | 24 (ब) | 25 (द) |
| 26 (ब) | 27 (अ) | 28 (स) | 29 (ब) | 30 (ब) |
| 31 (द) | 32 (द) | 33 (अ) | 34 (स) | 35 (द) |
| 36 (स) | 37 (अ) | 38 (ब) | 39 (द) | 40 (द) |
| 41 (अ) | 42 (स) | 43 (अ) | 44 (अ) | 45 (अ) |
| 46 (स) | 47 (स) | 48 (द) | 49 (अ) | 50 (अ) |
| 51 (स) | 52 (द) | 53 (अ) | 54 (अ) | 55 (ब) |
| 56 (अ) | 57 (अ) | 58 (स) | 59 (स) | 60 (द) |
| 61 (ब) | 62 (स) | 63 (अ) | 64 (ब) | 65 (अ) |
| 66 (ब) | 67 (स) | 68 (अ) | 69 (द) | 70 (स) |
| 71 (द) | 72 (ब) | 73 (ब) | 74 (द) | 75 (अ) |
| 76 (स) | 77 (स) | 78 (अ) | 79 (अ) | 80 (अ) |
| 81 (द) | 82 (अ) | 83 (अ) | 84 (अ) | 85 (स) |
| 86 (अ) | 87 (द) | 88 (अ) | 89 (स) | 90 (अ) |
| 91 (द) | 92 (ब) | 93 (अ) | 94 (अ) | 95 (अ) |
| 96 (ब) | 97 (स) | 98 (द) | 99 (स) | 100 (अ) |
| 101 (स) | 102 (अ) | 103 (ब) | 104 (ब) | 105 (अ) |
| 106 (द) | 107 (ब) | 108 (अ) | 109 (ब) | 110 (अ) |
| 111 (ब) | 112 (ब) | 113 (द) | 114 (द) | 115 (द) |
| 116 (अ) | 117 (स) | 118 (ब) | 119 (अ) | 120 (अ) |
| 121 (ब) | 122 (द) | 123 (द) | 124 (अ) | 125 (ब) |
| 126 (ब) | 127 (द) | 128 (द) | 129 (द) | 130 (अ) |
| 131 (द) | 132 (ब) | 133 (ब) | 134 (अ) | 135 (अ) |
| 136 (द) | 137 (अ) | 138 (स) | 139 (अ) | 140 (ब) |
| 141 (स) | 142 (अ) | 143 (ब) | 144 (ब) | 145 (अ) |
| 146 (ब) | 147 (स) | 148 (अ) | 149 (स) | 150 (स) |
| 151 (अ) | 152 (द) | 153 (अ) | 154 (अ) | 155 (अ) |
| 156 (ब) | 157 (स) | 158 (द) | 159 (द) | 160 (स) |
| 161 (द) | 162 (ब) | 163 (स) | 164 (अ) | 165 (स) |
| 166 (ब) | 167 (ब) | 168 (अ) | 169 (ब) | 170 (अ) |
| 171 (ब) | 172 (अ) | 173 (द) | 174 (अ) | 175 (स) |
| 176 (ब) | 177 (अ) | 178 (द) | 179 (स) | 180 (अ) |
| 181 (ब) | 182 (ब) | 183 (अ) | 184 (स) | 185 (अ) |
| 186 (द) | 187 (अ) | 188 (द) | 189 (द) | 190 (अ) |
| 191 (ब) | 192 (ब) | 193 (ब) | 194 (अ) | 195 (स) |
| 196 (स) | 197 (ब) | 198 (द) | 199 (ब) | 200 (स) |

# NAS 2017 कक्षा – 8 विज्ञान

1. निम्नलिखित चार बलों में से कौन–सा बल सम्पर्क बल है?

   **1.** चुम्बकीय बल **2.** स्थिरवैद्युत बल **3.** गुरुत्वाकर्षण बल **4.** घर्षण बल

2. डेविड ने एक कंचे को बिंदु 'अ' से छोड़ा। ढाल से नीचे आने पर कंचा क्षैतिज सतह पर कुछ दूरी तक चला गया। उसने इस क्रियाकलाप को विभिन्न क्षैतिज सतहों पर किया। कंचा किस पदार्थ से बनी सतह पर सबसे अधिक दूर तक जाएगा?




   **1.** ईंट **2.** काँच **3.** सीमेंट **4.** मिट्टी

3. एक कार 2 घंटे में 60 km चलती है। कार की चाल प्रति घंटा है–

   **1.** 120 km/h **2.** 60 km/h **3.** 30 km/h **4.** 20 km/h

4. निम्नलिखित में कौन–सा व्यवहार पर्यावरण हितैषी है?

   **1.** खरीदारी के लिए पॉलिथीन थैले का प्रयोग करना।

   **2.** पूजा के बाद मूर्तियों को जलाशयों में विसर्जित करना।

   **3.** खरीदारी के लिए जूट के थैले का उपयोग करना।

   **4.** प्लास्टिक की बोतलें जलाशयों में फेंकना।

5. पेट्रोल की बचत करने का सबसे अच्छा तरीका है–

   **1.** हमेशा ट्रेफिक सिगनल पर वाहन का इंजन बंद कर देना।

   **2.** ट्रेफिक सिगनल पर वाहन का इंजन कभी भी बंद न करना।

   **3.** वाहन के टायरों में वायु के उचित दाब की चिंता न करना।

   **4.** वाहन को तीव्र गति से चलाना।

6. निम्नलिखित में उदासीनीकरण प्रक्रिया का एक उदाहरण है–

   **1.** अम्ल के विलयन में लिटमस विलयन मिलाना

   **2.** क्षारकीय विलयन में लिटमस का विलयन मिलाना

   **3.** क्षारकीय मृदा में बिना बुझा चूना मिलाना

   **4.** मधुमक्खी के काटने पर कैलेमाइन (जिंक कार्बोनेट) लोशन मलना

7. यदि मानव के लिए पैर और मछली के लिए पख, तो अमीबा के लिए है–

   **1.** पक्ष्माभ **2.** कशाभ **3.** कूटपाद **4.** टैनटेकल (स्पर्शक)

8. एक गैर–सरकारी संगठन ने (एन.जी.ओ.) 'अपना शहर साफ करें' शिविर का आयोजन किया। आयोजक स्वयंसेवकों से अपशिष्टों को इकट्ठा करके और उन्हें छाँट कर विभिन्न वर्गों में रखने के लिए कहते हैं। निम्नलिखित में किस वर्ग में केवल अजैविक निम्नीकरणीय अपशिष्ट हैं?

**1.** जूट के थैले, कागज की प्लेट, कपड़े के थैले

**2.** कागज के कप, प्लास्टिक के चम्मच, डबल रोटी के टुकड़े

**3.** प्लास्टिक की थैलियां, थरमोकोल के कप, ऐलुमिनियम फॉयल

**4.** सूखी पत्तियाँ, कागज के टुकड़े, सब्जियों के छिलके

9. कैक्टस, गुलाब, एवं आलू में अलैंगिक जनन की सामान्य विधि है–

**1.** खंडन **2.** कायिक प्रवर्धन **3.** बीजाणु निर्माण **4.** मुकुलन

10. हम जल बचा सकते हैं–

**1.** टपकते नलों की मरम्मत करके

**2.** ब्रुश करते समय नलों को खुला रखकर

**3.** पोछा लगाने की बजाए फर्शों को धोकर

**4.** कार/मोटर साइकिल/साइकिल को प्रतिदिन धोकर

11. एक शुष्क सेल में कितने इलेक्ट्रोड होते हैं?

**1.** चार **2.** तीन **3.** दो **4.** एक

12. निम्नलिखित में से कौन सी युक्ति विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव पर आधारित है?

**1.** विद्युततापक (हीटर) **2.** विद्युत इस्त्री **3.** विद्युत बल्ब **4.** विद्युत घंटी

13. निम्नलिखित में से कौन–सा रेशा गरम करने पर पिघलता है?

**1.** ऊन **2.** कपास **3.** नाइलॉन **4.** रेशम

14. कुछ सूक्ष्म जीव ऐसे पदार्थ उत्पन्न करते हैं जो दूसरे सूक्ष्म जीवों को मार देते हैं। वे पदार्थ हैं–

**1.** प्रतिजैविक **2.** विष **3.** टीका **4.** एंटीजन

15. निम्न में कौन–सी क्रिया गुरुत्वाकर्षण बल के कारण होती है?

**1.** एक आवेशित पिंड दूसरे आवेशित पिंड को प्रतिकर्षित करता है।

**2.** एक गेंद का ग्राउंड पर लुढ़ककर धीरे होना और फिर अपने आप रुक जाना।

**3.** इंजन के बंद करने पर स्कूटर का रुक जाना।

**4.** एक गेंद का ऊपर की तरफ फैंकने पर एक अधिकतम दूरी तक जाना और फिर वापिस नीचे आना।

16 मेध ने एक फुलाए हुए गुब्बारे को संश्लेषित कपड़े के टुकड़े से रगड़ा। जब उसने इस गुब्बारे को एक दीवार पर दबाया तो गुब्बारा दीवार से थोड़ी देर तक चिपका रहा। इसका कारण है–

**1.** गुरूत्वाकर्षण बल **2.** स्थिरवैद्युत बल **3.** पेशीय बल **4.** चुम्बकीय बल

17 निम्नलिखित में से कौन दाब, बल तथा क्षेत्रफल के बीच सही संबध को व्यक्त करता है?

**1.** $\text{दाब (P)} = \dfrac{\text{बल (F)}}{\text{सम्पर्क क्षेत्रफल (A)}}$ **2.** $\text{बल (F)} = \dfrac{\text{दाब (P)}}{\text{सम्पर्क क्षेत्रफल (A)}}$

**3.** $\text{सम्पर्क क्षेत्रफल (A)} = \dfrac{\text{दाब (P)}}{\text{बल (F)}}$ **4.** $\text{दाब (P)} = \dfrac{\text{सम्पर्क क्षेत्रफल (A)}}{\text{बल (F)}}$

18 मृदा के एक नमूने से 300 ml जल को रिसने में 30 मिनट लगे। जल की इस मृदा से रिसने की दर है–

**1.** 10 ml प्रति मिनट
**2.** 30 ml प्रति मिनट
**3.** 300 ml प्रति मिनट
**4.** 900 ml प्रति मिनट

19 हमें कपड़े धोने के बाद जल का पुनः प्रयोग करना चाहिए। निम्नलिखित में से कौन सा जल के पुनः प्रयोग के लिए उपयुक्त नहीं है।

**1.** बरामदा साफ करने में
**2.** पौधे को देने के लिए
**3.** वाहनों को धोने के लिए
**4.** फर्श पर पौंछा लगाने के लिए

20 निम्नलिखित रासायनिक समीकरण को पढ़िए और अ और ब को पहचानिए।

लोहा + कॉपर सल्फेट $\rightarrow$ फैरस सल्फेट ($FeSO_4$) + कॉपर मुक्त (Cu)

**1.** आयरन (Fe) + कॉपर (Cu)

**2.** आयरन सल्फेट ($FeSO_4$) + कॉपर (Cu)

**3.** आयरन (Fe) + कॉपर सल्फेट ($CuSO_4$)

**4.** आयरन सल्फेट ($FeSO_4$) + कॉपर सल्फेट ($CuSO_4$)

21 निम्नलिखित में से कौन–सा रेशा पैराशूट बनाने में उपयोग किया जाता है?

**1.** पॉलिथिन
**2.** नाइलॉन
**3.** सूती
**4.** जूट

22 अपने आस–पास सफाई रखने के लिए हमें–

**1.** पॉलीथिन सड़क के किनारे फेंकना चाहिए।

**2.** कचरे के डिब्बे में कचरा डालना चाहिए।

**3.** केले के छिलके सड़क पर फेंकने चाहिए।

**4.** बचा हुआ भोजन नाली में डालना चाहिए।

23 मानव जनन के उचित घटना क्रम का चयन कीजिए।

**1.** युग्मक बनाना, निषेचन, युग्मनज, भ्रूण

**2.** भ्रूण, युग्मनज, निषेचन, युग्मक बनाना

**3.** निषेचन, युग्मक बनाना, भ्रूण, युग्मनज

**4.** युग्मक बनाना, निषेचन, भ्रूण, युग्मनज

24 नीचे दिए गए चित्र का निरीक्षण कीजिए–




शिशु–I एवं शिशु–II का लिंग क्या होगा?

**1.** दोनों नर होंगे। **2.** दोनों मादा होंगी।

**3.** शिशु–I मादा होगी एवं शिशु–II नर होगा। **4.** शिशु–I नर होगा एवं शिशु–II मादा होगी।

25 हमें अधिक वृक्ष लगाने चाहिए क्योंकि ये –

**1.** वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा को कम करते हैं।

**2.** वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि करते हैं।

**3.** वायुमंडल के तापमान मे वृद्धि करते हैं।

**4.** पृथ्वी पर वर्षा की मात्रा को कम करते हैं।

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–8

# विषय – सामाजिक विज्ञान

# सामाजिक विज्ञान (भूगोल)

1. निम्नलिखित फसल समूह में से रबी की फसल का समूह है–

(अ) गेहूँ, चना, सरसों (ब) ज्वार, मक्का, गेहूँ (स) मक्का, गेहूँ, चना (द) ज्वार, चना, मक्का

2. निम्नलिखित पड़ोसी देशों के समूह में से भारत के पड़ोसी देशों का सही समूह है–

(अ) चीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, नेपाल (ब) मंगोलिया, रूस, नेपाल, भूटान

(स) पाकिस्तान, रूस, कनाडा, भूटान (द) नेपाल, चीन, पाकिस्तान, रूस

3. निम्नलिखित उद्योगों मे वृहद् पैमाने के उद्योगों में सम्मिलित नहीं है–

(अ) लोह इस्पात उद्योग (ब) चीनी उद्योग (स) सीमेंट उद्योग (द) पापड़ उद्योग

4. वायुमंडल की वह परत जिसमें मौसम के परिवर्तन जैसे बादलों का बनना, वर्षा होना, आँधी तूफान आदि घटनाएँ होती है–

(अ) समताप मण्डल (ब) क्षोभ मण्डल (स) आयन मण्डल (द) मध्य मण्डल

5. वायुमंडल में उपस्थित गैसों मे क्रमशः नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, आर्गन एवं कार्बनडाइऑक्साइड का प्रतिशत है–

(अ) (1) 78.08% (2) 20.95% (3) 0.93% (4) 0.03%

(ब) (1) 20.95% (2) 78.08% (3) 0.03% (4) 0.95%

(स) (1) 0.93% (2) 78.08% (3) 20.95% (4) 0.03%

(द) (1) 78.08% (2) 0.03% (3) 0.93% (4) 20.95%

6. वायुमंडल की वह परत जिससे पृथ्वी से प्रसारित होने वाली रेडियो संचार तंरगे इसी परत से परावर्तित होकर पुनः पृथ्वी पर लौट आती है–

(अ) समताप मण्डल (ब) क्षोभ मण्डल (स) आयन मण्डल (द) मध्य मण्डल

7. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य का सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला है–

(अ) जालौर (ब) कोटा (स) बाँसवाड़ा (द) उदयपुर

8. 'लू' क्या है–

(अ) लकड़ी का एक घर (ब) ग्रीष्मऋतु में थार मरूस्थल में चलने वाली गर्म हवा

(स) कोहरा (द) समुद्री धारा

9. निम्न में से राजस्थान में बहने वाली नित्यवाही नदी है–

(अ) गंगा (ब) चंबल (स) कावेरी (द) कृष्णा

10. राजस्थान के किस जिले में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित है–

(अ) कोटा (ब) उदयपुर (स) जयपुर (द) चितौडगढ़

11. यदि आपको पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने को कहा जाए तो आप निम्न में से किस जिले का चयन करेंगे जो संयंत्र स्थापित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त हो–

(अ) जैसलमेर (ब) कोटा (स) भरतपुर (द) जयपुर

12. राजस्थान के किस जिले से कोयला प्राप्त होता है–

(अ) बीकानेर (ब) उदयपुर (स) अजमेर (द) कोटा

13. निम्न खनिज समूह में से राजस्थान के एकाधिकार वाले खनिज समूह को छांटिये–

(अ) वोलेस्टोनाइट, जस्ता, जास्पर (ब) सोना, ताँबा, लोहा

(स)लोहा, कोयला, सोना (द) सोना, हीरा, सीसा

14. जैवमंडल में सम्मिलित किया जाता है–

(अ) जलमंडल, वायुमंडल, स्थलमंडल (ब) जलमंडल, स्थलमंडल

(स) स्थलमंडल (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. राजस्थान की सबसे प्राचीन जनजाति है–

(अ) मीणा (ब) गरासिया (स) नायक (द) भील

16. खनिज निष्कर्षण की विधियों में सम्मिलित नहीं है–

(अ) खनन (ब) प्रवेधन (स) आखनन (द) प्रवाह

17. यदि आप को सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने को कहा जाए जो आप निम्न जिले का चयन करेंगे–

(अ) जैसलमेर (ब) कोटा (स) बाँसवाड़ा (द) भरतपुर

18. राजस्थान की वस्त्र नगरी कहा जाता है–

(अ) भीलवाड़ा (ब) उदयपुर (स) जयपुर (द) कोटा

19. तीव्र औद्योगिक विकास एवं रोजगार के साधनों में वृद्धि के उद्देश्य से विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों का निर्माण किया जाता है जिन्हें सेज (SEZ) कहते हैं। राजस्थान में ये किस जिले में है–

(अ) सीतापुरा (जयपुर) (ब) उदयपुर (स) कोटा (द) झालावाड़

20. निम्न में से आंतरिक प्रवाह क्रम में सम्मिलित नदी है–

(अ) गंगा (ब) बनास (स) यमुना (द) घग्घर

21. जीवन निर्वाह कृषि में निम्न तथ्यों में से सम्मिलित नहीं है–

(अ) यह परिवार के भरण पोषण हेतु की जाती है।

(ब) यह जीवन निर्वाह के लिए की जाती है।

(स) यह वाणिज्यिक उद्देश्य से की जाती है।

(द) निर्वाह कृषि में स्थानान्तरिक कृषि एवं चलवासी पशुचारण सम्मिलित है।

22. राजस्थान के किस जिले में सरसों अनुसंधान केन्द्र स्थित है–

(अ) भरतपुर (ब) जोधपुर (स) पाली (द) कोटा

23. निम्न में से धात्विक खनिज है–

(अ) सोना (ब) अभ्रक (स) चूना पत्थर (द) संगमरमर

24. खनिजों का अजायबघर कहा गया है–

(अ) राजस्थान (ब) गुजरात (स) झारखंड (द) कर्नाटक

25. वह रेखा जो पृथ्वी को दो बराबर भागों मे विभाजित करती है–

(अ) कर्क रेखा (ब) भूमध्य रेखा (स) मकर रेखा (द) मानक रेखा

26. विश्व का एक मात्र वृक्ष मेला लगता है–

(अ) जोधपुर के खेजड़ली गाँव में (ब) राजसमंद के पिपंलान्त्री गाँव में

(स) सिरोही जिले में सलकानी गाँव (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. राजस्थान को भू–संरचना के आधार पर बाँटा जा सकता है–

(अ) चार भागों में (ब) पाँच भागों में

(स) सात भागों में (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

28. सप्तर्षि मंडल होता है–

(अ) नक्षत्र मंडल (ब) तारों का समूह (स) सात तारों का समूह (द) आकाश गंगा

29. पृथ्वी पर दिन–रात बनते हैं–

(अ) वार्षिक परिक्रमण गति के कारण (ब) दैनिक घूर्णन गति के कारण

(स) गुरूत्वाकर्षण के कारण (द) सूर्यग्रहण के कारण

30. कृषि आधारित उद्योग है–

(अ) शक्कर उद्योग (ब) चमड़ा उद्योग (स) सीमेंट उद्योग (द) आभूषण निर्माण

31. भारत एशिया महाद्वीप के किस दिशा में स्थित है ?

(अ) पूर्व दिशा (ब) पश्चिम दिशा (स) उत्तर दिशा (द) दक्षिण दिशा

32. राजस्थान के थार मरूस्थल के अंतर्गत आने वाले जिले हैं–

(अ) झालावाड़, बारां (ब) सिरोही, उदयपुर (स) कोटा, बूंदी (द) बाड़मेर, जैसलमेर

33. 'इग्लू' का तात्पर्य है–

(अ) बर्फ के घर (ब) बर्फ के ढके वृक्ष (स) मिट्टी के मकान (द) घास की झोंपड़ी

34. देश का सबसे बडा सरसों उत्पादन राज्य है–

(अ) राजस्थान (ब) हरियाणा (स) मध्यप्रदेश (द) गुजरात

35. वन विनाश का कारण नहीं है–

(अ) अम्ल वर्षा (ब) खनन एवं औद्योगीकरण

(स) वनों की व्यापारिक कटाई (द) वृक्षारोपण

36. मासिनराम एवं चेरापूंजी स्थान प्रसिद्ध है–

(अ) विश्व में सर्वाधिक खनिजों के लिए (ब) विश्व में सर्वाधिक वर्षा के लिए

(स) विश्व में सर्वाधिक वनों के लिए (द) विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या के लिए

37. जायद की फसल बोयी जाती है–

(अ) अक्टूबर, नवंबर (ब) जुलाई, जून (स) दिसंबर, जनवरी (द) अप्रेल, मई

38. चंबल की प्रमुख सहायक नदी है–

(अ) माही (ब) लूनी (स) बनास (द) जवाई

39. राजस्थान में पूर्णतः बहने वाली नदी है–

(अ) माही (ब) बनास (स) गंगा (द) लूनी

40. वर्तमान में ग्रहों की संख्या है–

(अ) 9 (ब) 8 (स) 10 (द) 12

41. 'मूँगा' है–

(अ) एक प्रकार का समुद्री जीव (ब) मृदा का एक प्रकार

(स) एक प्रकार का जंतु (द) फसल का एक प्रकार

42. मेरियाना गर्त अवस्थित है–

(अ) प्रशांत महासागर में (ब) हिंद महासागर में

(स) आर्कटिक महासागर में (द) अरब सागर में

43. पृथ्वी की गतियों में सम्मिलित है–

(अ) घूर्णन गति (ब) परिक्रमण गति

(स) उपर्युक्त दोनों (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. भूकंप की तीव्रता मापने का यंत्र है–

(अ) सिस्मोग्राफ (ब) तापमापी (स) थर्मामीटर (द) एनीमोमीटर

45. राजस्थान के सर्वाधिक एवं न्यून जनसंख्या घनत्व वाले जिले क्रमशः है–

(अ) जयपुर, जैसलमेर (ब) उदयपुर, बाड़मेर (स) कोटा, बांरा (द) झालावाड, हनुमानगढ़

46. नदी घाटी परियोजनाओं को आधुनिक भारत के मंदिर किसने कहा–

(अ) महात्मा गांधी (ब) पंडित जवाहर लाल नेहरू

(स) इंदिरा गांधी (द) नरेंद्र मोदी

47. विश्व के सबसे ऊँचे पर्वत माउंट एवरेस्ट की ऊँचाई है–

(अ) 8848 मीटर (ब) 7484 मीटर (स) 5484 मीटर (द) 6888 मीटर

48. 'गोखुर झील' आकृति है–

(अ) पवन द्वारा बनी (ब) नदी द्वारा बनी (स) हिम द्वारा बनी (द) समुद्र द्वारा बनी

49. थार मरूस्थल में पाई जाने वाली वनस्पति समूह में सम्मिलित सही समूह का चयन करें–

(अ) खेजड़ी, कीकर, बबूल (ब) सागवान, देवदार, नीम

(स) बाँस, सागवान, शीशम (द) देवदार, नीम, सागवान

50. निम्नांकित नदियों में से अरब सागरीय प्रवाह क्रम वाली नदी है–

(अ) लूनी (ब) गंगा (स) बनास (द) यमुना

51. आप भ्रमण हेतु जाना चाहते हैं आपको बर्फ बहुत पसंद है तो आप निम्न में से भारत के किस राज्य का चयन करेंगे–

(अ) हिमाचल प्रदेश (ब) मध्य प्रदेश (स) राजस्थान (द) गुजरात

52. आप को भारत के समुद्र तटीय क्षेत्र की यात्रा करनी है तो निम्न राज्यों में से आप इस हेतु किस राज्य का चयन करेंगे–

(अ) गोवा (ब) उत्तराखंड (स) राजस्थान (द) मध्य प्रदेश

53. यदि पृथ्वी घूर्णन करना बंद कर दे तो निम्न में से घटना नहीं होगी–

(अ) दिन रात नहीं बनेंगे (ब) वर्षा नहीं होगी

(स) ग्रीष्म ऋतु नहीं होगी (द) शीत ऋतु नहीं होगी

54. काजरी (CAZRI) की स्थापना की गई है–

(अ) जोधपुर में (ब) बाड़मेर में (स) उदयपुर में (द) भरतपुर

55. हमारे देश के राष्ट्रीय प्रतीकों में सम्मिलित सही समूह का चयन करें–

(अ) तिरंगा, अशोक स्तम्भ, मोर, जन–गण–मन (ब) तिरंगा, साँप, नीम, आग

(स) कोयल, तिंरगा, कबूतर, कमल (द) हॉकी, कबूतर, कमल, गुलाब

56. उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक खींची जाने वाली रेखाएं कहलाती है–

(अ) अक्षांश रेखा (ब) देशांतर रेखा (स) कर्क रेखा (द) भूमध्य रेखा

57. निम्न रेखा को अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के नाम से जाना जाता है–

(अ) $180^0$ पूर्वी देशांतर तथा $180^0$ पश्चिमी देशांतर रेखा को

(ब) $180^0$ उत्तरी देशांतर तथा $180^0$ दक्षिणी देशांतर रेखा को

(स) $180^0$ पूर्वी अक्षांश तथा $180^0$ पश्चिमी अक्षांश रेखा को

(द) $180^0$ उत्तरी अक्षांश तथा $180^0$ दक्षिणी अक्षांश रेखा को

58. हमारे देश की पहली अंतरिक्ष वेधशाला 'एस्ट्रोसेट' को प्रक्षेपित किया गया–

(अ) नवंबर 2013 (ब) सितंबर, 2014 (स) अक्टूबर, 2015 (द) अक्टूबर, 2008

59. पृथ्वी द्वारा ऊर्जा के निष्कासन का प्राकृतिक ढँग है–

(अ) तुफान (ब) ज्वालामुखी (स) बाढ़ (द) आग

60. माही नदी की "माही बजाज सागर परियोजना" निम्न जिले में स्थित है–

(अ) बाँसवाड़ा (ब) गंगानगर (स) राजसमंद (द) चित्तौडगढ़

61. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में स्थान है–

(अ) पहला (ब) दूसरा (स) तीसरा (द) चौथा

62. राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान आपदा केंद्र अवस्थित है–

(अ) नई दिल्ली (ब) कोलकाता (स) चेन्नई (द) मुम्बई

63. राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया–

(अ) 1956 (ब) 1962 (स) 1954 (द) 1960

64. अत्यधिक शोर जिससे हमारी दिनचर्या बाधित हो और सुनने में अप्रिय लगे कहलाता है–

(अ) रेडियोधर्मी प्रदूषण (ब) वायु प्रदूषण (स) ध्वनि प्रदूषण (द) भूमि प्रदूषण

65. स्थानांतरित कृषि ''वालरा'' राजस्थान के जिस क्षेत्र में की जाती है वह है–

(अ) पूर्वी राजस्थान (ब) परिश्चमी राजस्थान (स) उत्तरी राजस्थान (द) दक्षिणी राजस्थान

66. प्रतिवर्ष जल दिवस मनाया जाता है–

(अ) 22 मार्च (ब) 5 जून (स) 1 दिसंबर (द) 30 मार्च

67. वायु की गति बताने वाले यंत्र को कहते हैं–

(अ) लेक्टोमीटर (ब) सिस्मोग्राफ (स) थर्मामीटर (द) एनीमोमीटर

68. 50 रूपये की नए नोट के पृष्ठ भाग पर तस्वीर है–

(अ) लाल किले की (ब) हम्पी की (स) सांची के स्तूप की (द) रानी की वाव की

69. विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है–

(अ) एशिया (ब) अफ्रीका (स) आस्ट्रेलिया (द) यूरोप

70. ग्रीन हाउस प्रभाव में सबसे अधिक योगदान देने वाली गैस है–

(अ) कार्बन डाइ ऑक्साइड (ब) ओजोन

(स) ऑक्सीजन (द) नाइट्रोजन

71. 'भविष्य का सोना' या 'नीला सोना' कहाँ जा सकता है–

(अ) हवा को (ब) साफ जल को (स) भूमि को (द) वन को

72. वह सार्वजनिक भूमि जिस पर पशुओं को चराया जाता है कहा जाता है–

(अ) बंजर भूमि (ब) उद्यान भूमि (स) चारागाह भूमि (द) कृषि भूमि

73. औद्योगिक आपदा रोकने के उपाय है–

(अ) कारखानों में सुरक्षा निरीक्षण के द्‌वारा (ब) प्रबंध तंत्र के द्‌वारा

(स) दुर्घटना जाँच द्‌वारा (द) उपर्युक्त सभी

74. विश्व में संकटग्रस्त प्रजातियों की सूची को कहा जाता है–

(अ) नीली आँकड़ा किताब (ब) पीली आँकड़ा किताब

(स) लाल आँकड़ा किताब (द) सफेद आँकड़ा किताब

75. निम्न में से औद्योगिक आपदा औद्योगिक दुर्घटना के कारण है–

(अ) तकनीकी कारण (ब) वैयक्तिक कारण

(स) सुरक्षा नियमों की उपेक्षा (द) उपर्युक्त सभी

## सामाजिक विज्ञान (भूगोल)

## उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (अ) | 2 (अ) | 3 (द) | 4 (ब) | 5 (अ) |
| 6 (स) | 7 (ब) | 8 (ब) | 9 (ब) | 10 (द) |
| 11 (अ) | 12 (अ) | 13 (अ) | 14 (अ) | 15 (द) |
| 16 (द) | 17 (अ) | 18 (अ) | 19 (अ) | 20 (द) |
| 21 (स) | 22 (अ) | 23 (अ) | 24 (अ) | 25 (ब) |
| 26 (अ) | 27 (अ) | 28 (स) | 29 (ब) | 30 (अ) |
| 31 (द) | 32 (द) | 33 (अ) | 34 (अ) | 35 (द) |
| 36 (ब) | 37 (द) | 38 (स) | 39 (ब) | 40 (ब) |
| 41 (अ) | 42 (अ) | 43 (स) | 44 (अ) | 45 (अ) |
| 46 (ब) | 47 (अ) | 48 (ब) | 49 (अ) | 50 (अ) |
| 51 (अ) | 52 (ब) | 53 (अ) | 54 (अ) | 55 (अ) |
| 56 (ब) | 57 (अ) | 58 (स) | 59(ब) | 60 (अ) |
| 61 (ब) | 62(अ) | 63 (स) | 64 (स) | 65 (द) |
| 66 (अ) | 67 (द) | 68 (ब) | 69 (स) | 70 (अ) |
| 71 (ब) | 72 (स) | 73 (द) | 74(स) | 75 (द) |

# सामाजिक विज्ञान (राजनीतिक जीवन)

1. भारत में मौलिक अधिकारों की गांरटी दी जाती है–

(अ) समानता के अधिकार से (ब) शोषण के विरूद्ध अधिकार

(स) संवैधानिक उपचारों का अधिकार (द) शैक्षिक और सांस्कृतिक अधिकार

2. किस अधिकार के अनुसार उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय किसी भी व्यक्ति को न्यायालय में हाजिर करने का अधिकार देता है–

(अ) प्रत्यक्षीकरण (ब) पृच्छा (स) बन्दी प्रत्यक्षीकरण (द) उत्प्रेषण लेख

3. कौनसा आदर्श वाक्य हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के अंदर लिखा है–

(अ) सत्यम् शिवम् (ब) सत्यम् सर्वता सुन्दरम्

(स) सत्यमेव जयते (द) जय हिन्द

4. निम्नलिखित में से संविधान के अनुच्छेद 15 भेदभाव सम्बन्धी कानून के अंदर शामिल नहीं है–

(अ) जन्म स्थान (ब) वंश (स) भाषा (द) जाति

5. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को किसके द्वारा पद मुक्त किया जा सकता है ?

(अ) राष्ट्रपति (ब) संसद

(स) केंद्रीय मंत्रिमंडल (द) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

6. 12 वर्ष के बच्चे को उसके पिता द्वारा विद्यालय नहीं भेजा जा रहा है, कौनसे अधिकार का हनन हो रहा है ?

(अ) समानता के अधिकार (ब) शिक्षा का अधिकार

(स) संवैधानिक उपचार का अधिकार (द) स्वतंत्रता के अधिकार

7. संसद को भंग करने का अधिकार होता है–

(अ) राष्ट्रपति के पास

(ब) विपक्ष के नेता की सहमति से केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा

(स) संसद के दोनों सदनों में प्रस्ताव पारित करके

(द) इनमें से कोई नहीं

8. विद्यार्थी को कार चलाने का शौक पूरा करना है तो कम से कम उसकी आयु होनी चाहिए–

(अ) 14 वर्ष (ब) 18 वर्ष (स) 12 वर्ष (द) 16 वर्ष

9. राज्य की विधानसभाओं के चुनाव किस आधार पर किए जाते हैं ?

(अ) सीमित मताधिकार (ब) एकल संक्रमणीय मत

(स) आनुपातिक प्रतिनिधित्व (द) वयस्क मताधिकार

10. निम्नलिखित किस राज्य में एक विधान परिषद् है–

(अ) बिहार (ब) उड़ीसा (स) पश्चिमी बंगाल (द) पंजाब

11. यदि आप सेना में जाना चाहते है तो सैन्य शिक्षा हेतु जुड़ सकते है–

(अ) प्रादेशिक सेना से (ब) स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप से

(स) अर्द्धसैनिक बल से (द) एन.सी.सी.से

12. लोकसभा और राज्य सभा मे सदस्यों की भारत के संविधान में बताई गई अधिकतम संख्या क्या है ?

(अ) 500 और 250 (ब) 525 और 270 (स) 573 और 275 (द) 545 और 250

13. निम्न में से भारत के संविधान की प्रस्तावना मे वर्णित नहीं है ?

(अ) न्याय (ब) भाईचारा (स) वयस्क मताधिकार (द) समानता

14. किसी क्षेत्र को अनुसूचित जाति और जनजाति क्षेत्र घोषित करने का अधिकार किसे है–

(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमन्त्री (स) मंत्रिपरिषद् (द) मुख्यमंत्री

15. भारत मे कुल उच्च न्यायालय है–

(अ) 18 (ब) 24 (स) 32 (द) 16

16. आपके पिता ने मेहनत कर घर बनाया है उसकी पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीमा करवाएँगे–

(अ) स्वास्थ्य बीमा (ब) यात्रा बीमा (स) मोटर बीमा (द) गृह बीमा

17. मतदान करने की न्यूनतम आयु है–

(अ) 14 वर्ष (ब) 18 वर्ष (स) 11 वर्ष (द) 16 वर्ष

18. यदि आप प्रधानमंत्री बनना चाहते है तो आपकी न्यूनतम आयु होनी चाहिए–

(अ) 18 वर्ष (ब) 25 वर्ष (स) 30 वर्ष (द) 35 वर्ष

19. भारत की सशस्त्र सेनाओं का सुप्रीम कमांडर कौन होता है ?

(अ) सेना का मुख्य अधिकारी (ब) राष्ट्रपति

(स) प्रधानमंत्री (द) महासचिव

20. संविधान में संशोधन किस अनुच्छेद के अन्तर्गत है–

(अ) 368 अनुच्छेद (ब) 365 अनुच्छेद (स) 370 अनुच्छेद (द) 369 अनुच्छेद

21. आपके गाँव में नए संरपच का चुनाव हुआ है, वे संरपच पद पर कार्य करेंगे–

(अ) 5 वर्ष (ब) 10 वर्ष (स) 3 वर्ष (द) 6 वर्ष

22. ब्रिकी कर कौन लगाता है ?

(अ) राज्य सरकार (ब) जिला प्रमुख (स) मेयर (द) सरपंच

23. निम्न में से राष्ट्रीयकृत बैंक है–

(अ) सहकारी बैंक (ब) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(स) ग्रामीण बैंक (द) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

24. परंपराओं, रीति–रिवाजों और धार्मिक मान्यताओं पर आधारित कानून कहलाते हैं–

(अ) अन्तर्राष्ट्रीय कानून (ब) राष्ट्रीय कानून

(स) सामाजिक कानून (द) आर्थिक कानून

25. नगरपालिका के वार्ड का मुखिया कहलाता है –

(अ) अध्यक्ष (ब) पार्षद (स) उपाध्यक्ष (द) महापौर

26. भामाशाह योजना के अंतर्गत परिवार का मुखिया कौन होता है–

(अ) परिवार की महिला (ब) परिवार का पुरूष

(स) परिवार का बड़ी पुत्री (द) परिवार का बड़ा पुत्र

27. किस प्रधानमंत्री ने समाजवाद की विचार धारा को प्रारम्भ किया?

(अ) पंडित जवाहरलाल नेहरू (ब) श्रीमती इंदिरा गांधी

(स) श्री मोरारजी देसाई (द) श्री अटल बिहारी वाजपेयी

28. उपराष्ट्रपति अध्यक्षता करता है–

(अ) लोकसभा की बैठकों की (ब) राज्य सभा की बैठकों की

(स) ससंद की बैठकों की (द) विधानसभा की बैठक की

29. जनरल एक अधिकारी पद है–

(अ) जल सेना (ब) वायु सेना

(स) थल सेना (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

30. निम्नलिखित में से कौनसा मानक चिह्न है–

(अ) आई.एस.आई (ब) एगमार्क (स) एफ.पी.ओ (द) उपर्युक्त तीनों

31. राज्य में बाल अधिकारों के सरंक्षण व पुनर्वास हेतु कार्यरत है–

(अ) कृषि विभाग (ब) वन विभाग

(स) बाल अधिकारिता विभाग (द) इनमें से कोई नहीं

32. निजी संपत्ति पर अधिकार होता है–

(अ) समाज का (ब) व्यक्ति समूह का (स) एक व्यक्ति का (द) दो व्यक्ति का

33. आपके जिले का सबसे बड़ा अधिकारी होता है–

(अ) तहसीलदार (ब) जिला पुलिस अधिकारी

(स) अनुविभागीय अधिकारी (द) कलक्टर (जिलाधीश)

34. निम्नलिखित में से बच्चों के अधिकारों में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है–

(अ) खेलना (ब) मजदूरी करना (स) शिक्षा पाना (द) आश्रय पाना

35. आपके वार्ड की समस्याओं के निराकरण कराने के लिए जिम्मेदार है–

(अ) जिलाधीश (ब) पार्षद (स) सांसद (द) नगरपालिकाध्यक्ष

36. भारतीय संसद का वह अंग जो लोकसभा, राज्यसभा की बैठकों में भाग नहीं लेता है–

(अ) राज्यपाल (ब) प्रधानमंत्री (स) राष्ट्रपति (द) मुख्यमंत्री

37. एक माता–पिता अपनी पुत्री को विद्यालय जाने का अवसर नहीं दे रहे हैं, इस असमानता के पीछे कारण है–

(अ) पूर्वाग्रह (ब) रूढ़िवादिता (स) भेदभाव (द) उपर्युक्त सभी

38. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में पुरूष व स्त्रियों का अनुपात है–

(अ) 1000 : 943 (ब) 1000 : 953 (स) 1000 : 923 (द) 1000 : 963

39. ग्राम न्यायालयों में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करता है–

(अ) सर्वोच्च न्यायालय (ब) उच्च न्यायालय (स) सेशन न्यायालय (द) पारिवारिक न्यायालय

40. 'सूचना के अधिकार' को अस्तित्व में लाने में देश के जिस राज्य का योगदान रहा है, वह है–

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) मध्य प्रदेश (स) राजस्थान (द) हरियाणा

41. डिजिटल इंडिया अभियान किससे संबंधित है–

(अ) ई–गवर्नेन्स (ब) कम्प्यूटर शिक्षा (स) खाद्य शिक्षा (द) ग्रामीण शिक्षा

42. "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना चलाई गई है–

(अ) जनवरी 2015 (ब) फरवरी 2017 (स) फरवरी 2018 (द) जनवरी 2014

43. राज्य सूची मे कुल कितने विषय हैं–

(अ) 97 विषय (ब) 66 विषय (स) 47 विषय (द) 55 विषय

44. कौनसा राजनीतिक अधिकार नहीं है–

(अ) सार्वजनिक पद प्राप्ति का अधिकार (ब) मतदान का अधिकार

(स) शिक्षा का अधिकार (द) चुनाव में सहभागिता का अधिकार

45. किसी पद के लिए होने वाले चुनाव में जब केवल एक उम्मीदवार हो तो वह चुना जाता है–

(अ) मतदान द्वारा (ब) मुखिया द्वारा (स) निर्विरोध (द) मतदाता द्वारा

46. पंचायतों के चुनाव में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए स्थान आरक्षित किए जाने का कारण है–

